राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

तरुणमित्र

www.tarunmitra.in

संपादक- स्वतंत्र कुमार

श्रम ही आधार, खबरों से सरोकार

ठाणे- मुंबई से प्रकाशित

वर्ष - 18 ♦अंक- 136 ♦शनिवार 03 मई 2025 ♦मूल्य : 2 ♦पृष्ठ 8 महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश, मध्यप्रदेश, बिहार से प्रकाशित e-mail-tarun.thana@gmail.com

मनोरंजन क्रांति की अगुवाई करने के लिए तैयार है भारतः मुकेश अंबानी

मुंबई । रिलायंस इंडस्ट्रीज के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक मुकेश अंबानी ने कहा कि भारत सिर्फ एक देश नहीं है, यह कहानियों का समाज है, जहां कहानी सुनाना जीवन का एक तरीका है। उन्होंने कहा कि कथात्मक संरचना भारतीय जीवन शैली के साथ घनिष्ठ रूप से जुड़ी हुई है, और महाकाव्यों से लेकर पौराणिक कथाओं तक, कथात्मक संरचना भारत की विरासत रही है। विषय-वस्तु महत्वपूर्ण है और अच्छी कहानियों का बाजार में हमेशा मूल्य होता है। उन्होंने कहा कि यह एक शाश्वत सिद्धांत है और वैश्विक मनोरंजन का आधार है। भारत मनोरंजन क्रांति की अगुवाई करने के लिए तैयार है। मुकेश अंबानी शुक्रवार को बांद्रा में आयोजित विश्व दृश्य-श्रव्य मनोरंजन शिखर सम्मेलन (वेव्स 2025) को संबोधित कर रहे थे। अंबानी ने अपने संबोधन में मनोरंजन के क्षेत्र में परिवर्तन को प्रेरित करने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की दूरदृष्टि की प्रशंसा की तथा वेव्स शिखर सम्मेलन को भविष्य की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम बताया। अंबानी ने वैश्विक संस्कृति और रचनात्मकता के क्षेत्र में भारत के बढ़ते प्रभाव को भी स्वीकार किया। उन्होंने कहा कि लोग कहते हैं कि मीडिया और मनोरंजन क्षेत्र भारत की 'सॉफ्ट पावर' है, यानी राजनीतिक दायरे से परे इसकी सांस्कृतिक ताकत है, लेकिन हमारा मानना है कि यही भारत की असली ताकत है।

वक्फ संशोधन कानून को लेकर नई याचिका पर सुनवाई से सुप्रीम कोर्ट का इनकार

नई दिल्ली । सुप्रीम कोर्ट ने वक्फ संशोधन कानून को लेकर नयी याचिका पर सुनवाई करने से इनकार कर दिया है। चीफ जस्टिस संजीव खन्ना की अध्यक्षता वाली बेंच ने कहा कि हम इस मामले में केवल पांच याचिकाओं पर सुनवाई करेंगे। याचिकाकर्ता चाहें तो उन मामलों में हस्तक्षेप कर सकते हैं। वक्फ संशोधन कानून को लेकर सुप्रीम कोर्ट पांच मई को सुनवाई करने वाला है। नयी याचिका मोहम्मद सुल्तान ने दायर की थी। इससे पहले केंद्र सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में हलफनामा दाखिल कर वक्फ संशोधन कानून को चुनौती देने वाली याचिकाओं का विरोध करते हुए कहा कि ये संशोधन मौलिक अधिकारों का उल्लंघन नहीं करता है। वक्फ कानून में संशोधन संपत्तियों के धर्मनिरपेक्ष प्रबंधन के लिए है। वक्फ संशोधन कानून किसी भी तरह से संविधान के अनुच्छेद 25 और 26 का उल्लंघन नहीं करता है। ये संशोधन सरकार के कार्यक्षेत्र के तहत किया गया है। जो संपत्तियां पहले से वक्फ के रुप में रजिस्टर्ड हैं, उन्हें बाय यूजर के प्रावधान से कोई असर नहीं पड़ेगा।

राष्ट्रपति ट्रंप ने राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार माइकल वाल्ट्ज को हटाया, विदेशमंत्री मार्को रुबियो को सौंपी जिम्मेदारी

वाशिंगटन । सिग्नल ऐप चैट से सुर्खियों में आए अमेरिका के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) माइकल वाल्ट्ज की छुट्टी कर दी गई। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कल घोषणा की कि उन्होंने अपने राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार माइकल वाल्ट्ज को हटा दिया है। उनके स्थान पर अंतरिम रूप से विदेशमंत्री मार्को रुबियो को नियुक्त किया है। द न्यूयॉर्क टाइम्स की खबर के अनुसार, यह व्हाइट हाउस के शीर्ष सहयोगियों में पहला बड़ा कार्मिक फेरबदल है। हालांकि ट्रंप अपने दूसरे कार्यकाल में ऐसा कदम नहीं उठाना चाहते थे। वाल्ट्ज तब से मुश्किल में थे जब उन्होंने सिग्नल ऐप पर यमन में एक संवेदनशील सैन्य अभियान पर चर्चा करने के लिए एक समूह चैट आयोजित की। गलती से उसमें एक पत्रकार को शामिल कर लिया। ट्रम्प ने वाल्ट्ज को संयुक्त राष्ट्र में अमेरिकी राजदूत के रूप में नामित किया है। ट्रंप प्रशासन ने कहा कि रुबियो फिलहाल दोनों पदों पर बने रहेंगे।

भारत के पहले ट्रांसशिपमेंट पोर्ट 'विझिनजाम' का उद्घाटन

केरल होगा वैश्विक समुद्री व्यापार का केंद्र : प्रधानमंत्री

एजेंसी, नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को तिरुवनंतपुरम में देश के पहले समर्पित कंटेनर ट्रांसशिपमेंट पोर्ट के उद्घाटन अवसर पर कहा कि इससे भारत की समुद्री ताकत एक नई ऊंचाई पर पहुंचेगी और केरल इसमें अग्रणी भूमिका निभाएगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज केरल के तिरुवनंतपुरम में देश के पहले समर्पित कंटेनर ट्रांसशिपमेंट पोर्ट 'विझिनजाम इंटरनेशनल डीप-वाटर मल्टीपर्पस सीपोर्ट' का उद्घाटन किया। यह 8,900 करोड़ रुपये की लागत से बना महत्वाकांक्षी बंदरगाह सार्वजनिक-निजी साझेदारी के तहत अडानी पोर्ट्स एंड स्पेशल इकोनॉमिक जोन लिमिटेड (एपीएसईजेड) द्वारा विकसित किया गया है। प्रधानमंत्री मोदी ने उद्घाटन पर आयोजित कार्यक्रम में इसे "नए भारत के विकास का प्रतीक" बताया और कहा कि

पहले भारत के 75 प्रतिशत ट्रांसशिपमेंट विदेशी बंदरगाहों पर होता था, जिससे देश को आर्थिक नुकसान होता था। अब यह स्थिति बदलने वाली है और भारत का पैसा भारत में ही निवेश होगा। उद्घाटन समारोह में केरल के मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन, कांग्रेस सांसद शशि थरूर, अडानी ग्रुप चेयरमैन गौतम अडानी सहित कई गणमान्य व्यक्ति मौजूद थे। प्रधानमंत्री मोदी ने इस दौरान कटाक्ष करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन से कहना चाहते हैं कि वे विपक्षी इंडी गठबंधन के मजबूत स्तंभ हैं, कांग्रेस सांसद शशि थरूर भी यहां बैठे हैं, आज का कार्यक्रम कई लोगों की रातों की नींद हराम कर देगा। इसके बाद मलायलम में अनुवादक ने उनकी कही बात का अनुवाद किया। इसमें उसने यह बात नहीं की। इसपर उन्होंने कहा कि अनुवादक इन पंक्तियों का अनुवाद नहीं कर पाए लेकिन संदेश वहीं पहुंच गया है जहां पहुंचना था। कार्यक्रम आदि शंकराचार्य जयंती के दिन आयोजित हुआ।

प्रधानमंत्री ने आदि शंकराचार्य के योगदान को याद करते हुए कहा कि वे केरल से निकले संत थे, जिन्होंने भारत को आध्यात्मिक एकता दी। मोदी ने कहा कि आज केदारनाथ मंदिर के कपाट भी खुले हैं, जिससे यह दिन और भी विशेष बन गया है। प्रधानमंत्री ने केरल की ऐतिहासिक समुद्री विरासत की चर्चा करते हुए कहा कि यहां से सदियों पहले जहाज अरब सागर होते हुए अन्य देशों तक व्यापार करते थे। अब फिर से केरल को समुद्री व्यापार का वैश्विक केंद्र बनाया जाएगा। मोदी ने यह भी कहा कि कोच्चि में शिपबिल्डिंग और मरम्मत क्लस्टर बनाया जा रहा है, जिससे युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे।

नेशनल हेराल्ड मामले में सोनिया व राहुल गांधी को कोर्ट में पेश होने का आदेश

एजेंसी, नई दिल्ली

दिल्ली के राऊज एवेन्यू कोर्ट ने नेशनल हेराल्ड मनीलाउंड्रिंग मामले में कांग्रेस नेता सोनिया गांधी, राहुल गांधी समेत दूसरे आरोपितों को नोटिस जारी किया है। स्पेशल जज विशाल गोगने ने सोनिया गांधी, राहुल गांधी समेत सात आरोपितों को 8 मई को कोर्ट में पेश होने का आदेश दिया। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने 15 अप्रैल को कोर्ट में अभियोजन शिकायत दाखिल की थी। ईडी ने इस मामले में कांग्रेस नेता सोनिया गांधी, लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी और सैम पित्रोदा को आरोपित बनाया है। ईडी ने मनीलाउंड्रिंग कानून की धारा 44 और 45 के तहत शिकायत दाखिल की है। ईडी की ओर से पेश वकील एनके माटा ने कहा था कि इस मामले में 2019 में सीबीआई ने भारतीय दंड संहिता की धारा 403, 406 और 420 के तहत एफआईआर दर्ज किया था। इस मामले में शिकायतकर्ता सुब्रमण्यम स्वामी का आरोप है कि दिल्ली में बहादुरशाह जफर मार्ग स्थित हेराल्ड हाउस की 1600 करोड़ रुपये की बिल्डिंग पर कब्जा करने के लिए साजिश के तहत यंग इंडियन लिमिटेड को एजेएल की संपत्ति का अधिकार दिया गया। स्वामी का कहना है कि हेराल्ड हाउस को केंद्र सरकार ने समाचार पत्र चलाने के लिए जमीन दी थी, इस लिहाज से उसे व्यावसायिक उद्देश्य के लिए इस्तेमाल नहीं किया जा सकता। जबकि गांधी परिवार ने दलील दी थी कि उन्हें बेवजह प्रताड़ित करने के मकसद से अदालत के समक्ष याचिका लगाई गई है।

पाकिस्तान का बेहूदा कदमः भारतीय गानों पर प्रतिबंध, मुल्क के अभिनेताओं के इंस्टाग्राम अकाउंट ब्लॉक

एजेंसी, ढाका

भारत के जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल को कराए गए आतंकी हमले से सरहद पर छाई अशांति के बीच पाकिस्तान ब्रॉडकास्टर्स एसोसिएशन (पीबीए) ने बेहूदा कदम उठाया है। एसोसिएशन ने हाल ही में भारतीय (बॉलीवुड) गानों पर प्रतिबंध पर लगा दिया है। साथ ही मुल्क के नामचीन कई अभिनेता-अभिनेत्रियों के इंस्टाग्राम अकाउंट्स को ब्लॉक कर दिया गया है। मुल्क के सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय ने इसका खुलासा पहली मई को करते हुए पाकिस्तान ब्रॉडकास्टर्स एसोसिएशन को बधाई दी। रेडियो पाकिस्तान के अनुसार सूचना मंत्री अताउल्लाह तरार ने पाकिस्तान के एफएम रेडियो पर भारतीय गीतों का प्रसारण बंद करने के पीबीए के फैसले की सराहना की है। मंत्रालय ने तेजी से बदलते मौजूदा हालात के मद्देनजर पाकिस्तान के एफएम रेडियो चैनलों पर भारतीय गीतों का प्रसारण बंद करने के एसोसिएशन के सैद्धांतिक फैसले की सराहना की है। तरार ने पहली मई को एसोसिएशन के महासचिव को लिखे पत्र में कहा कि यह देशभक्ति का भाव अत्यंत सराहनीय है और पूरे देश की सामूहिक भावना को दर्शाता है। तरार ने देशभक्ति का भावना को प्रकट करने वाले मुल्क के सभी मीडिया समूह के प्रयासों पर गर्व व्यक्त किया है। भारत के फिल्मी समाचारों पर केंद्रित फिल्मी बीट नामक वेबसाइट की एक रिपोर्ट अनुसार, पाकिस्तान ने पूरे देश में भारतीय गानों पर प्रतिबंध लगाया लगाते हुए पाकिस्तानी अभिनेताओं को इंस्टाग्राम अकाउंट को ब्लॉक कर दिया गया है। इस प्रतिबंध से सभी भारतीय गाने प्रभावित होंगे। यह फैसला दोनों देशों के बीच चल रहे तनाव का हिस्सा है। साथ ही अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबंध के बारे में अधिसूचना जारी की गई।

पाकिस्तान युद्ध में बच्चों को थमा सकता है बंदूक, नियंत्रण रेखा के पास स्कूलों में दिया जा रहा है प्रशिक्षण

एजेंसी, इस्लामाबाद

भारत के जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल को कराए गए आतंकी हमले के बाद पाकिस्तान के हाथ-पांव फूले हुए हैं। पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी इंटर सर्विस इंटेलीजेंस (आईएसआई) और फौज को लग रहा है कि भारत कभी भी सैन्य कार्रवाई कर सकता है। इसलिए अपने कब्जे वाले जम्मू-कश्मीर के स्कूलों के खेल मैदानों को तेजी के साथ प्राथमिक चिकित्सा शिविरों में बदला जा रहा है। पाकिस्तान के लगभग सभी प्रमुख अखबारों में आज इस खबर को तरजीह दी गई है।

जियो न्यूज में अन्य समाचार माध्यम से प्रसारित की गई खबर में कहा गया है कि इसका मकसद है अगर भारत के साथ युद्ध छिड़ जाता है तो बच्चों के कैसे जवाब देना है। सनद रहे पाकिस्तान कह चुका है कि उसके पास विश्वसनीय खुफिया जानकारी है कि भारत आसन्न सैन्य हमले की योजना बना रहा है। पाकिस्तान के अधिकारियों का कहना है कि सीमा के पाकिस्तान की तरफ 6,000 से अधिक स्कूल, कॉलेज और विश्वविद्यालय हैं। इनमें नियंत्रण रेखा (एलओसी) पर 1,195 हैं।

हाल ही में मुजफ्फराबाद के 13 स्कूलों में बच्चों को युद्ध के लिए प्रशिक्षण दिया गया है। द एक्सप्रेस ट्रिब्यून की खबर के अनुसार, सेना प्रमुख जनरल सैयद असीम मुनीर कल रावलपिंडी में देखे गए। उन्होंने टीला फील्ड फायरिंग रेंज का दौरा किया। सैनिकों से युद्ध में पीछे न हटने का आह्वान किया। उन्होंने पाकिस्तान सेना की मंगला स्ट्राइक कोर के प्रशिक्षण अभ्यास को भी देखा।

मंत्री पंकजा मुंडे को अश्लील संदेश भेजने वाला युवक पुणे से गिरफ्तार

तरुणमित्र, मुंबई। मंत्री पंकजा मुंडे को लगातार अश्लील संदेश भेजने और फोन कॉल कर परेशान करने के आरोप में एक युवक को महाराष्ट्र साइबर पुलिस ने गुरुवार की रात पुणे के भोसरी इलाके से गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपित को आज स्थानीय कोर्ट में पेश कर दो दिन की कस्टडी में लिया है। पुलिस उससे पूछताछ कर अश्लील मैसेज भेजने के मकसद का पता लगाने की कोशिश करेगी। बीड़ जिले के परली निवासी अमोल काले (25) पिछले कई दिनों से भाजपा नेता और मंत्री पंकजा मुंडे को अश्लील कॉल और संदेश भेज रहा था। इस मामले में भाजपा के महाराष्ट्र कार्यालय के सोशल मीडिया समन्वयक निखिल भामरे (26) ने मुंबई के नरीमन प्वाइंट थाना में शिकायत दर्ज कराई थी।

नवी मुंबई में एक एआई प्रौद्योगिकी शिक्षा शहर स्थापित किया जाएगाः देवेंद्र फडणवीस

तरुणमित्र ब्यूरो, मुंबई

मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि वैश्विक स्तर पर मनोरंजन क्षेत्र में एआई का व्यापक उपयोग को देखते हुए निकट भविष्य में नवी मुंबई में एक एआई प्रौद्योगिकी शिक्षा शहर स्थापित किया जाएगा। इसलिए भारत को अब एआई और मनोरंजन के क्षेत्र में दुनिया का नेतृत्व करने का अवसर मिलेगा। मुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस शुक्रवार को मुंबई के बांद्रा में आयोजित विश्व दृश्य-श्रव्य मनोरंजन शिखर सम्मेलन (वेव्स 2025) के दौरान पत्रकारों को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री फडणवीस ने कहा कि वैश्विक स्तर पर वेव्स सम्मेलन जैसे मंच की आवश्यकता थी। इस आवश्यकता को समझते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने

पहला वेव्स सम्मेलन आयोजित किया और इसकी मेजबानी महाराष्ट्र को दी। यह राज्य के लिए एक महान अवसर है। मुख्यमंत्री ने कहा कि महाराष्ट्र सरकार ने वेव्स सम्मेलन के अवसर पर कुछ बहुत महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापनों (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि एनएसई ने वेव्स इंडेक्स लॉन्च किया है। दृश्य-श्रव्य क्षेत्र की 43 कंपनियों का सूचकांक लॉन्च किया गया है। इसलिए, इस क्षेत्र में निवेश करने और समग्र वित्तीय पारिस्थितिकी तंत्र बनाने की दिशा में यह एक बहुत ही महत्वपूर्ण कदम है। मुख्यमंत्री फडणवीस ने कहा कि आज ऑस्ट्रेलिया और न्यूयॉर्क जैसे दो वैश्विक विश्वविद्यालयों के साथ सहमति ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि नई शिक्षा नीति के तहत विदेशी विश्वविद्यालयों को देश में अपने केंद्र खोलने की अनुमति दी गई है और सिडको की पहल के तहत नवी मुंबई में एक एजुसिटी स्थापित की जाएगी। इस एजुसिटी में 10 से 12 विश्वस्तरीय विश्वविद्यालय अपने परिसर खोलेंगे। इनमें से दो विश्वविद्यालयों के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किये गये।

बाबा केदारनाथ के कपाट खुले

- मुख्यमंत्री धामी शामिल हुए प्रथम पूजा में, प्रधानमंत्री मोदी के नाम से पहला संकल्प लिया

एजेंसी, देहरादून

भगवान आशुतोष के द्वादश ज्योतिर्लिंगों में एक केदारनाथ के कपाट बृष लग्न पर सुबह सात बजे वि धि-विधान के साथ खोल दिए गए। इस मौके पर सेना की भ क्तिमयी धुनों और भक्तों के जयकारों समुची केदारपुरी जयकारों से गूंज उठी। लगभग 15 हजार श्रद्धालु कपाटोद्घाटन के साक्षी बने। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मंदिर की प्रथम पूजा में शामिल होकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नाम से पहला संकल्प लिया। मुख्यमंत्री ने कपाट खुलने पर देशवासियों को शुभकामनाएं दी। आज सुहावने मौसम और मंद-मंद हवा के बीच मेरू-सुमेरू पर्वत श्रृंखला की तलहटी पर मंदाकिनी और सरस्वती नदी के मध्य में विराजमान केदारनाथधाम में तड़के 3 बजे से ही श्रद्धालु जुटने लगे थे। सुबह पांच बजे तक मंदिर परिसर भक्तों से सरोबार हो गया था। बाबा केदार के जयकारों के बीच सुबह 6:30 बजे रावल भीमाशंकर और मुख्य पुजारी बागेश लिंग चांदी की प्रभा के साथ मंदिर के दक्षिण द्वार पर पहुंचे। यहां पर श्रीबदरीनाथ-केदारनाथ मंदिर समिति के मुख्य कार्यधिकारी विजय प्रसाद थपलियाल और अन्य कार्मिकों ने उनकी अगवानी की। इसके उपरांत बीकेटीसी के सीईओ ने मंदिर के कपाटोद्घाटन की प्रक्रिया से अवगत कराया। सभी धार्मिक औपचारिकताओं और परंपराओं के निर्वहन के उपरांत सुबह सात बजे बृष लग्न पर भगवान श्रीकेदारनाथ धाम के कपाट खोल दिए गए।कपाटोद्घाटन के समय लगभग 15 हजार श्रद्धालु मंदिर परिसर में मौजूद रहे। इसके उपरांत मदिर के गर्भगृह में मुख्य पुजारी बागेश लिंग ने भगवान केदारनाथ को समा धि रूप से जागृत किया और अन्य परंपराओं का निर्वहन किया।

वरिष्ठ नागरिक अतीत से जुड़ने की कड़ी और भविष्य के मार्गदर्शक होते हैं : राष्ट्रपति

एजेंसी, नई दिल्ली

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने शुक्रवार को कहा कि वरिष्ठ नागरिक अतीत से जुड़ने की कड़ी होते हैं और भविष्य के मार्गदर्शक भी होते हैं। हमें उनके मार्गदर्शन को महत्व देना चाहिए और उनकी मूल्यवान संगति का आनंद लेना चाहिए। राष्ट्रपति मुर्मु ने राष्ट्रपति भवन के सांस्कृतिक केंद्र में वरिष्ठ नागरिकों के कल्याण के लिए पहल 'एजिंग विद डिग्निटी' नामक कार्यक्रम में भाग लिया। केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में वरिष्ठ नागरिक कल्याण पोर्टल का शुभारंभ, वरिष्ठ नागरिक गृहों का वर्चुअल उद्घाटन, सहायक उपकरणों

का वितरण के साथ ही सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग तथा ब्रह्माकुमारीज संगठन के बीच समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। वरिष्ठ नागरिक कल्याण पोर्टल वरिष्ठ नागरिकों के लिए वन-स्टेप डिजिटल प्लेटफार्म के रूप में काम करेगा। इस अवसर पर राष्ट्रपति ने कहा कि वरिष्ठ नागरिक अतीत से जुड़ने की कड़ी हैं और भविष्य के मार्गदर्शक भी होते हैं। एक राष्ट्र के रूप में यह हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है कि हम यह सुनिश्चित करें कि हमारे वरिष्ठ नागरिक वृद्धावस्था का समय सम्मान और सक्रियता के साथ बिताएं। उन्हें यह जानकर खुशी हुई कि सरकार विभिन्न पहलों के माध्यम से वरिष्ठ नागरिकों को सशक्त बना रही है ताकि वे जीवन के सभी पहलुओं में सक्रिय रूप से भाग ले सकें। उन्होंने सभी नागरिकों से बुजुर्गों की खुशी और कल्याण के लिए खुद को प्रतिबद्ध करने, उनके मार्गदर्शन को महत्व देने और उनकी बहुमूल्य संगति का आनंद लेने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि माता-पिता और बड़ों का सम्मान करना हमारी संस्कृति का हिस्सा है। आमतौर पर परिवारों में देखा जाता है कि बच्चे अपने दादा-दादी और नाना-नानी के साथ बहुत खुश रहते हैं। बुजुर्ग परिवार के लिए भावनात्मक स्तंभ के रूप में काम करते हैं।

संक्षिप्त समाचार

कांग्रेस नेता ठाकुर अभिमन्यु सिंह ने बयान में कहा 'पहले मध्य प्रदेश में जैन साधुओं के साथ हिंसा हुई, अब महाराष्ट्र में जैन धर्म के मंदिरों पर बुलडोजर चला दिया

दैनिक तरुणमित्र ब्यूरो

बाली, राजस्थान। कांग्रेस नेता और फालना ठाकुर अभिमन्यु सिंह ने सोशल मीडिया पर वीडियो जारी करते हुए कहा कि मुंबई में 90 वर्ष प्राचीन पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर पर बुलडोजर चलवाकर BJP सरकार ने जैन समाज सहित पूरे देश को आहत किया है। उन्होंने कहापहले भी बनारस में स्मार्ट सिटी के नाम पर मंदिर तोड़े गए थे, मूर्तियां खण्डित की गई थीं। कांग्रेस पार्टी और पूरा देश भाजपा के इन जन आस्था विरोधी पाप कर्मों का विरोध करता है ।

बाली विधानसभा युवक कांग्रेस अध्यक्ष राकेश सवनसा ने ज्ञापन दिया, प्रशासन ने तुरंत हरकत में आया

कार्यकारी सम्पादक
कर्मपालसिंह सवाली

पली। बाली विधानसभा युवक कांग्रेस अध्यक्ष राकेश सवनसा के नेतृत्व में इस गंभीर समस्या के बारे में D.M.B.(हाई स्कूल) के मैदान में तार पूरी तरह स्कूल बिल्डिंग पर थे विद्युत विभाग को 7 दिन में समस्या का समाधान करने ज्ञापन में मांग की की गई थी।उच्च अधिकारियों से फरियाद कर समाधान की मांग की उन्होंने बताया प्रशासन ने तुरंत हरकत में आकर प्रशासन उच्च लेकर अधिकारियों ने किसी समस्या को गंभीरता से उन्होंने कहा यह समस्या लंबे समय से विद्युत कर जो बार-बार संपर्क होने के कारण जल जाते थे जिस कारण कई कई दिन तक विद्युत समस्या का संकट बना रहता था आज युवाओं के और नगर वासियों के सहयोग और प्रशासन के द्वारा आम लोगों की समस्या का ध्यान रखते हुए खंबे और मजबूत तार डालकर समाधान करवाकर सराहनीय कदम उठाया है।उन्होंने प्रशासन का भी धन्यवाद आभार व्यक्त ।

पक्षियों के लिए परिंडे लगाने की पहल सभी को आगे आकर पक्षियों के लिए परिंडे लगाने चाहिए - डॉ. महेश सोनी

दैनिक तरुणमित्र ब्यूरो

सोजत सिटी - सामाजिक कार्यकर्ता डॉ. महेश सोनी ने एक बार फिर से पक्षियों की सेवा में अपनी पहल को आगे बढ़ाया है। उन्होंने हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी गर्मियों कै दिनों में पक्षियों के लिए परिंडे लगाने का काम शुरू किया। डॉ. महेश सोनी ने बताया कि गर्मियों के दिनों में पक्षियों को पानी की कमी का सामना करना पड़ता है। इस समस्या को दूर करने के लिए उन्होंने पक्षियों के लिए परिंडे लगाए हैं। परिंडे लगाने का उद्देश्य सामाजिक कार्यकर्ता डॉ. महेश सोनी ने बताया कि परिंडे लगाने मुख्य उद्देश्य पक्षियों को गर्मी में राहत दिलाना है। व पक्षियों की सेवा करना हमारा कर्तव्य है। और हमें उनकी मदद करने के लिए हमेशा तैयार रहना चाहिए। यह एक अच्छी पहल है। जिससे पक्षियों को गर्मी से राहत मिलेगी। सामाजिक कार्यकर्ता डॉ. महेश सोनी इस पहल को एक सामाजिक कार्यकर्ता के रूप में सराहा जा रहा है। डॉ. म सोनी ने कहा कि गर्मी को देखते हुए सभी को आगे आकर पक्षियों के लिए परिंडे लगाने चाहिए।

जनजाति मंत्री बाबूलाल खराड़ी और विधायक दीप्ति माहेश्वरी ने किया महाकुंभ स्नान के श्रद्धालुओं का किया अभिनंदन

कर्मपालसिंह सवाली

राजसमंद ,राजस्थान। राजसमन्द जिले के अमललोई गांव के भीलराज मित्र मण्डल अमलोई द्वारा समस्त प्रयागराज महाकुंभ स्नान के श्रद्धालुओं का सम्मान समारोह आयोजित हुआ, जिसके मुख्य अतिथि राजस्थान सरकार के जनजाति मंत्री बाबूलाल खराड़ी विशिष्ट अतिथि राजसमन्द विधायक दीप्ति माहेश्वरी, प्रदेश अध्यक्ष खेमराज, प्रदेश उपाध्यक्ष गंगाराम,प्रदेश संरक्षक मोहनलाल, प्रदेश सचिव देवीलाल, प्रदेश मीडिया प्रभारी गुलाबचंद, प्रांतीय संचालक मांगीलाल ,मातृकुंडिया मन्दिर मण्डल अध्यक्ष लालूराम, थे कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष उदयलाल ने की गई कार्यक्रम में प्रयागराज महाकुंभ स्नान के श्रद्धालुओं गंगाराम, मांगीलाल, गुलाबचंद, किका राम, सुरेश चन्द,भैरूलाल, दल्लाराम, केसा राम, आशाराम ,देवीलाल, किशनलाल, रतनलाल, अम्बादेवी, रेखा बाई, शंकरी बाई, रूपीबाई सहित 38 तीर्थ यात्रियों का साफा पहना कर और साड़ी पहना कर स्वागत सत्कार किया गया इस दौरान सभी कार्यकर्ताओं ने सुप्रीम कोर्ट का आदेश 1अगस्त 2024 आरक्षण उप वर्गीकरण को जल्द लागू करने, बिजली कनेक्शन मे एससी वर्ग के समान छूट, छात्रावासो में स्थानीय निवासी वार्डनो की नियुक्ति करने का ज्ञापन सौंपा गया इस अवसर पर जनजाति मंत्री बाबूलाल खराड़ी ने राम,शबरी माता मन्दिर सराय निर्माण, जीर्णोधार हेतु पचास लाख रूपये देने की घोषणा की गई विधायक दीप्ति माहेश्वरी ने भी सामूदायिक भवन निर्माण करने की भी घोषणा की गई और उन्होंने महाकुंभ स्नान के श्रद्धालुओं को धर्म संस्कृति की पहचान बताई गई ।

इस दौरान और जिला उपाध्यक्ष मदनलाल, जिला शिक्षा पदाधिकारी गणेश लाल, तहसील मीडिया प्रभारी भूरा लाल उप प्रधान शांतिलाल, किशनलाल जी गाडरी, जबर सिंह, सवाई राम भैरूलाल , वेणीराम, हजारीलाल, लालूराम, राजसमन्द तहसील अध्यक्ष हजारीलाल, कुंभलगढ़ तहसील अध्यक्ष हजारीलाल, रेलमगरा तहसील अध्यक्ष कन्हैया लाल, नाथद्वारा तहसील अध्यक्ष आशाराम, बोरज चोकला भगवान लाल, सहित समस्त ग्रामवासी अमलोई इत्यादि उपस्थित थे ।

सिरसा हरियाणा मे टेलिग्राम एप्प के जरिए 4 लाख 63 रुपए की साइबर ठगी करने के मामलें में एक अन्य आरोपी को राजस्थान के जोधपुर क्षेत्र से काबू किया

अमित मेहता ब्यूरो चीफ

सिरसा : पुलिस अधीक्षक डॉ.मयंक गुप्ता द्वारा गठित जिला की साइबर थाना पुलिस ने महत्वपूर्ण सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए टास्क पूरा कर मोटा मुनाफा कमाने के नाम पर गांव ममेरां कलां जिला सिरसा के एक व्यक्ति से करीब 4 लाख 63 हजार रुपए की साइबर धोखाधड़ी करने के मामले में संलिप्त एक अन्य युवक को थाना लोहानी जोधपुर,राजस्थान क्षेत्र से काबू कर लिया है । इस संबंध में विस्तृत जानकारी देते हुए साइबर थाना प्रभारी इंस्पेक्टर ने बताया कि गिरफ्तार किए गए युवक की पहचान रमेश कुमार पुत्र गंगा राम निवासी गांव किपाया जोलियाली जोधपुर राजस्थान के रुप में हुई है । थाना प्रभारी ने बताया कि कृष्ण कुमार पुत्र बनवारी लाल निवासी ममेंरा कलां ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि अज्ञात मोबाइल नंबर से उसके पास कॉल आई और कॉल करने वाले व्यक्ति ने कहा कि आप हमारे टेलिग्राम एप्प से जुड़कर घर बैठे-बैठे लाखों करोड़ो रुपए कमा सकते हो । इसके लिए आपको कंपनी के बताए हुए टास्क को पूरा करना होगा,जैसे ही टास्क पूरा होगा आपके खाते में पैसे आ जाएंगे । कुछ समय बाद मेरे मोबाइल नंबर पर एक टेलिग्राम लिंक आया जैसे ही मैने लिंक को क्लिक किया तो उसमें टास्क पूरा कर मोटा मुनाफा कमाने का विज्ञापन चल रहा था । मैने लालच में आकर 4 लाख 63 हजार रुपए का इंवेस्टमेंट कर दिया और बाद में पैसा निकालने के लिए वेबसाइट पर आए लिंक को क्लिक किया तो टेलिग्राम एप पूरी बंद हो गया इस प्रकार वह साइबर ठगी का शिकार हो गया । उन्होने बताया कि इस संबंध में पीड़ित की शिकायत पर साइबर क्राइम पुलिस स्टेशन सिरसा में बीती 12 फरवरी 2025 को साइबर ठगी का अभियोग दर्ज कर जांच शुरू की गई थी । जांच के दौरान पुलिस अधीक्षक द्वारा गठित साइबर क्राइम पुलिस स्टेशन की विशेष टीम ने महत्वपूर्ण सुराग जुटाते हुए घटना में संलिप्त दो आरोपी मोंटू उर्फ यशपाल व आकाश चौधरी पुत्र हरि किशोर निवासी जोधपुर,राजस्थान को साइबर थाना पुलिस ने पहले ही गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था । साइबर थाना पुलिस ने जांच के आधार पर कार्रवाई करते हुए ठगी में संलिप्त तीसरे आरोपी रमेश कुमार पुत्र गंगा राम निवासी जोधपुर राजस्थान को भी जोधपुर से गिरफ्तार कर लिया है । उन्होंने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपियों को अदालत में पेश कर पुलिस रिमांड पर लिया जाएगा और रिमांड अवधि के दौरान आरोपी से पूछताछ कर ठगी की राशि बरामद की जाएगी । साइबर थाना प्रभारी ने बताया कि अभियोग की जांच जारी है और जांच के दौरान जो भी व्यक्ति ठगी के इस नेटवर्क में संलिप्त पाया गया उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी ।

नेताओं के दावे खोखले साबित हुए

कार्यकारी सम्पादक
कर्मपालसिंह सवाली

जयपुर/ गुड़ा अखेराज। मारवाड़ जंक्शन विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत केसूली के राजस्व गांव गुड़ा अखेराज में आजादी के 78 वर्ष बाद भी राजपूत चौहानों का मोहल्ला गंदगी कीचड़ रास्ता क्षतिग्रस्त होने से आने जाने वाले ग्रामीण परेशान है। तेज बढ़ाते राष्ट्रीय दैनिक तरुणमित्र कार्यकारी सम्पादक कर्मपालसिंह सवाली ने समस्याओं को लेकर सर्वेक्षण करने के लिए गांव में पहुंचे सामाजिक कार्यकर्ता विजय सिंह चौहान ने आक्रोश प्रकट करते हुए मीडिया को बताया उन्होंने बताया गांव में आसपास वाला रोड भी 1 वर्ष में दो-दो बार मरम्मत और नया बनाया गया है और जब से हम आजाद हुए हैं तभी से इस मोहल्ले में डेढ़ सौ फीट से रास्ता कच्चे रास्ते मैं गंदगी कीचड़ रास्ता क्षतिग्रस्त होने के कारण आने-जाने वाले ग्रामीणों को बहुत परेशानी होती है जब बरसात का समय होता है तो उसे समय आने जाने वाले मोटरसाइकिलें अनेक गाड़ियों को भी फिसलने का खतरा बना हुआ रहता है, जिससे अनेक हादसों होने का खतरा बना रहता है। और गंदे पानी से अनेक बीमारियां फैलने का भी भारी खतरा बना हुआ है। उन्होंने बताया इसके बारे में अनेक बार इस क्षेत्र के नेताओं को प्रशासन को भी बार-बार कहने पर भी इस समस्याओं का समाधान नहीं हुआ है। उन्होंने कहा जब-जब चुनाव का समय आता है नेता विकास और समस्याओं का समाधान करवाने के दावे करते हैं ऐसी समस्या लंबे समय पर बरकरार होने के बावजूद भी अभी तक प्रशासन की नींद खुली नहीं है।

हरियाणा के मंडी डबवाली पुलिस ने मसीतां हत्याकांड में वांछित मुख्य हत्यारोपी कुलदीप सिंह उर्फ भाऊ पर 5,000 रुपये का इनाम रखा

अमित मेहता ब्यूरो चीफ

मंडी : डबवाली पुलिस द्वारा फरार अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है । इसके तहत पुलिस ने हत्या व हत्या के प्रयास के मामलों में फरार चल रहे आरोपी कुलदीप उर्फ भाऊ पुत्र लखविंदर सिंह निवासी मसीता पर 5,000 हजार रुपए का इनाम घोषित किया है । आरोपी कुलदीप उर्फ भाऊ द्वारा अन्य जघन्य अपराध करने की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता । इनाम की राशि अपराधियों को गिरफ्तार करने और उनकी गिरफ्तारी में सहायता करने वालों को पुलिस विभाग द्वारा प्रदान की जाएगी। इसके साथ ही अपराधियों की संपत्ति की भी सूची पुलिस तैयार कर रही है । इसके

अलावा पुलिस इन अपराधियों की फरारी के दौरान इन्हे अपने ठिकानों पर शरण देने वालों के बारे में भी जानकारी जुटा रही है । पुलिस अधीक्षक श्रीमती निकिता खट्टर आईपीएस ने आमजन से अपील की है कि अपराधियों के बारे में जानकारी मिलने पर पुलिस को सूचित करे। सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा । कुलदीप उर्फ भाउ निम्न मामलों में फरार चल रहा है:-

1.दिनांक 28.10.2024 को पिस्तौल से फायर करके राजेन्द्र सिंह उर्फ काला निवासी मौजगढ़ को घायल करने व करणवीर सिंह उर्फ मानी की गोली मारकर हत्या करने पर अभियोग न.524 दिनांक 29.10.2024 धारा103 (1),109(1),191(1),191(2),191(3),61(2) BNS व 25/54/59 शस्त्र अधिनियम के तहत थाना शहर में दर्ज है ।

अभियोग न.144 दिनांक 07.04.2024 धारा 307, 34 BNS थाना सदर डबवाली 3.अभियोग न .130 दिनांक 24.04.2025 धारा 103(1), 109(1),61(2),3(5) BNS व 25/54/59 शस्त्र अधिनियम थाना शहर डबवाली आरोपी कुलदीप उर्फ भाऊ की उम्र करीब 28 साल है

महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय नाडोल मे विदाई समारोह हुआ आयोजित

अमरपुरी गोस्वामी दादाई

नाडोल ।महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय नाडोल में कार्यरत शिक्षिका श्रीमती सरिता हिनुनिया के सेवा निवृत्ति पर प्रधानाचार्य दलपत सिंह राजपुरोहित व उप सरपंच भवानी सिंह के सानिध्य में हर्षोल्लास के साथ विदाई समारोह आयोजित किया गया। समारोह में सरिता हिनुनिया व परिवार जनों का ढोल धमाकों के साथ विधालय में प्रवेश पर स्वागत किया गया। समारोह में शिक्षको व शिक्षिकाओं ने सरिता हिनुनिया का चुंदड़ी,साफा व हार पहना कर, स्मृति चिन्ह व अभिनंदन पत्र प्रदान कर सम्मानित किया।साथ सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य शिवराज हिनुनिया का भी साफा, माल्यार्पण से अभिनंदन किया गया।समारोह में प्रधानाचार्य राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय दिलवाडी अजमेर विमला तंवर, सेवानिवृत्त स्टेट बैंक मैनेजर पूर्णिमा उदेनिया,स्कुली व्याख्याता स्वीटी,जितेश कुमार, सेवा निवृत्त लेखाकार रत्न उदेनिया सुशीला , भरत हिनुनिया सहित परिवार जनों का दुशला व माल्यार्पण पहनाकर स्वागत किया। समारोह में प्रधानाचार्य दलपत सिंह राजपुरोहित, हेमन्त कुमावत, राजेन्द्र वैष्णव,भरत शर्मा, कन्हैया लाल, विमला तंवर, स्वीटी ने सरिता हिनुनिया के व्यक्तित्व व कृतित्व पर जानकारी देते हुए शिक्षा विभाग में उनके कार्यो की सराहना की। सरिता हिनुनिया ने कार्यकाल के स्मरण बताते हुए सभी का आभार व्यक्त किया। सरिता हिनुनिया ने विधालय परिसर में अपनी मां के नाम निर्मित शांति वाटिका में इक्यावन हजार रूपए का आर्थिक सहयोग प्रदान किया तथा वाटिका विधालय को समर्पित की।विधालय स्टाफ ने जीप में उनके निवास तक विदाई दी।

गुजरात के अहमदाबाद में ग़ैरक़ानूनी बंग्लादेशी को खदेड़ा

दैनिक तरुणमित्र ब्यूरो

अहमदाबाद, गुजरात। गुजरात के अहमदाबाद में चंदौला तालाब के पास कई वर्षों से अवैध रूप से रह रहे बागलादेशी को पहलगांव आंतकी हमले के बाद गुजरात सरकार के गृह विभाग और अहमदाबाद म्युनिसिपल के सयुक्त मेगा ऑपरेशन से अहमदाबाद में ४००० से अधिक ग़ैरक़ानूनी अवैध निर्माण मकानों पर बुल डोजर चला कर ये अवैध कार्य में जुड़ा ललू बिहारी नामक व्यक्ति जो बंगला देशी को रहने से लगाकर उन्हें अवैध रूप से आधार कार्ड बनाना और किराए पर मकान देना उन्हें रोजगारी के लिए व्याज पर रुपए देना और महिलाओं को अवैध व्यवसाय करने वाला तीन पत्नियो का पति आज फरार हो चुका है और इसका फ़ार्म हाउस भी बना है जिसमे अवैध तरीके से आये हुए बंगलादेशी को रहने व्यापार के लिए मदत करने वाला कई वर्षों से चंडोला तालाब में अपना अड्डा जमा कर बैठा है तभी महानगर पालिका के दक्षिण जोन में अवैध निर्माण हुआ तब वहाँ के आला अधिकारी क्या कर रहे थे ये साम्राज्य को कहीं ना कहीं अधिकारियों के छुपे आशीर्वाद प्रदान है तभी राज्य सरकार द्वारा अवैध रूप से रह रहे लोगों के ख़िलाफ़ कार्यवाही करने से देश में अराजकता को बढ़ावा नहीं मिल सके देश हित में कार्य किया जाए ।

1 मई को मजदूर दिवस पर मजदूरों ने संविधान संगोष्ठी का आयोजन किया गया

दैनिक तरुणमित्र ब्यूरो

आमेट=उपखंड मुख्यालय पर राजस्थान संगठित एवं निर्माण मजदूर संघ इंटर द्वारा 1 मई को मजदूर दिवस पर संविधान संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिला मजदूर संघ के अध्यक्ष कैलाश चंद्र शर्मा ने मजदूर संघ की संगोष्ठी को संबोधित करते हुए बताया कि 1 मई को मजदूर दिवस का अवकाश घोषित करने के साथ ही राष्ट्र के संविधान बचाओ मजदूर एकता का नारा देकर देश की संसद भवन की नीव से लेकर छत तक का निर्माण करने वाले मजदूर पसीने की एक-एक बूंद के साथ भवन निर्माण का सहयोग करता है। इस तरह देश के विकास के कार्यों में कड़ी मेहनत सर्दी ,गर्मी और वर्षा को सहन करता हुआ भवनों, एनीकटो, नहरो, बाधो ,नाडी, तालाब , नरेगा में सफाई व निर्माण का आदी कार्य करने के लिए समय से पूर्व अपना घर छोड़कर मज दूरी के लिए समय पर पहुंचता है। और अपनी जिम्मेदारी निभाते है। और उन्होंने बताया कि नरेगा की वर्तमान स्थिति पर चिंता व्यक्त करते हुए उन्होंने कहा कि नरेगा श्रमिकों की 100 दिन का काम भी पूरा नहीं मिलता है और ना ही समय पर भुगतान होता है। राजस्थान सरकार द्वारा भवन एवं अन्य संनिर्माण श्रमिक कल्याण मंडल की कई योजना चलाई जा रही है हालांकि शुभ शक्ति योजना को बंद कर दिया गया है यह योजना सभी जातियों और समुदाय की महिलाओं की सहायता राशि प्रदान करती है। जो महिला सशक्तिकरण महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष राजस्थान संगठित एवं निर्माण मजदूर संघ आदि उपस्थित थे ।

बाबा रामदेव मंदिर प्रतिष्ठा महोत्सव की 9वीं वर्षगांठ भक्तिभावना के साथ हर्षोल्लास के साथ मनाई

कर्मपालसिंह सवाली

सांडेराव- स्थानीय नगर के बस स्टैंड पर स्थित बाबा रामदेव मंदिर के जीर्णोद्धार के बाद प्रतिष्ठा महोत्सव की 9 वीं वर्षगांठ पर 2 दिवसीय धार्मिक आयोजन और भक्ति संध्या कार्यक्रम में स्थानीय कस्बे सहित आस-पास गांवो से बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने बड़े ही उत्साह के साथ भाग लिया।रामदेव मंदिर के भक्तराज रामलाल कुमावत ने बताया कि गुरुवार को संत-महात्माओं की पावन निश्रा में यज्ञ पंडितों द्वारा वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच मंदिर पर शिव परिवार, माताजी, हनुमानजी, डालीबाई, भैरूजी, शनिमहाराज, दत्तभगवान व नाग देवता के नवनिर्मित मंदिरों की ध्वजा फहराई गई। प्रातः पंचांग कर्म के बाद जल यात्रा, मंडप पूजन, पीठ पुजा, अग्नि स्थापना, हवन, पूजन के बाद

रात्रि में भक्ति संध्या "एक शाम बाबा रामदेव के नाम" विशाल भजन संध्या का आयोजन हुआ जिसमें भजन कलाकारों ने एक से बढ़कर एक भजनों की प्रस्तुति दी। **साधु-संतों के साथ भामाशाह परिवार का किया बहुमान** बाबा रामदेव मंदिर की 9 वीं वर्षगांठ पर आयोजित दो दिवसीय धार्मिक महोत्सव के लाभार्थी परिवार के साथ आयोजन में सहयोग करने वाले भामाशाह परिवार तथा महोत्सव में उपस्थित हुए साधु-संतों तथा अतिथियों का आयोजन कमेटी की ओर से सभी को राजस्थानी परंपरा के अनुसार साफा,शॉल के साथ श्रीफल देकर स्वागत किया। **संत कन्हैयालाल एण्ड पार्टी सहित दूर-दूर से पहुंचे कलाकारों ने भजनों में गाई बाबा रामदेव की महिमा** बाबा रामदेव मंदिर की 9 वीं वर्षगांठ महोत्सव पर एक शाम बाबा रामदेव के नाम भजन संध्या का आयोजन किया गया। भजन संध्या में मारवाड़-गोडवाड़ क्षेत्र के जाने-माने भजन कलाकार संत कन्हैयालाल एण्ड पार्टी ने एक से बढ़कर एक भजन प्रस्तुत कर समां बांध दिया। **महाप्रसादी में स्थानीय कस्बे सहित आस-पास गांवो से उमड़ी भक्तों की भीड़** महोत्सव के दौरान शुक्रवार को ओटाराम कुमावत परिवार की ओर से महाप्रसादी के लिए फले चुनरी डाल न्योता दिया था। बाबा रामदेव की प्रसादी का न्योता देख कस्बे सहित आस-पास गांवो से बड़ी संख्या में श्रद्धालु भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी। **नीयत साफ हो तो मिलती है सफलता :-संत भगवत गिरी** महोत्सव में पिचावा गांव से पहुंचे संत भगवत गिरी जी महाराज ने कहा कि जिन लोगों की नीयत साफ होती है, उनको सफलता जरूर मिलती है।जगदीश कुमावत ने कहा कि इस तरह के धार्मिक आयोजनों से अपनत्व व भाईचारा बढ़ता है। धर्म के कार्य में खर्च किया हुआ धन कभी व्यर्थ नहीं जाता है। महोत्सव के दौरान रामलाल कुमावत, भुराराम मालवीय, एडवोकेट नारायण भाटी, सरपंच श्रीमती दाखु देवी भील, कैलाश बड़वाल, गणपत सिंह राठौड़, जगदीश मालवीय, महावीर मेवाड़ा, जगदीश कुमावत, रमेश प्रजापत, लक्ष्मण कुमावत, हीरालाल माली, सरपंच प्रतिनिधि रमेश कुमार, हिम्मताराम मेवाड़ा, शेर सिंह राणावत, हजाराम मेघवाल आदि मौजूद थे।

उत्तर भारतीय समाज सेवा संस्था द्वारा निःशुल्क मेगा मेडिकल कैंप सफलतापूर्वक संपन्न

सपा विधायक रईस शेख बोले मिलकर बनवाएंगे 'यूपी भवन

तरुणमित्र / ब्यूरो

भिवंडीः उत्तर भारतीय समाज सेवा संस्था (रजि.) के संस्थापक अध्यक्ष कृष्ण गोपाल सिंह 'दादा ठाकुर' के नेतृत्व में महाराष्ट्र दिवस व अंतरराष्ट्रीय मजदूर दिवस के अवसर पर कामतघर फेने गांव स्थित सिस्टर निवेदिता इंग्लिश हाई स्कूल प्रांगण में निःशुल्क मेगा चिकित्सा शिविर और मुफ्त दवा वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस जनकल्याणकारी शिविर में लगभग 500 से अधिक नागरिकों ने चिकित्सा सुविधाओं का लाभ उठाया। शहीदों को दी श्रद्धांजलि, समाजसेविका को दी जिम्मेदारी कार्यक्रम की शुरुआत पुलवामा हमले के शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित कर की गई। इस अवसर पर संस्था ने प्रखर समाजसेविका डॉ. स्वाति सिंह को 'उत्तर भारतीय समाज सेवा संस्था' की महिला अध्यक्ष नियुक्त करने की घोषणा की। इस मौके पर संस्था के पदाधिकारियों ने डॉ. सिंह को जिम्मेदारी सौंपते हुए विश्वास जताया कि वे महिला वर्ग के लिए प्रभावी कार्य करेंगी। चिकित्सा सेवाओं का रहा व्यापक दायरा इस मेगा शिविर में विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम ने ब्लड प्रेशर, शुगर, ईसीजी, एक्स-रे, किडनी स्टोन, टी.बी., एचआईवी, कैंसर, हृदय रोग, ऑर्थोपेडिक, आंखों की जांच आदि सेवाएं निःशुल्क प्रदान कीं। ज़रूरतमंदों को निशुल्क चश्मे व दवाएं भी वितरित की गईं।

गणमान्य अतिथियों की उपस्थिति से कार्यक्रम की शोभा बढ़ी : शिविर में समाजवादी पार्टी के विधायक रईस शेख, राकांपा (अजीत पवार गुट) के जिलाध्यक्ष प्रवीण पाटिल, शिवसेना (शिंदे गुट) जिलाध्यक्ष सुभाष माने, कांग्रेस नेता प्रदीप राका, यादव संघ मुंबई अध्यक्ष अजय सीताराम यादव, अशोक कुमार फड़तरे, पूर्व नगरसेवक सुमित पाटिल, प्रो. सुमित्र कांबले, पत्रकार शरद भसाले, मजदूर नेता कामरेड विजय कांबले, प्रिंसिपल डॉ. नीता गुप्ता समेत अन्य गणमान्य अतिथियों की उपस्थिति ने आयोजन को गरिमा प्रदान की। सभी अतिथियों का स्वागत संस्था पदाधिकारियों ने पुष्पगुच्छ व अंगवस्त्र देकर किया।

यूपी भवन' निर्माण की मांग को मिला बल : विधायक रईस शेख ने शिविर की प्रशंसा करते हुए कहा, "उत्तर भारतीय समाज की लंबे समय से चली आ रही मांग 'यूपी भवन' को साकार करने के लिए सभी राजनीतिक दलों को एकजुट होकर प्रयास करने होंगे। हम जनता की इस उम्मीद को पूरा करेंगे।"कार्यक्रम को सफल बनाने में उत्तर भारतीय समाज सेवा संस्था के सभी पदाधिकारी, कार्यकर्ता व स्थानीय नागरिकों का महत्वपूर्ण योगदान रहा। आयोजन सामाजिक एकता, स्वास्थ्य सेवा और जनकल्याण का प्रतीक बनकर सामने आया।

शिपाई से 60 हजार की रिश्वत मांगने वाले रईस उर्दू हाईस्कूल के शिक्षक और प्राचार्य को एंटी करप्शन विभाग ने रंगेहाथ पकड़ा

तरुणमित्र / ब्यूरो

भिवंडी : भिवंडी शहर के रईस उर्दू स्कूल में कार्यरत शिपाई की सर्विस बुक गुम हो जाने के कारण नई डुप्लीकेट सर्विस बुक तैयार करवाने के बदले 60 हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए शिक्षक और प्राचार्य को ठाणे लाचलुचपत प्रतिबंधक विभाग की टीम ने 1 मई को रंगेहाथ गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपियों के नाम शहाजान मोहम्मदअली मौलाना (उम्र 54), शिक्षक और जियाउर रहमान मजहरुल्हक अंसारी (उम्र 52), प्राचार्य हैं। ये दोनों कोकण मुस्लिम सोसायटी द्वारा संचालित रईस उर्दू हाईस्कूल एंड जूनियर कॉलेज, भिवंडी में कार्यरत हैं।

पुलिस द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, शिपाई की सर्विस बुक गुम हो जाने के बाद उसे फिर से तैयार करवाने और उस पर वेतन आयोग की मंजूरी और मुहरें लगवाने के लिए आरोपी शिक्षक और प्राचार्य ने 50 हजार रुपये की रिश्वत की मांग की थी। इस संबंध में शिपाई ने 19 मार्च को ठाणे एंटी करप्शन विभाग में शिकायत दर्ज करवाई थी। इसके बाद 20 और 21 मार्च को की गई जांच में शिक्षक शहाजान मौलाना द्वारा 50 हजार रुपये की मांग की पुष्टि हुई। वहीं, प्राचार्य अंसारी ने भी इस रिश्वत की मांग को समर्थन दिया और शिपाई को पैसे देने के लिए प्रेरित किया। बाद में शिक्षक शहाजान मौलाना ने 30 अप्रैल को शिपाई को कार्यालय बुलाकर बताया कि 50 हजार रुपये रिश्वत के साथ-साथ, प्राइवेट टाइपिस्ट के लिए 5 हजार और वेतन आयोग की मुहर लगवाने के लिए 5 हजार यानी कुल 60 हजार रुपये की मांग की गई। 1 मई को पैसे लाने को कहा गया। 1 मई की सुबह 10 बजे के करीब एंटी करप्शन विभाग ने शाला में जाल बिछाया और पंच साक्षियों के समक्ष जैसे ही शिक्षक शहाजान मौलाना ने 60 हजार रुपये की रिश्वत ली, उन्हें रंगेहाथ पकड़ लिया गया। वहीं, प्राचार्य जियाउर रहमान अंसारी को भी देर रात गिरफ्तार कर लिया गया। इस कार्रवाई के बाद भिवंडी शहर के शिक्षण क्षेत्र में खलबली मच गई है।

खंडेलवाल ने दिल्ली में "दिल्ली आर्थिक विकास परिषद" के गठन का दिया सुझाव

तरुणमित्र / ब्यूरो

ठाणे।कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के राष्ट्रीय मंत्री एवं अखिल भारतीय खाद्य तेल व्यापारी महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष शंकर ठक्कर ने बताया चांदनी चौक से भाजपा सांसद एवं कैट के राष्ट्रीय महामंत्री प्रवीन खंडेलवाल ने दिल्ली की मुख्यमंत्री श्रीमती रेखा गुप्ता से आग्रह किया है कि दिल्ली में आर्थिक एवं औद्योगिक गतिविधियों को गति देने के उद्देश्य से एक "दिल्ली आर्थिक विकास परिषद" का गठन किया जाए। उन्होंने कहा कि ऐसी परिषद न केवल दिल्ली में आर्थिक विकास को नई दिशा देगी, बल्कि दिल्ली को राजस्व के मामले में आत्मनिर्भर भी बनाएगी। खंडेलवाल ने इस संबंध में मुख्यमंत्री को एक विस्तृत पत्र भेजा है। पत्र में उन्होंने उल्लेख किया है कि पिछले लगभग दस वर्षों में दिल्ली में किसी भी प्रकार की ठोस आर्थिक या व्यापारिक नीति लागू नहीं हुई है, जिसके परिणामस्वरूप दिल्ली का व्यापार, उद्योग और सेवा क्षेत्र कई प्रकार की चुनौतियों का सामना कर रहा है। उन्होंने कहा कि यदि दिल्ली को देश के अन्य महानगरों की तुलना में अग्रणी बनाना है, तो आर्थिक विकास के लिए एक समर्पित और व्यवस्थित योजना बनाना अत्यंत आवश्यक है। इस योजना से दिल्ली में ही रोजगार के बड़े नए अवसर प्राप्त हो सकेंगे। अपने पत्र में खंडेलवाल ने यह भी उल्लेख किया कि हाल ही में केंद्र सरकार के शहरी सुधार से संबंधित एक उच्च स्तरीय समिति के अध्यक्ष केशव वर्मा ने अपनी रिपोर्ट सरकार को सौंपी है। इस रिपोर्ट में शहरी विकास को आर्थिक सुदृढ़ता के साथ जोड़ने की आवश्यकता को रेखांकित किया गया है। समिति ने अपने सुझाव में प्रत्येक बड़े शहर में "सिटी इकोनॉमिक डेवलपमेंट काउंसिल" के गठन का प्रस्ताव रखा है, ताकि शहर अपने स्तर पर आर्थिक संसाधन उत्पन्न कर आत्मनिर्भर बन सकें। इस रिपोर्ट पर वित्त मंत्रालय गंभीरता से विचार कर रहा है। समिति ने प्रत्येक शहर में ब्राउनफील्ड डेवलपमेंट का सुझाव दिया है लगभग हर शहर में विकास बिना किसी ठोस योजना के हुआ है जिससे शहरों का चरित्र विकृत ही गया है। शहरों में कारोबारी गतिविधियां शहरों के बीच में ही हुई है जबकि आबादी शहर और उसके आस पास तक फैल चुकी हैं। इस वास्तविकता को देखते हुए शहरों के आर्थिक विकास को एक नई दिशा देने की जरूरत है जिससे शहर आर्थिक रूप से स्वयं के संसाधनों पर निर्भर रह सकें और आर्थिक गतिविधियों को एक नया आयाम मिलें। खंडेलवाल ने कहा कि दिल्ली, जो देश की राजधानी है और देश के सबसे बड़े व्यापारिक केंद्रों में से एक है, को इस पहल का सबसे पहले लाभउठाना चाहिए। यदि समय रहते दिल्ली में "दिल्ली आर्थिक विकास परिषद" का गठन कर, नीति-निर्माण, निवेश प्रोत्साहन, व्यापार सुलभता, औद्योगिक पुनरुद्धार और सेवा क्षेत्र के विस्तार जैसे क्षेत्रों में समन्वित प्रयास किए जाएं, तो दिल्ली आर्थिक दृष्टि से आत्मनिर्भर बन सकती है। उन्होंने सुझाव दिया कि इस परिषद में सरकार के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ-साथ व्यापारिक संगठनों, औद्योगिक निकायों, विशेषज्ञों और शहरी विकास के जानकारों को भी शामिल किया जाए, ताकि नीति निर्माण जमीनी हकीकत पर आधारित हो और प्रभावी रूप से लागू किया जा सके।

राष्ट्रीय मानवाधिकार एवं महिला बाल विकास आयोग का संपन्न हुआ 'राष्ट्रीय अधिवेशन व सम्मान समारोह'

तरुणमित्र-ओमप्रकाश द्विवेदी

वसई रोड। मुंबई से सटे वसई रोड पूर्व रूद्र शेल्टर होटल के सभागार में गुरुवार,30 अप्रैल को देश के प्रतिष्ठित सामाजिक संगठन 'राष्ट्रीय मानवाधिकार एवं महिला बाल विकास आयोग' का एक दिवसीय राष्ट्रीय अधिवेशन और सम्मान समारोह भव्य तौर पर मनाया गया। समारोह में पूरे देश से आये सामाजिक कार्यकर्ता, अधिवक्ता,अधिकारीक वर्ग,संस्थाओं के प्रतिनिधियों के अलावे लोकतंत्र के चौथे स्तंभ मीडिया कर्मियों को उन्हें विभिन्न क्षेत्रों में किये गये अमूलचूल परिवर्तन के लिए लगभग 100 हस्तियों को राष्ट्रीय स्तर पर सम्मान भेंट की गयी। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा भारत माता के चित्र पर मल्यार्पण और द्वीप प्रज्वलन के उपरांत और शहीदों को सामुहिक विनम्र श्रद्धांजलि से की गयी। आयोग के मुख्य महासचिव डा.रविंद्र मिश्र ने स्वयं के उद्बोधन में स्पष्ट किया कि यह मंच केवल सम्मान का नहीं बल्कि सामाजिक चेतना, सहभागिता और सशक्तिकरण की दिशा में ठोस प्रयास का प्रतिक है।

अधिवेशन के दौरान महिला एवं बाल सुरक्षा, विधिक जागरूकता,घरेलू हिंसा,बाल शोषण,सायबर अपराध जैसे विषयों पर विशेषज्ञ पैनल की चर्चाओं में वरिष्ठ अधिवक्ताओं, सामाजिक वैज्ञानिकों, पूर्व न्यायधीशों और पत्रकारों ने विचार साझा किये। सांस्कृतिक कार्यक्रम की श्रृखंला में बच्चों तथा युवाओं द्वारा प्रस्तुत नाट्य, कविता पाठ, लोकनृत्य आदि ने अतिथियों को समकालीन समस्याओं पर मंथन के लिए जोर दिया। राष्ट्रीय संत गौरव सम्मान पुरस्कार-2025 से श्रद्धेय संतजन डा.श्री योगी विजेंद्र नाथ महाकाल आखाड़ा, परमपूज्य दिगंबर सत्यगिरी जी, आचार्य शिवप्रित माँ-इंदौर(योग गुरु,प्रेरक प्रवक्ता, कथा व्यास),पंकज गिरी जी महाराज-निरंजनी आखाड़ा हरिद्वार और अनंत विभूषित महामंडलेश्वर देवस्वरुपा सरस्वती-श्री पंचायती आखाड़ा महानिर्वाणी को विभूषित किया गया। समारोह में मुख्यातिथि के रुप में विकास महंते,दयाराम मिश्रा राष्ट्रीय अध्यक्ष आयोग व शांतिदेवी दयाराम मिश्र संस्थापिका आयोग के अलावे विशिष्ट अतिथि रामगोपाल भट्ट पूर्व डीआईजी राजस्थान,अशोक भट्ट अध्यक्ष राष्ट्रीय सलाहकार समिति,गोपाल कृष्ण मिश्रा अध्यक्ष ग्लोबल नेशन ओपेन यूनिवर्सिटी, भारत,अलिशा बेगम भारतीय सलाहकार ग्लोबल नेशन ओपेन यूनिवर्सिटी व राकेश निराला और सुनिता निराला जैसे कई प्रमुख जन उपस्थित रहे।

बिहार जनसेवा संस्था ने मनाया महाराष्ट्र/मजदूर दिवस, कामगारों का किया गया सत्कार

तरुणमित्र-ओमप्रकाश द्विवेदी

पालघर। 'एक भारत-श्रेष्ठ भारत' के बैनर तले पहली मई को महाराष्ट्र के स्थापना और मजदूर दिवस पर औद्योगिक शहर बोईसर प.टाकी नाका टीमा ग्राउंड में महाराष्ट्र के सम्मान में 'बिहार जनसेवा संस्था' द्वारा आयोजित भव्य उत्सव का आनंद बड़ी संख्या सपरिवार मजदूर वर्ग के लोगों ने ली वहीं बड़े मंच से विभिन्न क्षेत्रों के 21 कामगारों का पाव पखार,अंगवस्त्रम देकर संस्था प्रमुख बबन कुमार सिंह सपत्नीक अदभुत सत्कार किया। उत्सव का शुभारंभ पुरोहित द्वारा मुख्य यजमान संस्था के प्रमुख बबन कुमार सिंह सपत्निकोहं श्रीगणेश पूजन के बाद लोकगीत गायिका खुशबू मिश्रा की गणेश वंदना से की गयी। कार्यक्रम में बच्चों के सांस्कृतिक कार्यक्रम और व्यसन मुक्ति पर प्रजापिता ब्रह्मकुमारी की ओर से प्रस्तुत की गयी लघु नाटिका और अजय शिंदे की लावणी नृत्य को पंडाल में बैठे लोगों ने भरपूर तालियां बजाकर शाबाशी दी। मुख्यातिथि के रुप में पधारे बिहार के दरभंगा से सांसद गोपाल ठाकुर ने 'बिहार जनसेवा संस्था' द्वारा महाराष्ट्र के सम्मान में आयोजित महाराष्ट्र/मजदूर दिवस की सराहना करते राज्य के विकास के लिए परिवार से हजारों किमी दुर यहां कल करखानों में कार्यरत प्रवाशी लोगों को शुभकामना और बधाई भेंट की।अन्य वक्ताओं में भाजपा के प्रशांत आ.संखे और बसपा के सुरेश जाधव ने कार्यक्रम की सराहना करते कामगारों के परिश्रम को सम्मान के योग्य बताया। समारोह में सम्मिलित कामगार बंधुओं और महानुभावों को सत्कार के उपरांत आभार जताते संस्था के प्रमुख बबन कुमार सिंह ने राज्य के विकास,कारखानों के प्रगति और शहरों के सुंदरीकरण में पसीने बहाने वाले मजदूरों की ओर से कहा कि कर्मभूमि से मिले सुफल के बदौलत परिवार की तरक्की के मददगार का प्रवाशी सदैव ऋणी रहेगा। समारोह में विशिष्ट अतिथि के तौर पर प्रदेश भाजपा बिहार प्रकोष्ठ की नितु सुर्वे और उत्तर भारतीय मोर्चा प्रदेश महासचिव प्रदुम्न शुक्ला मौजूद रहे।

भिवंडी में महाराष्ट्र दिवस हर्षोल्लास से मनाया गया

तरुणमित्र / ब्यूरो

भिवंडी : महाराष्ट्र की स्थापना के 66वें वर्षगांठ पर भिवंडी में महाराष्ट्र दिवस उत्साहपूर्वक मनाया गया। शहर के मुख्य शासकीय कार्यक्रम का आयोजन उपविभागीय अधिकारी कार्यालय के प्रांगण में किया गया, जहाँ उपविभागीय अधिकारी अमित सानप ने ध्वजवंदन कर राष्ट्रध्वज को सलामी दी। इस अवसर पर तहसीलदार अभिजीत खोल, राजस्व विभाग के अधिकारी-कर्मचारी और शहर के गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित थे। वहीं, तहसीलदार कार्यालय में स्थानीय विधायक महेश चौघुले के हस्ते, तहसीलदार अभिजीत खोल की प्रमुख उपस्थिति में राष्ट्रध्वज को सलामी दी गई। पुलिस उपायुक्त कार्यालय प्रांगण में पुलिस उपायुक्त डॉ. मोहन दहीकर ने ध्वज फहराया। इस दौरान सभी पुलिस थानों के वरिष्ठ अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

श्री प्रयागराज सेवा फाउंडेशन द्वारा भगवान परशुराम जन्मोत्सव का आयोजन, शहीदों को दी श्रद्धांजलि

तरुणमित्र / ब्यूरो

ठाणे।। ब्राह्मण कुलभूषण, भक्ति और शक्ति के प्रतीक, भगवान श्री परशुराम जी के जन्मोत्सव के शुभ अवसर पर श्री प्रयागराज सेवा फाउंडेशन द्वारा अक्षय तृतीया के पावन दिवस पर एक भव्य और भावनात्मक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में भगवान परशुराम के जीवन, उनके पराक्रम और समाज कल्याण हेतु किए गए कार्यों की विस्तृत चर्चा की गई। इस अवसर पर हाल ही में पहलगाम में हुई निर्मम हत्याओं में शहीद हुए देश के वीर सपूतों की आत्मशांति के लिए दो मिनट का मौन व्रत धारण किया गया।

सभी उपस्थितजनों ने शहीदों को पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम में उपस्थित सभी अतिथियों का स्वागत पुष्पगुच्छ और रामनामी दुपट्टा भेंट कर किया गया। समाज के विभिन्न वर्गों से लोगों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और भगवान परशुराम के आदर्शों को आत्मसात करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर त्रिवेणी प्रसाद तिवारी (संस्थापक अध्यक्ष), अखिलेश मिश्र (ठाणे जिला अध्यक्ष), सुखराम श्रीवास्तव (ठाणे जिला महासचिव), दिवाकर पांडेय (ठाणे जिला कोषाध्यक्ष), संतोष कसार, योगेश उपाध्याय, मयंक शर्मा, डॉ. राम दुबे, शिवनरेश पांडेय, संगीता हल्दांकर, रेशमा शेलार, मनीषा कदम सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे। इस सफल आयोजन के माध्यम से परशुराम जी की शिक्षाओं को समाज तक पहुंचाने का प्रयास किया गया, जो आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा का स्रोत बनेंगी।

हिंदू होने के कारण चलाई गोली, होश में आते ही पड़ोस में पड़ा था शव

पहलगाम आतंकी हमले में घायल घर आने के बाद बताई आपबीती

तरुणमित्र/सनी पांडेय

नवी मुंबई। पहलगाम हमले के कारण जहां भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव बढ़ गया है. वंही पाकिस्तान 24 अप्रैल की रात से नियंत्रण रेखा पर गोलीबारी कर रहा है ऐसी जानकारी जम्मू के संरक्षण प्रवक्ता ने दिया है. इसी में आतंकवादी हमले में बाल-बाल बचे पनवेल के कामोठे में रहनेवाले सुबोध पाटिल सुरक्षित घर लौटे है. घर लौटने के बाद सुबोध पाटिल ने अपना बेहद डरावना अनुभव बताया। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में पर्यटकों पर हुए आतंकी हमले के मद्देनजर एनआईए की एक विशेष टीम अत्याधुनिक उपकरणों के साथ घटनास्थल पर पहुंची है और बैसरन घाटी की 3डी मैपिंग शुरू कर दी गई है. आतंकवादी कैसे घुसे और हमले के बाद कैसे भाग निकले इसका पता लगाया जा रहा है. इसी के मौत के मुह से बाहर आये सुबोध पाटिल ने अपना डरावना अनुभव बताये है. उन्होंने बताया कि घटना के दिन वह घोड़े से पहाड़ी के ऊपर बैठे थे. तभी अचानक गोलियों की आवाज आने लगी, उस वक्त कुछ समझ में नहीं आया. थोड़ी देर के बाद दो आतंकी उनके पास आए और बोले कि जो भी हिंदू हैं वह एक तरफ हो जाएं और जो मुसलमान हैं दूसरी तरफ. इसी बीच उन्होंने अचानक हिंदुओं पर गोली चलानी शुरू कर दी, जिसमे से एक गोली मेरी गर्दन पर आकर लगी. गोली लगते ही मैं गिर गया और काफी देर तक बेहोश पड़ा रहा. लेकिन जब होश आया तो मैने आँखें खोली और इधर उधर देखा तो मेरी पत्नी नजर नहीं आई, जिससे मैं और घबरा गया. थोड़ी देर में एक घोड़े वाले ने पानी लाकर दिया. पानी पीने के बाद घोड़े वाला मुझे घोड़े पर डालकर नीचे लेकर आया, जहां सेना के जवान ने पट्टी लगाई और एम्बुलेंस में बिठा दिया. इसके बाद वहां से भी सेना ने अस्पताल लेकर आई जहां डॉक्टरों ने इलाज किया और 7 दिनों तक वहां एडमिट रखा था. उसके बाद हमे घर आने दिया गया ।

महाराष्ट्र एवं कामगार दिवस का समारोह

तरुणमित्र / ब्यूरो

दक्षिण मुंबई की जुनी हनुमान क्रॉस लेन नं 1 में महाराष्ट्र दिवस एवं कामगार दिवस के समारोह को श्री सत्यनारायण भगवान की महापूजा करके मनाया गया। यह कार्यक्रम श्री विघ्नहर प्रतिष्ठान एवं राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी की दक्षिण मुंबई जिला द्वारा एक साथ मिलकर आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम के दौरान महाराष्ट्र राज्य के उपमुख्यमंत्री अजित दादा पवार ने कहा कि हमें सभी को साथ लेकर चलना है और महायुति सरकार का परचम चारों ओर फहराने के लिए जीतोड़ मेहनत भी करनी पड़ेगी। प्रतिष्ठान के अध्यक्ष महेंद्र जयसिंह पानसरे ने कहा कि देश और महाराष्ट्र की सरकार काफी सुचारू रूप से चल रही है लेकिन अभी भी हमें कई मोर्चों पर बाकी कार्य करने हैं और तभी हमारा राज्य देश की प्रथम पायदान पर पहुंचेगा। इस कार्यक्रम के दौरान महाराष्ट्र राज्य के उपमुख्यमंत्री अजित दादा पवार ने कहा कि हमें सभी को साथ लेकर चलना है और महायुति सरकार का परचम चारों ओर फहराने के लिए जीतोड़ मेहनत भी करनी पड़ेगी। कार्यक्रम में इस क्षेत्र एवं मुंबई के कई गणमान्य व्यक्तियों ने हिस्सा लिया जिनमें महाराष्ट्र विधानसभा अध्यक्ष एवं स्थानीय विधायक राहुल नार्वेकर, सुनेत्रा अजित पवार, शिवसेना यूबीटी के पदाधिकारी सचिनभाऊ अहीर, राजकुमार बाफना, मिनाताई कांबळी, विभाग प्रमुख संतोष शिंदे, निवर्तमान नगरसेवक आकाश राज पुरोहित, पूर्व नगरसेवक जनक संघवी, शरदभाई शाह पेटीवाला, संपत ठाकुर एवं साथ ही क्षेत्र के प्रसिद्ध हस्तियों में आदर्श होटल समूह के घनश्याम भाई, जगदीश भाई एवं मनीष भाई, राष्ट्रवादी कांग्रेस के उत्तम जैन, एनसीपी मुंबई वर्किंग प्रेसिडेंट सिद्धार्थ कांबळे, एनसीपी प्रदेश प्रवक्ता संजय तटकरे, एनसीपी के किरण शिंद इत्यादि मौजूद थे। इस कार्यक्रम के दौरान कश्मीर में हाल ही में हुए आतंकवादी हमले में मारे गए लोगों के प्रति सम्मान एवं संवेदना व्यक्त करने के लिए दो मिनट का मौन रखा गया था। श्री विघ्नहर प्रतिष्ठान की तरफ से सोहम पानसरे ने आभार व्यक्त किया।

आपूर्ति संबंधी चिंताओं के कारण बिकवाली के बाद तेल की कीमतों में राहतः उदय सुरेश भाई ठक्कर

तरुणमित्र / ब्यूरो



ठाणे। कनफेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के उदय सुरेश भाई ठक्कर ने कहा तेल की कीमतों में गुरुवार को बढ़ोतरी हुई, पिछले दिन की तेज गिरावट के बाद थोड़ी स्थिरता आई, क्योंकि सऊदी अरब अधिक उत्पादन कर सकता है, और पहली तिमाही में अमेरिकी अर्थव्यवस्था में संकुचन हुआ। ब्रेंट क्रूड वायदा 16 सेंट या 0.3% बढ़कर 61.22 डॉलर प्रति बैरल हो गया। यू.एस. वेस्ट टेक्सास इंटरमीडिएट क्रूड वायदा 6 सेंट या 0.1% बढ़कर 58.27 डॉलर पर पहुंच गया। WTI बुधवार को मार्च 2021 के बाद से अपने सबसे निचले स्तर पर बंद हुआ। सूत्रों के अनुसार, सऊदी अरब के अधिकारी सहयोगियों और उद्योग विशेषज्ञों को यह बताने के लिए ब्रीफ कर रहे हैं कि राज्य आगे की आपूर्ति में कटौती करके तेल बाजार को सहारा देने के लिए तैयार नहीं है और कम कीमतों की लंबी अवधि को संभाल सकता है। आपेक के कई सदस्य समूह को लगातार दूसरे महीने जून में तेल उत्पादन में वृद्धि करने का सुझाव देंगे, ओपेक + से परिचित तीन सूत्रों ने बताया इसके अलावा, पहली तिमाही में तीन वर्षों में पहली बार अमेरिकी अर्थव्यवस्था में संकुचन हुआ, आयात की बाढ़ के कारण व्यापार टैरिफ से उच्च लागत से बचने के लिए दौड़ पड़े और राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की अक्सर अव्यवस्थित व्यापार नीति की विघटनकारी प्रकृति को रेखांकित किया।

वैश्विक शांति के लिए विकसित भारत की अवधारणा

पंकज जगन्नाथ जयस्वाल

भौतिकवादी दुनिया ने विकास, खुशी, प्राकृतिक अवलोकन, रिश्तों, देखभाल, अपनापन और सामाजिक संबंधों के आयामों को बदल दिया है। हालाँकि दुनिया प्रौद्योगिकी और विज्ञान के उपयोग के माध्यम से जीवन के हर भौतिक क्षेत्र में तेज़ी से विस्तार कर रही है, जो सराहनीय है लेकिन क्या हम वास्तव में खुश, आनंदित, प्रकृति के प्रति जागरूक और वास्तव में सही जीवन जी रहे हैं या हमने अपने जीवन को मशीनीकृत कर दिया है, प्रेम, बंधन और सामाजिक आदर्शों को भूल गए हैं। हम 2047 में स्वतंत्रता के 100 साल मनाएंगे; हमें आने वाले दशकों में भारत को फिर से महान बनाने के लिए कैसे प्रयास और ध्यान केंद्रित करना चाहिए, शांति, आनंद और बढ़ी हुई सामाजिक आर्थिक ताकत के साथ? आइए देखें कि हम इस शानदार राष्ट्र के भाग्य को बदलने के लिए कैसे मिलकर काम कर सकते हैं।

भारत को महाशक्ति क्यों नहीं बनना चाहिए : जब हमने "अमृत काल" में प्रवेश किया और 2047 तक भारत के "विश्वगुरु" बनने की कामना की। इसका क्या मतलब है? क्या यह संयुक्त राज्य अमेरिका, रूस या चीन जैसी महाशक्ति को संदर्भित करता है? बिल्कुल नहीं। हम महाशक्ति नहीं बनना चाहते, जिसका अर्थ है अहंकार, लालच, अनैतिकता, प्राकृतिक संसाधनों का दोहन, विकासशील और अविकसित राष्ट्रों को नियंत्रित करने के लिए संघर्ष और युद्ध की संस्कृति, आर्थिक अनियमितताएं इत्यादि। तो, 2047 में भारत कैसा दिखना चाहिए, जब हमारे पास 30 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था, सबसे बड़ी रक्षा सेना और विशाल कार्यबल होगा?

"विश्वगुरु" का वास्तव में क्या अर्थ है? : हमें एक ऐसा राष्ट्र बनाना चाहिए जिसमें प्रत्येक नागरिक व्यक्तिगत और राष्ट्रीय चरित्र का विकास करे। राष्ट्रीय लोकाचार और राष्ट्र-प्रथम मानसिकता स्वार्थी व्यवहार पर वरीयता लेगी। जब ऐसी मानसिकता विकसित होती है तो मजबूत सामाजिक बंधन वाला राष्ट्र बड़े पैमाने पर सामाजिक-आर्थिक प्रगति का अनुभव करता है, साथ ही पर्यावरण की रक्षा और प्रबंधन भी करता है। जब ऐसा विश्व दृष्टिकोण उभरता है तो न केवल व्यक्ति, समाज और राष्ट्र समृद्ध हो सकते हैं बल्कि संपूर्ण विश्व सामाजिक, आर्थिक और आध्यात्मिक रूप से लाभान्वित होता है। किसी भी राष्ट्र का स्वार्थी कारणों से शोषण या वर्चस्व नहीं किया जाएगा; इसके बजाय, विकासशील और अविकसित राष्ट्रों को राष्ट्र निर्माण के सभी पहलुओं में प्रोत्साहित किया जाएगा। यही विश्वगुरु का सही अर्थ है। हम "जीवंत राष्ट्र" इसलिए कहते हैं क्योंकि अगर ऐसा नहीं है तो यह सिर्फ जमीन का एक टुकड़ा है जहाँ हिंसा, अपराध, अन्याय, घृणा और असमानता सभी समाज का हिस्सा हैं। दीनदयाल उपाध्याय जी ने इसे इस तरह से कहाः "हम एक राष्ट्र हैं, देश नहीं और हम अतीत के जीवंत उदाहरण रहे हैं। अगर हम अपने ऐतिहासिक तथ्यों का अध्ययन करें तो हम एक जीवंत राष्ट्र के रूप में अपनी महान विरासत को जान पाएंगे।" जब नागरिकों में यह मानसिकता जागृत होती है तो लोग और समाज सद्भाव से रहते हैं, जीवन जीने का बंधन बनाते हैं और एक साथ बाधाओं को पार करते हैं, खुशी बढ़ती है। हम सिर्फ आर्थिक स्तर बढ़ाने में विश्वास नहीं करते हैं। यह समझना महत्वपूर्ण है कि जीडीपी या किसी अन्य आर्थिक मीट्रिक के संदर्भ में आर्थिक विकास व्यक्तिगत शारीरिक, मानसिक और सामाजिक स्वास्थ्य को खतरे में डालकर समाज को कमजोर करने की कीमत पर नहीं होना चाहिए, जो अंततः समाज और राष्ट्र को कमजोर करेगा। जब हम दुनिया की वर्तमान आर्थिक स्थिति को देखते हैं, तो हम देख सकते हैं कि शराब, कई रूपों में नशीले पदार्थ, दवाइयां और चिकित्सा आवश्यकताएं, प्राकृतिक संसाधनों का दोहन और पर्यावरण और प्राकृतिक आवासों का विनाश, सभी जीडीपी में महत्वपूर्ण योगदान देते हैं। यदि राष्ट्र को इन अप्राकृतिक, अनैतिक कार्यों के परिणामस्वरूप अधिक धन प्राप्त होता है, तो ऐसा जीडीपी सराहनीय नहीं है।

भारत राष्ट्र के रूप में हमें यह सोचना चाहिए कि हम सनातन धर्म के सिद्धांतों को आधार बनाकर शारीरिक, मानसिक, सामाजिक और आर्थिक स्वास्थ्य के मामले में एक स्वस्थ व्यक्ति और समाज बनाने के लिए काम करेंगे। हमें ऐसे किसी भी आर्थिक विस्तार को त्याग देना चाहिए जो व्यक्तियों, समाज और राष्ट्र के स्वास्थ्य को खतरे में डालता हो। याद रखें कि एक कमजोर समाज एक कमजोर राष्ट्र को जन्म देता है, इसलिए यह महत्वपूर्ण है कि हम दुनिया को आर्थिक ताकत दिखाने के लिए व्यक्तिगत या सामाजिक स्वास्थ्य का त्याग न करें। सनातन धर्म जीवन के सभी पहलुओं में जीवन को अधिक सार्थक बनाता है। वास्तविक जीवन में सनातन सिद्धांतों का ज्ञान और कार्यान्वयन जीवन कौशल और ज्ञान को बढ़ाता है, जिससे समाज और राष्ट्र की मजबूती में योगदान मिलता है।

उज्ज्वल भविष्य के लिए आत्मनिर्भर भारत : आत्मनिर्भरता राष्ट्र को मजबूत बनाने की कुंजी है। आत्मनिर्भरता पर ध्यान केंद्रित करने से रोजगार के अवसर पैदा करने, उद्यमियों को आगे बढ़ाने, वैश्विक बाजारों का विस्तार करने, प्रौद्योगिकी को उन्नत करने और कौशल और ज्ञान का निर्माण करके राष्ट्र को लाभ होता है। मोदी सरकार ने आत्मनिर्भर भारत की शुरुआत की और हम राष्ट्रीय शक्ति के संदर्भ में इसके परिणाम देख रहे हैं। सरकारों, उद्योगपतियों और समाज को सेमीकंडक्टर, रक्षा, विनिर्माण, कृत्रिम बुद्धिमत्ता, अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी, कृषि उपज, खाद्य प्रौद्योगिकी, फार्मास्यूटिकल्स, स्वास्थ्य सेवा, डिजिटल दुनिया और पर्यावरण प्रबंधन सहित हर क्षेत्र को मजबूत करने के लिए मिलकर काम करना चाहिए। यह आत्मनिर्भरता पर्यावरण को नुकसान पहुँचाए बिना या प्राकृतिक संसाधनों का दोहन किए बिना हासिल की जानी चाहिए।

आर्थिक विकास के लिए अनुसंधान और विकास : कोई भी राष्ट्र सामाजिक-आर्थिक रूप से विकसित नहीं हो सकता है यदि वह अनुसंधान और विकास, नवीन विचारों और रचनात्मकता के लिए पर्याप्त संसाधन समर्पित नहीं करता है। अनुसंधान किसी भी राष्ट्र की प्रगति के लिए आधार का काम करता है। भारत में अनुसंधान और नवाचार का एक लंबा इतिहास है, ऋषि कणाद, भास्कराचार्य द्वितीय और आचार्य सुश्रुत, सूची लंबी है लेकिन जब मुगलों और फिर अंग्रेजों ने हम पर आक्रमण किया, तो हमने अपना अनुसंधान-उन्मुख दृष्टिकोण खो दिया और मैकाले की शिक्षा प्रणाली ने हमें गंभीर रूप से नुकसान पहुंचाया। इस दृष्टिकोण में मोदी सरकार के प्रयास कई क्षेत्रों में शानदार परिणाम दे रहे हैं, जिनमें स्टार्ट-अप और यूनिकॉर्न शामिल हैं। स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र में और अधिक प्रयासों की आवश्यकता है, विशेष रूप से आयुर्वेदिक और होम्योपैथिक उपचारों में। रक्षा, शिक्षा, इलेक्ट्रॉनिक्स, कंप्यूटर, सॉफ्टवेयर और कृषि सभी को विकास पर अधिक ध्यान केंद्रित करना चाहिए।

नई शिक्षा प्रणाली पर जोर : अंग्रेजों द्वारा महान भारत, जिसकी सांस्कृतिक विरासत बहुत बड़ी है और जो तमाम बाधाओं के बावजूद महान राष्ट्र है, उसके खिलाफ सबसे खतरनाक खेल खेला गया, वह था सबसे बेहतरीन शिक्षा प्रणाली से मैकाले की सबसे खराब शिक्षा प्रणाली पर स्विच करना, जिसने हमें कमजोर बना दिया और गुलाम मानसिकता को स्थापित किया। स्वतंत्रता के बाद भी, हमारी औपनिवेशिक मानसिकता कायम रही, जिसने हमें अपनी पूरी क्षमता तक बढ़ने और विकसित होने से रोका। शिक्षा वह नींव है जिस पर एक बच्चे का मासूम दिमाग विकसित होता है, जो एक ऐसे युवा को जन्म देता है जो देश के भाग्य को आकार देता है। यहाँ, हमारे राजनीतिक दलों ने हमारी पीढ़ियों के लिए सबसे बुरा काम किया है, जिसके परिणामस्वरूप सभी मोर्चों पर कमजोर विकास हुआ है और भारत की मौलिक पहचान को नुकसान पहुँचा है। मोदी सरकार ने आवश्यक बदलावों को लागू करने के लिए एक नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति पेश की है।

भारत को तोड़ने वाली ताकतें नई शिक्षा नीति का कड़ा विरोध कर रही हैं; लेकिन, हर माता-पिता, स्कूल, विश्वविद्यालय और समुदाय को आगे आकर इस नीति का समर्थन करना चाहिए, जो हमारी आने वाली पीढ़ियों में सकारात्मक बदलाव लाएगी। आधुनिक और प्राचीन शिक्षा हमारी आने वाली पीढ़ियों को जीवन, समाज और राष्ट्र के सभी तत्वों के लिए तैयार करेगी। व्यक्तिगत और राष्ट्रीय चरित्र से ही ऐसे युवा का निर्माण होगा जो शोध-उन्मुख, नवोन्मेषी और सृजनशील होगा, जिसमें उद्यमशीलता की महान क्षमता होगी, जो समानता और समभाव को महत्व देगा तथा परोपकारी प्रवृत्ति विकसित करेगा। इस तरह हम भारत को फिर से महान बनाने के अपने सपने को साकार कर सकते हैं। सनातन सिद्धांतों पर आधारित सही शिक्षा हमें फिर से विश्वगुरु बना देगी।

ग्रामीण विकास पर ध्यान दें : हमारे देश में 6 लाख से ज़्यादा गाँव हैं और कृषि और उससे जुड़ी क्रियाकलापों का हमारी अर्थव्यवस्था में 70% से ज़्यादा हिस्सा है। इसलिए, उनकी सांस्कृतिक पहचान का सम्मान करते हुए प्राथमिक ध्यान ग्रामीण विकास पर होना चाहिए। ग्रामीण विकास बेहतर कृषि तकनीकों, कृषि उपज से जुड़े व्यवसायों और पर्यावरण को प्रभावित किए बिना आवश्यकताओं पर ध्यान केंद्रित करता है। विकास को संतुलित तरीके से आधुनिक और पारंपरिक दोनों रीति-रिवाजों को बढ़ावा देना चाहिए। सांस्कृतिक विरासत, जीवनशैली और जीवन शैली पर ज़ोर देने वाले ग्रामीण पर्यटन को बढ़ावा दिया जाना चाहिए। प्रतिस्पर्धा करने के लिए आधुनिक रणनीति के साथ डेयरी और डेयरी उत्पाद, मधुमक्खी पालन आदि जैसे छोटे उद्यमों को तकनीकी और वित्तीय रूप से समर्थन दिया जाना चाहिए। यदि ग्रामीण विकास सफल होता है, तो 2047 तक 30 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था हासिल करना अवास्तविक नहीं है।

शांति और शक्ति दोनों एक-दूसरे से जुड़े हैं : सैन्य शक्ति, आर्थिक शक्ति और राजनीतिक शक्ति का उद्देश्य किसी राष्ट्र का शोषण करना नहीं है लेकिन इनका शांति से महत्वपूर्ण संबंध है। यदि किसी देश के पास मजबूत सैन्य और आर्थिक शक्ति है, साथ ही उचित मानसिकता है तो कोई भी अन्य देश उस पर आक्रमण करने के बारे में नहीं सोचेगा। हमने अतीत में देखा है कि जब हम कमजोर थे तो पाकिस्तान हमें रोजाना धमकाता था और हमारी सीमाओं पर अक्सर गोलीबारी करता था। चीन ने प्रधानमंत्री नेहरू के कार्यकाल में हमारे देश के एक हिस्से पर कब्जा कर लिया और अपने कब्जे का विस्तार करने के लिए विभिन्न साधनों का उपयोग किया लेकिन प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में जैसे-जैसे हमारी सैन्य, आर्थिक और राजनीतिक शक्ति बढ़ी है, पाकिस्तान और चीन अधिक मूक होते गए हैं। भारत की अवधारणा सभी देशों के लिए समृद्धि और शांति को प्राथमिकता देती है, जिससे एक लाभकारी और स्वस्थ वैश्विक वातावरण बनता है। हमारी शिक्षा प्रणाली में एक विशिष्ट आयु के सभी विद्यार्थियों के लिए दोनों प्रकार के प्रशिक्षण, एक तकनीकी कौशल और दूसरा सैन्य कौशल शामिल होना चाहिए। यह औपनिवेशिक दृष्टिकोण को राष्ट्रवादी मानसिकता में बदल देता है। यदि ग्लोब भारत और भारतीयत्व के नक्शेकदम पर चलना चाहता है, तो हमें सही दिशा में तेजी से आगे बढ़ना चाहिए।

विश्व ने यूरोपीय विचारधारा के साथ-साथ अमेरिकी, रूसी और चीनी शासन और वैचारिक पद्धतियों के तरीकों को भी देखा है; फिर भी, प्रत्येक विचारधारा और शासन पद्धति विफल रही है। प्राचीन भारत में सनातन धर्म के सिद्ध सिद्धांत और तरीकों की तत्काल आवश्यकता है और दुनिया कठिनाइयों को हल करने और शांति एवं सद्भाव बनाने के लिए हमारी ओर रुख कर रही है। यह हर भारतीय के लिए जागने और खुद को, अपने समुदायों, अपने राष्ट्र और दुनिया को बेहतर बनाने के लिए काम करने का समय है।

(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)

पहलगाम आतंकी हमले में हिन्दू धर्म को निशाना बनाना पाकिस्तान की अक्षम्य भूल!!!

सूबेदार मेजर आर एस शेखावत

- **पाकिस्तान के चार टुकड़े और पीओके का भारत में मिलना देखेगा विश्व !!!?**
- **यह सूबेदार मेजर रमेश सिंह शेखावत की भविष्यवाणी !!!**

पहलगाम की सुंदर घाटी को रक्त रंजित करने के लिये आतंकवाद का जिन्न भले ही निकल आया हो, लेकिन इस बार निर्दोष एवं बेकसूर लोगों का रक्त व्यर्थ नहीं जाना चाहिए। यह हमला पाकिस्तान की बौखलाहट का नतीजा है, उसी के इशारे पर किया गया। यह मानने के पुख्ता एवं पुष्ट कारण हैं कि पाकिस्तान सुलगते बलूचिस्तान से दुनिया का ध्यान हटाना चाहता है और उसे यह रास नहीं आ रहा कि कश्मीर में स्थितियां तेजी से सामान्य होती जा रही हैं। भारत को पाकिस्तान के शैतानी इरादों के प्रति और अधिक सतर्क रहना चाहिए था। वह न पहले भरोसे लायक था और न अब। अब आतंकियों को शह और सहयोग देने वाले पाकिस्तान को निर्णायक रूप से सबक सिखाया जाना ज्यादा जरूरी हो गया है। तहव्वुर राणा का प्रत्यर्पण आतंकवाद के खिलाफ भारत की एक बड़ी जीत बनी है, जिससे भी पाकिस्तान भयभीत बना। मुंबई सहित देश के अन्य हिस्सों और विशेषतः जम्मू-कश्मीर में आतंकी हमले की पूरी प्लानिंग के पीछे पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई व उसकी जमीन पर सक्रिय आतंकवादी संगठनों का हाथ न केवल था, बल्कि आर्थिक एवं अन्य तरह का सहयोग भी शामिल है। पहलगाम की ताजा घटना हो या बार-बार होने वाली आतंकी घटनाएं तमाम सबूत होने के बाद भी पाकिस्तान इन हमले के पीछे अपनी कोई भूमिका होने से इनकार करता रहा है। हालांकि वह आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा के प्रमुख हाफिज सईद और जकी-उर-रहमान लखवी जैसे आतंकवादी सरगनाओं को बचाता भी रहा है। राणा के माध्यम पाकिस्तान का पूरा सच देश एवं दुनिया के सामने आने का डर पाकिस्तान को सता रहा था, तभी उसने इस पहलगाम की घटना को अंजाम दिया। लेकिन अब हद हो गयी। अब एक साथ कई मोर्चें पर आतंकवाद के खिलाफ कमर कसनी होगी, अब भारतीय सुरक्षा एजेंसियों का असली बड़ा काम यहां से शुरू करना होगा। अमेरिका राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सीमा पार यानी पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद से लड़ने में भारत का साथ देने का संकल्प एकबार फिर दोहराया है, इसी तरह रूस भी भारत के साथ है। अनेक देशों ने भारत की आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में हर तरह से सहयोग का वादा किया है। अब समय आ गया है पाकिस्तान को उसकी जमीन दिखाने एवं उसके विध्वसंक एवं विनाशकारी मनसूंबों को नेस्तनाबूंद करने का। तीन दशकों से कश्मीर घाटी दोषी और निर्दोषी लोगों के खून की हल्दीघाटी बनी रही है। लेकिन वर्ष 2014 के बाद से, नरेन्द्र मोदी के प्रधानमंत्री बनने के बाद से वहां शांति एवं विकास का अपूर्व वातावरण बना है, यही पाकिस्तान को रास नहीं आ रहा है। कश्मीर सहित समूची दुनिया से आतंकवाद को समाप्त करने का नेतृत्व करके मोदी एक और करिश्मा घटित करने को तत्पर होना भी पाकिस्तान के लिये बड़ी चुनौती बना है, पहलगाव जैसी घटनाएं उनके इरादों को कमजोर नहीं, बल्कि बलशाली ही बनाती है। अब कश्मीर में आतंक का अंधेरा नहीं, शांति का उजाला होना ही चाहिए। दुनिया के शक्तिसंपन्न राष्ट्र भी मंथन करें आतंक रूपी विष और विषमता को समाप्त करने का, शांतिपूर्ण दुनिया निर्मित करने का। अब समय आ गया है कि पाकिस्तान में घूस कर सबक सिखाने का। सर्जिकल अटैक ही पुख्ता जबाव हो सकता है। आतंक से जो जन्मती है, वह संस्कृति नहीं होती है, उसमें पाशविकता होती है, उसमें जानवर विद्यमान होते हैं। ऐसे व्यक्ति, संगठन एवं देश किसी के प्रिय नहीं हो सकते, वे मानवता को त्राण नहीं, संत्रास देते हैं। लगातार हो रहे इन हमलों के बाद भी हिन्दू समुदाय शांति और करुणा की ही बात करता आया है। पर एक बड़ा सवाल ये है कि आखिर कब तक यह सिलसिला चलेगा? भारत दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थ-व्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है। भारत के बढ़ते कदमों को रोकने के लिये पाकिस्तान आतंकी संगठन और आतंक का सहारा ले रही हैं। भारत सरकार की नीति, सशक्त सुरक्षा व्यवस्था, सरकार की सतर्कता के चलते ही पाकिस्तान, वहां के आतंकवादी संगठन एवं आतंकवादी अपने मनसूबों में कामयाब नहीं हो पा रहे हैं। लगातार असफलता से खीझे एवं बौखलाये हुए आतंकी कोई-न-कोई नई और अधिक खौफनाक आतंकी घटना को अंजाम देने में जुटे रहते हैं, हमारी सुरक्षा एजेंसियों को अधिक सतर्कता बरतने की अपेक्षा है।

संस्थापक आपजी आर्मी अकादमी वडोदरा गुजरात।
M-8511148777.

सूडोकु नवताल- 7402

सरल

3	9				1			
5	4			6	8		1	3
		1		7		9	5	
	8	9		5	3		4	7
6	1		4	9		2	3	
	3	4		1		8		
7	5		8	3			2	4
			6				7	9

Jagrutidaur.com, Bangalore

- *प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.*
- *प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.*
- *पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.*
- *पहेली का केवल एक ही हल है.*

सूडोकु नवताल -7401 का हल

9	6	2	3	4	1	7	5	8
1	4	8	9	7	5	6	2	3
5	7	3	2	6	8	1	4	9
3	2	1	6	9	4	8	7	5
4	8	7	5	1	2	9	3	6
6	9	5	8	3	7	4	1	2
8	3	4	7	2	6	5	9	1
2	1	6	4	5	9	3	8	7
7	5	9	1	8	3	2	6	4

शब्द पहेली - 8464

■	1		2	3	■	4		5
6		■	7		8	■	■	
9		10	■	11				
■	12		13	■		■	■	
14	■	15		■	16	17	■	
	■	■		■	18		19	■
20				21	■	22		23
	■	■	24		25	■	26	
27			■	28				■

बाएँ से दाएँ

1. सुरक्षित, संरक्षित-4
4. उत्सुकता, जिज्ञासा-3
6. पिता के पिता-2
7. नमस्कार, प्रणाम-3
9. आखेट मंच-3
11. आत्मबलिदानी-5
12. प्लेट, तश्तरी-3
15. रहस्य, भेद-2
16. जी, चित्त-2
18. जुड़वा-3
20. मन का मिलना-5
22. नल, टोंटी-3
24. देवर्षि, देवमुनि-3
26. गुप्तचर, जासूस-2
27. गमन, विदा होना-3
28. ईश्वर, रब-4

ऊपर से नीचे

1. सद्चरित्रता-3
2. इच्छा, मर्जी-2
3. अंधकार, अंधेरा-3
5. धार्मिक आयोजन स्थल तक मंगल कलश ले जाना-5
6. मोल, कीमत, दर-2
8. नरक के समान-5
10. बेकार, अयोग्य-3
13. बुआई करना-2,3
14. विश्वविजेता, संसार जीतने वाला (उर्दू-5)
17. प्रणाम, नमस्कार-3
19. जल में रहने वाला-4
21. स्वर्ग का विलोम-3
23. छोटी सवारी गाड़ी-2
25. कीमत, भाव-2

शब्द पहेली -8463 का हल

श	ब	न	म	■	■	आ	का	श
रा	■	■	स्त	र	ही	न	■	म
रा	त	■	■	सी	ना	■	■	शी
■	र	ग	■	ला	■	क	बी	र
■	का	ज	ल	■	अ	स	र	■
क	री	ब	■	मि	■	र	ब	■
रा	■	■	चा	रा	■	■	ल	ब
मा	■	रा	ह	ज	नी	■	■	हा
त	र	ह	■	■	म	ज	बू	र

■ Jagrutidaur.com, Bangalore

आज का पंचांग

शनिवार 2025 वर्ष का 123 वां दिन, दिशाशूल पूर्व ऋतु ग्रीष्म। विक्रम संवत् 2082 शक संवत् 1946, मास वैशाख पक्ष शुक्ल, तिथि षष्ठी 07.52 बजे को समाप्त। नक्षत्र पुनर्वसु 12.34 बजे को समाप्त। योग शूल 01.41 बजे रात्र को समाप्त। करण तैतिल 07.52 बजे तदनन्तर गर 19.30 बजे को समाप्त।

आज का राशिफल

मेष : व्ययाधिक्य का अवसर आ सकता है। लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। बुद्धितत्व की सक्रियता से अल्प लाभ का हर्ष होगा। कुछ महत्वपूर्ण कार्य बनाने के लिए भाग-दौड़ रहेगी। लाभकारी गतिविधियों में सक्रियता रहेगी। रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है। धार्मिक स्थलों की यात्रा का योग। शुभांक-4-6-8

वृषः सुबह की महत्वपूर्ण सिद्धि के बाद दिन-भर उत्साह रहेगा। स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखें। व्यापार में वृद्धि होगी। नौकरी में सहयोगियों का सहयोग प्राप्त होगा। यात्रा का योग हैं। पारिवारिक परेशानी बढ़ेगी। कुछ प्रतिकूल गोचर का क्षोभ दिन-भर रहेगा। मेहमानों का आगमन होगा। शुभांक-5-7-9

मिथुनः प्रसन्नता के साथ सभी जरूरी कार्य बनते नजर आएंगे। मनोरथ सिद्धि का योग है। सम्मान मिलेगा। प्रतिष्ठा बढ़ाने वाले कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। कई प्रकार के हर्ष उल्लास के बीच मांगलिक कार्य सम्पन्न होंगे। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। शुभांक-7-8-8

कर्कः शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। संतोष रखने से सफलता मिलेगी। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। कारोबारी काम में बाधा बनी रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे। शुभांक-4-6-7

सिंह : शैक्षणिक क्षेत्र में उदासीनता रहेगी। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। पर प्रपंच में ना पड़े अपने काम पर ध्यान दीजिए। शुभांक-4-5-6

कन्याः परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। प्रपंच में ना पड़कर काम पर ध्यान दीजिए। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। खान-पान में सावधानी रखें। स्वास्थ्य लाभ में व्यय होगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। शुभांक-7-8-9

तुलाः स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। सुविधा और समन्वय बने रहने से कामकाज में प्रगति बनेगी। शुभांक-3-5-7

वृश्चिकः लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। कारोबारी काम में बाधा बनी रहेगी। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। संतोष रखने से सफलता मिलेगी। शुभांक-3-6-7

धनुः सुख आरोग्य प्रभावित होगा। जरा-सी लापरवाही आपको परेशानी में डाल सकती हैं। अपनी गतिविधियों पर पुनर्विचार करें। वैचारिक द्वन्द्व और असंतोष बना रहेगा। किसी सूचना से पूर्ण निर्णय सम्भव। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शुभांक-3-6-7

मकरः स्वविवेक से कार्य करें। किसी से कहा सुनी न हो यह ध्यान रहें। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होगी। कार्यक्षेत्र में तनाव पैदा होगा। माता पक्ष से विशेष लाभ होगा। पूजा-पाठ आदि धार्मिक कार्य संपन्न होंगे। शुभांक-2-5-7

कुंभ : प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। कुछ एकाग्रता की प्रवृत्ति बनेगी। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा। धर्म-कर्म में रुचि जागृत होगी। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। शुभांक-4-7-8

मीन : श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होगी। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। लाभकारी गतिविधियों में सक्रियता रहेगी। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। शुभांक-5-7-8

चेरापूंजी का क्षेत्र कहा जाने वाला कपराड़ा तालुका के गांवों में गर्मी आते ही पानी की किल्लत शुरू

तरूण मित्र श्यामजी मिश्रा

वलसाड जिला। वलसाड जिला में स्थित चेरापूंजी क्षेत्र कहा जाने वाला धरमपुर और कपराड़ा तालुका के उन गांवों में आज भी आदिवासी महिलाएं पानी के लिए दर-दर भटकने के लिए मजबूर हैं। गर्मी का मौसम शुरू होते ही महाराष्ट्र सीमा पर स्थित कपराडा गांवों में पानी की किल्लत शुरू हो गई है। जबकि वलसाड जिला के कपराडा और धरमपुर तालुका क्षेत्र वर्षा के मामले में इसे चेरापूंजी कहा जाता है। परंतु गर्मी शुरू होने से पहले ही क्षेत्र के कई गांवों में पानी की समस्या शुरू हो जाती है। वहीं इन समस्याओं को देखते हुए भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्रभाई मोदी ने कपराडा और धरमपुर के जलविहीन गांवों को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने के लिए 586.16 करोड़ रुपये से अधिक की एस्टोल समूह जल योजना शुरू की थी। परंतु सरकारी विभाग के भ्रष्ट अधिकारियों के आचरण के कारण इस योजना के अंतर्गत लोगों को जो सुविधा अनुसार पीने का पानी मिलना चाहिए था, वह नहीं मिल पा रहा है। आज भी आदिवासी महिलाओं को पानी के लिए दूर-दराज पर लगे हैंड पंपों पर लाइन लगाकर पानी लेना पड़ता है। बहुत सी आदिवासी महिलाएं ऐसी भी जिन्हें घंटो तक लाइन लगाने के बाद भी पानी नसीब नहीं होता है। एस्टोल समूह योजना प्रधानमंत्री नरेंद्रभाई मोदी का ड्रीम प्रोजेक्ट था। परंतु ऐसा लगता है कि यह योजना भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गई है और जिसमें सरकारी अधिकारियों से लेकर कांट्रेक्टरों ने जमकर भ्रष्टाचार की चाशनी में डुबकी लगाकर महंगे-मंहगे साबुन से नहा-धोकर कार्यालय में कुंडली मारकर बैठ गए हैं, और जनता को बूंद-बूंद पानी के लिए दर-बदर भटकने के लिए मजबूर कर दिया है। जिससे आदिवासी महिलाओं को पीने का पानी नसीब नहीं हो रहा है। कुछ दिन पहले कपराड़ा तालुका में पानी के मुद्दे पर प्रांत अधिकारी की उपस्थिति में कपराड़ा के सभाखंड में आयोजित सभा में भाजपा सदस्यों सहित विरोधी पक्ष के सदस्यों ने भी पानी की समस्या को लेकर उग्र विरोध करते हुए प्रस्तुतीकरण दिया। इसके अलावा सुखाला के पंचायत सदस्यों ने जमीन पर बैठ कर उग्र विरोध किया। कुंजली पटेल ने बताया कि चार वर्ष से पानी की समस्या को लेकर शिकायत की जा रही है, परंतु आज तक पानी की समस्या का समाधान नहीं हुआ और महिलाएं पहाड़ी पर चढ़ कर बोर या गढ्ढों में से पानी निकालना पड़ता है, जिससे जमीन पर बैठने को मजबूर होना पड़ा। वहीं इस उग्र विरोध से प्रांत अधिकारी सहित तमाम अधिकारी स्तब्ध रह गए। वहीं इस बैठक में सदस्य सीताराम चौधरी, अंभेटी सदस विजय रोहित सहित अन्य सदस्य व वास्मो तथा अस्टोल के अधिकारियों के बीच पानी के मुद्दे को लेकर शाब्दिक प्रहार भी हुआ। जो उपस्थित अधिकारियों ने सभी दोष का ठिकरा गांव के पानी समिति की निष्क्रियता, बैठक न बुलाने व गांव के तलाठी की निष्क्रियता को लेकर प्रश्न खड़ा कर दिया गया। आखिरकार अंत में प्रांत अधिकारी ने पानी की समस्या का समाधान करने और वास्मो व एस्टोल योजना के अधिकारियों के निवेदन के बाद उनको 15 दिन तथा तलाठी को 7 दिन का समय दिया गया है। वहीं 15 दिनों में सदस्यों द्वारा किए गए शिकायत के संदर्भ में पानी की समस्या दूर करने के लिए आदेश दिया। इसके अलावा तलाठियों को पानी समिति की बैठक नियमित आयोजित करने का आदेश भी दिया। इस बैठक में कपराड़ा, राहोर, पिपरोटी, अर्नाई, वाडी, मेघवाण, नगर, धारणमाल, वावर, अंभेटी सहित के 25 से अधिक गांवों की पानी की समस्या के समाधान के लिए शिकायत की गई। जबकि अधिकारियों को पानी की समस्या को दूर करने के 7 दिन का अल्टीमेटम दिया गया है। अब देखना यह है कि आगामी 7 दिनों में पानी की समस्या दूर होती है या फिर वही ढाक के तीन पात ।

भारत निर्वाचन आयोग की तीन नई पहल, मतदाता सूचना पर्ची के डिजाइन में भी किया जायेगा बदलाव

तरूण मित्र,

वलसाड जिला। स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनाव कराने के लिए प्रतिबद्ध, भारत का निर्वाचन आयोग संपूर्ण चुनावी प्रक्रिया को और अधिक सुलभ बनाने के लिए निरंतर प्रयास कर रहा है। इसके तहत भारत निर्वाचन आयोग ने तीन अलग-अलग पहल शुरू की हैं, अर्थात् त्रुटिरहित मतदाता सूची तैयार करना, बूथ स्तर के अधिकारियों की पहचान स्थापित करना, तथा मतदाता-अनुकूल मतदाता पर्चियां बनाना। भारत निर्वाचन आयोग मतदाता सूची को अद्यतन एवं त्रुटिरहित बनाने के लिए समय-समय पर मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्यक्रम आयोजित करता है। इस प्रक्रिया को अधिक आसान और पारदर्शी बनाने के लिए मतदाता पंजीकरण नियम, 1960 और मृत्यु पंजीकरण अधिनियम, 1969 (2023 में संशोधित) के आधार पर भारत के महापंजीयक से मृत्यु पंजीकरण संबंधी जानकारी प्राप्त की जाएगी। यह जानकारी मतदाता पंजीकरण अधिकारियों को समय पर उपलब्ध करा दी जाएगी, जिसका सत्यापन बूथ स्तर के अधिकारियों द्वारा मौके पर जाकर किया जाएगा। इसके अलावा, मतदाता सूचना पर्ची के डिजाइन में भी बदलाव किया जाएगा, जिससे मतदाताओं को अपने मतदान केंद्र के बारे में जानकारी प्राप्त करने तथा मतदाता सूची में अपना नाम ढूंढने में आसानी हो। इस नवनिर्मित मतदाता पर्ची पर मतदाता का क्रमांक और भाग संख्या बड़े फ़ॉन्ट में स्पष्ट रूप से प्रदर्शित होगी। बूथ स्तर के अधिकारी, जो चुनाव प्रणाली और मतदाताओं के बीच कड़ी के रूप में कार्य करते हैं, मतदाता सूची से संबंधित गतिविधियों के लिए घर-घर जाकर अभियान चलाते हैं। मतदाता पंजीकरण एवं सत्यापन अभियान के दौरान नागरिकों को अपने बूथ स्तरीय अधिकारियों की आसानी से पहचान करने में सक्षम बनाने के लिए, जनप्रतिनिधित्व अधिनियम, 1950 के अंतर्गत निर्वाचन पंजीकरण अधिकारी द्वारा नियुक्त प्रत्येक बूथ स्तरीय अधिकारी को एक फोटो पहचान पत्र जारी किया जाएगा।भारत निर्वाचन आयोग सम्पूर्ण निर्वाचन प्रक्रिया को अधिक आसान, अधिक सुलभ, सहभागी एवं समावेशी बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार की अध्यक्षता में चुनाव आयुक्त डॉ. सुखबीर सिंह संधू और डॉ. विवेक जोशी की उपस्थिति में आयोजित मुख्य निर्वाचन अधिकारियों की बैठक में ये निर्णय लिए गए।

वलसाड में एनडीआरएफ टीम का आगमन, तटीय गांवों में आयोजित किया गया जन जागरूकता कार्यक्रम

तरूण मित्र

वलसाड जिला। मानसून आने में अब कुछ ही महीने बचे हैं, ऐसे में आगामी मानसून-2025 के लिए वलसाड जिला कलेक्टर भव्य वर्मा के नेतृत्व में जिला प्रशासन द्वारा विभिन्न गतिविधियां शुरू की गई हैं। इस अभियान के तहत निचले इलाकों, स्कूलों, कॉलेजों और औद्योगिक जीआईडीसी क्षेत्रों में जन जागरूकता कार्यक्रम के लिए एनडीआरएफ की एक टीम जिला में पहुंच चुकी है। एक निरीक्षक और 18 अन्य रैंक के कर्मियों सहित कुल 19 सदस्य निचले शहरी क्षेत्रों, गांवों, स्कूलों और कॉलेजों में जन जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर रहे हैं। इस संबंध में दिनांक 1 मई को एनडीआरएफ टीम द्वारा वलसाड तालुका के तटीय क्षेत्र भदेली जगलाला गांव में हिंगराज माता मंदिर में एक जन जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया था। एनडीआरएफ टीम ने बाढ़ की स्थिति में कैसे बचें, आपात स्थिति में किससे संपर्क करें, स्थानीय लोगों को तैरना कैसे सिखाएं तथा बाढ़ के दौरान उनके पास कौन से उपकरण उपलब्ध होने चाहिए, इस बारे में मार्गदर्शन प्रदान किया गया। ये जन जागरूकता कार्यक्रम 12/05/2025 तक जिला के सभी तालुकाओ के विभिन्न स्थानों पर आयोजित किए जाएंगे।

विधायक केलकर का 'जनसेवकों से जनसंवाद' बांधकाम कामगारों को घरेलू बर्तन और सुरक्षा किट वितरित

तरुणमित्र / ब्यूरो

ठाणे : ठाणे के आमदार संजय केलकर के "जनसेवकाचा जनसंवाद" कार्यक्रम को नागरिकों का भारी समर्थन मिल रहा है। शुक्रवार को इस कार्यक्रम के तहत सैकड़ों नागरिकों ने आमदार केलकर से उनके खोपट कार्यालय में मुलाकात की। इस दौरान विभिन्न शिकायतों के 68 निवेदन प्राप्त हुए। नागरिकों ने महापालिका संबंधी विषयों, चरई क्षेत्र में बांगलादेशी फेरीवालों, अतिक्रमण, अनधिकृत निर्माण, नौकरी, अस्पताल संबंधी समस्याओं, विकासकों द्वारा घरों के संबंध में की गई धोखाधड़ी, ठाणे नगर पुलिस स्टेशन के तहत आने वाले विषयों, कर संबंधी समस्याओं, स्कूल में एडमिशन और व्यवसाय के लिए जगह उपलब्ध कराने जैसे विभिन्न मुद्दों पर निवेदन दिए। इस अवसर पर आमदार केलकर ने कहा कि इस कार्यक्रम में आने वाले शिकायतकर्ताओं का समाधान ही उनका लक्ष्य है। इस कार्यक्रम के माध्यम से अब तक सैकड़ों नागरिकों को न्याय मिला है।विधायक संजय केलकर द्वारा स्थापित अटल बांधकाम व घरेलू संघटना महाराष्ट्र राज्य के माध्यम से और सचिन शिनगारे के प्रयासों से बांधकाम कामगारों को घरेलू बर्तन और सुरक्षा किट वितरित किए गए।

ख़ास ख़बर

भिवंडी मनपा की ओर से महाराष्ट्र राज्य स्थापना दिवस उत्साहपूर्वक मनाया गया

तरुणमित्र / अनिल वर्मा : भिवंडी : 1 मई को महाराष्ट्र राज्य की स्थापना का 66वां दिवस राज्यभर में महाराष्ट्र दिवस एवं अंतरराष्ट्रीय श्रमिक दिवस के रूप में उत्साहपूर्वक मनाया गया। भिवंडी महानगरपालिका की ओर से मुख्यालय प्रांगण में आयुक्त अनमोल सागर के हस्ते ध्वजारोहण कर राष्ट्रध्वज को सलामी दी गई। इस अवसर पर अग्निशमन दल, पुलिस व सुरक्षा कर्मचारियों ने राष्ट्रध्वज को गार्ड ऑफ ऑनर दिया। कार्यक्रम में अतिरिक्त आयुक्त विठ्ठल डाके, उपायुक्त (मुख्य) विक्रम दराडे, उपायुक्त (कर) बालकृष्ण क्षिरसागर, शहर अभियंता जमिल पटेल, पाणीपुरवठा विभाग के कार्यकारी अभियंता संदीप पटनावर, विद्युत विभाग के अभियंता सिद्दीक काझी, वैद्यकीय आरोग्य अधिकारी डॉ. संदीप गाडेकर, सहायक आयुक्त शैलेश दोंदे, नितिन पाटील, सभी प्रभाग अधिकारी, विभाग प्रमुख, शिक्षक व कर्मचारी बड़ी संख्या में उपस्थित थे। आयुक्त अनमोल सागर ने उपस्थित सभी लोगों को महाराष्ट्र दिवस की शुभकामनाएं दीं। इसके पश्चात मुख्यालय परिसर में भारतरत्न डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर की प्रतिमा तथा स्व. इंदिरा गांधी स्मृति रुग्णालय के प्रवेशद्वार स्थित हुतात्मा स्मारक पर पुष्पचक्र अर्पित किया गया। साथ ही, छत्रपती शिवाजी महाराज की अश्वारूढ़ प्रतिमा पर आयुक्त अनमोल सागर व अतिरिक्त आयुक्त विठ्ठल डाके ने पुष्पहार अर्पित कर अभिवादन किया।

भगवान परशुराम जन्मोत्सव का भव्य आयोजन

तरुणमित्र / ब्यूरो : ठाणे। भगवान विष्णु के छठे अवतार, ब्राह्मण कुलभूषण, भक्ति और शक्ति के प्रतीक, भगवान श्री परशुराम जी के जन्मोत्सव के शुभ अवसर पर श्री परशुराम युवा वाहिनी द्वारा भगवान परशुराम जन्मोत्सव का भव्य आयोजन किया गया और भगवान परशुराम के जीवन, उनके पराक्रम और समाज कल्याण हेतु किए गए कार्यों की विस्तृत चर्चा की गई। डोंबिवली के पलावा फेज -2 में आयोजित इस कार्यक्रम में श्री परशुराम युवा वाहिनी महाराष्ट्र प्रदेश अध्यक्ष अखिलेश तिवारी, डॉक्टर परमिंदर पांडेय, समाजसेवी श्री कृष्ण चन्द्र पाठक,दीपक पाठक, विकास मिश्रा, राजकुमार मिश्रा, गणेश पाठक सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे। सभी अतिथियों का स्वागत पुष्प गुच्छ और राम नामी दुपट्टा देकर किया गया।

पूर्णाहुति और महाभंडारे से संपन्न हुई

तरुणमित्र-ओमप्रकाश द्विवेदी : पालघर। औद्योगिक शहर बोईसर पूर्व बेटेगाँव रुपरजत पार्क में 'श्री रामजानकी सेवा संस्था' द्वारा आयोजित भक्ति और समर्पण के महत्व के साथ सदाचार का मूल मंत्र जीवन दर्शन का सद्ग्रंथ 'श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ सप्ताह' का विधिवत समापन मंगलवार,29 अप्रैल को सुबह 'सर्वदोष निवारण महायज्ञ' में यजमानों द्वारा यज्ञ देवता को सामुहिक हवनादि पूजन,व्यासपीठ दर्शनादि और शाम को विशाल महाभंडारे के साथ 'सर्वे भवंतु सुखिनः, सर्वे संतु निरामयाः' के मनोकामना करते संपन्न हो गया। औद्योगिक शहर बोईसर में इस वर्ष दूसरी बार 'श्री राम जानकी सेवा संस्था, बोईसर' के तत्वावधान में भव्य दिव्य अलौकिक 'श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान महायज्ञ' सप्ताह 22 से 28 अप्रैल तक सायं कथा पंडाल में भगवान बांके बिहारी की दिव्य लीलाओं का रसपान और अध्यात्मिक गुढ़ रहस्यों का सटिक विश्लेषण भग्वतनाम संकीर्तन के साथ पुरे सप्ताह श्रीधाम वृंदावन से पधारे कथावाचक श्री अमरकृष्ण जी महाराज द्वारा व्यास पीठ से श्रीमुख द्वारा बोईसर की पावन धरा पर बोईसर वाशी धर्मानुरागी श्रोताओं को नित्य कराई गयी। श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान महायज्ञ का समापन आयोजकों और मुख्य यजमानों द्वारा सपत्निकोहं हवनादि पूजन पश्चात देवी स्वरुपा कन्याओं और ब्राह्मणों का पाँव पखारते सत्कार एवं भोजन दक्षिणादी से आशिष लेकर की गयी। यह आयोजन 'श्री राम जानकी सेवा संस्था, बोईसर' संस्थापक वृजेश चंद्र पाण्डेय पाण्डेय,अध्यक्ष संजय ठाकुर,सचिव पंकज पाण्डेय, कोषाध्यक्ष सुरेश पाण्डेय और राजेंद्र छीपा,राजेश झा व उत्सव समिति की अर्चना ठाकुर,शुभ्रता दास,मायागढ़ पाण्डेय,वंदना ठाकुर,कविता मंडेलवाल,रीना पटेल,अनुष्का कुलकर्णी,तुलसी आर. छीपा और अन्य सहयोगियों द्वारा की गयी।

नेशनल मिशन ऑन नेचरल फार्मिंग के अंतर्गत जिलाधिकारी की अध्यक्षता में आयोजित की गई बैठक

तरूण मित्र

वलसाड जिला। भारत सरकार के नेशनल मिशन ऑन नेचरल फार्मिंग के अंतर्गत वलसाड जिला में जिला स्तरीय निगरानी समिति की बैठक जिला कलेक्टर कार्यालय के कॉन्फ्रेंस कक्ष में जिलाधिकारी भव्य वर्मा की अध्यक्षता में हुई। जिसमें जिला के सभी अधिकारी उपस्थित थे। बैठक के दौरान जिला में प्राकृतिक खेती का प्रचलन बढ़ाने के लिए योजना बनाई गई। बैठक का संचालन प्रोजेक्ट डायरेक्टर डी.एन. पटेल द्वारा प्राकृतिक खेती के बारे में समस्त जानकारी प्रदान की गई तथा सभी को जागरूक किया गया।

बिल्डर के खिलाफ बिजली चोरी का मामला दर्ज

तरुणमित्र / ब्यूरो : मुंब्रा। मुंब्रा-कौसा के चांद नगर इलाके में मुजम्मिल टॉवर में इमारत और उसके निवासियों को अवैध रूप से बिजली की आपूर्ति करने के आरोप में टोरेंट पावर कंपनी ने इमारत के बिल्डर सलमान खान के खिलाफ बिजली चोरी का मामला दर्ज किया है। पुलिस में यह अपराध विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 135 के तहत दर्ज किया गया है। टोरेंट पावर कंपनी की विजिलेंस टीम ने जब मुजम्मिल बिल्डिंग की बिजली आपूर्ति का निरीक्षण किया तो पता चला कि बिजली वितरण कंपनी के फ्यूज सेक्शन पिलर से अनाधिकृत केबल जोड़कर बिना बिजली मीटर के सीधे बिजली का उपयोग किया जा रहा था। सतर्कता दल द्वारा की गई कार्यवाही में एक अनाधिकृत विद्युत कनेक्शन काटा गया, एक अनाधिकृत केबल जब्त की गई तथा सलमान खान के खिलाफ 3 लाख 29 हजार 341 रुपये की विद्युत चोरी का मामला दर्ज किया गया , क्योंकि यह पाया गया कि लगभग 10 हजार 354 यूनिट बिजली चोरी की गई थी।

वक्फ बिल के खिलाफ मुस्लिम समुदाय का प्रदर्शन, घरों और दुकानों की लाइटें बंद कर किया विरोध

तरुणमित्र / ब्यूरो



मुंब्रा। मुस्लिम बस्ती व प्रतिष्ठानों पर दिखा वक्फ कानून का विरोध का असर, बत्ती गुल रही आल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड के आह्वान पर वक्फ बिल संशोधन कानून के विरोध में बुधवार की रात्रि 9 बजे से लेकर 9.15 बजे तक अधिकांश मुस्लिम बाजार और मोहल्लों में बिजली की रोशनी बंद कर अंधेरा करते हुए विरोध जताया ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड के प्रस्ताव पर आज रात मुंब्रा कौसा क्षेत्र में वक्फ संशोधन बिल के खिलाफ आक्रामक विरोध देखने को मिला। बोर्ड द्वारा समय-समय पर रात 9:00 बजे से 9:15 बजे तक लोगों को 15 मिनट का "बत्ती गुल" प्रदर्शन कर सरकार के इस फैसले के खिलाफ अपना कड़ा विरोध दर्ज कराया। इस दौरान शहर के मुख्य सड़क, अमृतनगर, चांद नगर, अमीना बाद, रशीद कंपाउंड, दारुल फलाह,एकॉर्ड पूरे क्षेत्र में अंधेरा छाया रहा, जैसे मुंब्रा एक स्वर में अपना असंतोष स्पष्ट कर रहा हो। मस्जिद मदरसा, रेस्तरां और आश्रमों की बत्तियाँ एक साथ बंद कर दी गईं, जिससे पूरे शहर में पहाड़ी के बीच विरोध के संदेश से गूंज उठा। यह विरोध केवल सोशल मीडिया का नहीं बल्कि अनुषासित भी था, जिसमें स्थानीय लोगों ने एकजुट होकर हिस्सा लिया। प्रदर्शन का उद्देश्य वक्फ संविधान को लेकर प्रस्तावित संशोधन बिल के खिलाफ समुदाय की चिंता और असहमति को स्पष्ट करना था। प्रदर्शन के दौरान क्षेत्र में पुलिस की तैनाती भी जारी रही, स्थानीय समाजसेवियों और बुद्धिजीवियों ने इसे जनभावनाओं का प्रतीक बनाकर सरकार से बिल पर शिष्य की मांग की। इस एकजुट और वैज्ञानिक विरोध ने सरकार को यह स्पष्ट संदेश दिया है।

खेतों में प्लास्टिक प्रदूषण को रोकने के लिए दो बाल वैज्ञानिकों ने तैयार किया "हाइड्रोजेल युक्त बैगलेस पौधा" प्रोजेक्ट

तरूण मित्र श्यामजी मिश्रा

वलसाड जिला। ग्लोबल वार्मिंग के कारण आज हर कोई चिंतित है। सबसे बड़ा प्रदूषक प्लास्टिक है। जिसके कारण मनुष्य, पशु, पक्षी एवं अन्य प्राणियों का जीवन दूभर हो गया है। इस प्लास्टिक के बढ़ते उपयोग को रोकने के लिए वलसाड जिला के पारडी तालुका स्थित उदवाड़ा भगीनी समाज के कक्षा 8 वीं के दो बाल वैज्ञानिकों ने "हाइड्रोजेल युक्त बैगलेस पौधा" नामक एक प्रोजेक्ट तैयार किया है। जो इससे किसानों को खेतों में प्लास्टिक का उपयोग कम करने में मदद मिलेगी। पारडी तालुका में स्थित उदवाड़ा भगीनी समाज स्कूल में 8वीं कक्षा में अध्ययनरत बाल वैज्ञानिक झील नीरवभाई पटेल व वारीसा इसरार पठान ने शिक्षिका रिपल सतीश पटेल के मार्गदर्शन में यह प्रोजेक्ट तैयार किया है। इस बारे में अधिक जानकारी देते हुए वे कहते हैं, "इस काम को बनाने का हमारा उद्देश्य प्लास्टिक को खेतों, सड़कों, स्कूलों और दफ्तरों तक पहुंचने से रोकना है।" साथ ही हमारा उद्देश्य पेड़-पौधों के लिए आवश्यक पानी की मात्रा को बचत कर पौधा तैयार करने के लिए गाय के गोबर का उपयोग करना तथा गौ-पालन को बढ़ावा देना है। इस प्रोजेक्ट के निर्माण के बारे में अधिक जानकारी देते हुए बाल वैज्ञानिकों ने बताया कि सबसे पहले उन्होंने सूखी गाय के गोबर को पीसकर उसमें गीला गाय का गोबर और उचित मात्रा में चिपचिपी मिट्टी मिलाकर बर्तन बनाए। बीज या पौधे लगाते समय इस गमले में हाइड्रोजेल डाला जाता है। इसे बनाने के लिए बबूल के गोंद के पाउडर, गुड़ और पानी को गर्म कर और फिर इसमें ग्वार का आटा और कडाय का गोंद डाला जाता है। इस प्रकार, पानी को अवशोषित करके हाइड्रोजेल बनाया जाता है। हाइड्रोजेल खेती उन क्षेत्रों में सफल है जहां कृषि के लिए पानी की कमी है। हाइड्रोजेल फसल की वृद्धि में भी सुधार करता है। इसके अलावा प्राकृतिक खेती के प्रमुख पहलुओं में जीवामृत और घनजीवामृत भी उपयोगी हो सकते हैं। हाइड्रोजेल बनाने के लिए आवश्यक सामग्रियों पर प्रकाश डालते हुए, शिक्षिका रिपल पटेल कहती हैं कि हाइड्रोजेल बनाने के लिए इस्तेमाल होने वाले कडाया का गुंदर 700 रुपये प्रति किलोग्राम की कीमत पर उपलब्ध है। जिसके लिए किसान को एक बार खर्च करना होगा, फिर वह चार से पांच साल तक खेत में रहकर काम कर सकता है। इसके अलावा बबूल की गोंद 140 रूपया किलो, गुड़ 80 रूपया किलो तथा ग्वार 80 रूपया प्रति किलो की कीमत पर उपलब्ध है। इस प्रकार सभी सामग्री 1000 रूपये में उपलब्ध हो सकेगी। एक हजार में खरीदी गई ये सामग्री प्राकृतिक कृषि पद्धति से एक बीघा भूमि पर खेती करने के लिए उपयोगी हो सकती है।

तराई... बुंदेलखंड व पश्चिमी यूपी के जिलों में बारिश, वज्रपात और ओले गिरने का भी पूर्वानुमान

झूम कर बरसे बदरा, तीन घंटे हुई झमाझम बारिश, जनजीवन प्रभावित

मेरठ , एजेंसी । पश्चिमी उत्तर प्रदेश में इन दिनों मौसम बदला हुआ है । मेरठ में आज सुबह सवेरे तेज आंधी के साथ शुरू हुई बारिश का दौर करीब तीन घंटे तक लगातार चलता रहा । बारिश के चलते हाईवे से लेकर शहर तक जगह-जगह जल भराव हो गया7 तेज हवा के साथ बदरा झमाझम बरसाते रहे । सुबह के समय अंधेरा छा गया और हाईवे पर भी लाइट जलाकर वाहन स्वामियों को चलना पड़ा । वहीं मेरठ के अलावा आसपास के जिलों में भी जमकर बारिश हुई है । वेस्ट यूपी में मौसम विभाग ने दो दिन पहले ही बारिश और तेज आंधी तूफान का अलर्ट जारी कर दिया था । शुक्रवार की सुबह करीब 6 बजे तेज आंधी और बारिश के साथ मौसम बदल गया । देखते ही देखते तेज बारिश शुरू हो गई । हवा के झोंके के साथ मौसम में नमी बढ़ गई और गर्मी का असर खत्म हो गया । करीब तीन घंटे तक झमाझम बारिश से मौसम ने फिर से एक बार करवट बदल ली । बारिश के चलते जहां जनजीवन प्रभावित हो गया वहीं लोगों को गर्मी से भी राहत मिली है । मौसम वैज्ञानिक डॉक्टर यूपी शाही का कहना है कि पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने के चलते तेज आंधी और बारिश से मौसम बदला है और तापमान में भी गिरावट आई है । यह बारिश प्रदूषण को भी साफ करेगी और तापमान को भी कम कर देगी जिस कारण से लोगों को गर्मी से राहत रहेगी । साथ ही फसलों के लिए भी यह बारिश अच्छी होगी । अगर पछेते गेहूं की फसल खेत में खड़ी होगी तो वहां पर थोड़ा नुकसान होने के आसार हैं । अभी शनिवार तक मौसम के ऐसे ही रहने की संभावना बनी हुई है ।

लखनऊ , एजेंसी। उत्तर प्रदेश के अलग-अलग इलाकों में तेज हवाओं संग बूंदाबांदी का दौर जारी है। शुक्रवार को दिल्ली से सटे जिलों और तराई के इलाकों में गरज-चमक संग बूंदाबांदी देखने को मिली। बुंदेलखंड के इलाकों समेत सहारनपुर, लखीमपुर खीरी से लेकर हरदोई तक हल्की से मध्यम बारिश दर्ज की गई। वहीं लखनऊ में भी सुबह से बादल छाए रहे। झोंकेदार हवाओं के साथ मौसम में नमी बनी हुई है। आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र लखनऊ के वरिष्ठ वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह का कहना है कि पूर्वा और पश्चिमी हवाओं का समागम और सक्रिय पश्चिमी विक्षोभ शनिवार से पूरे प्रदेश को अपने दायरे में लेगा। बंगाल की खाड़ी से आ रही नमीयुक्त हवाओं का भी प्रभाव है। इसके असर से प्रदेश के पश्चिमी और पूर्वी दोनों संभाग में हल्की से मध्यम बारिश देखने को मिलेगी। इस दौरान कुछ जिलों में 40 से 50 किमी प्रति घंटे की रफ्तार धूल भरी हवाएं चलने की भी संभावना है। बारिश और हवाओं के असर से अधितम तापमान में थोड़ी गिरावट के आसार हैं।

लखनऊ में बूंदाबांदी के आसार

लखनऊ में बीते चार दिनों में अधिकतम पारे ने लगभग 8 डिग्री सेल्सियस का गोता लगाया है जो सामान्य से लगभग 5 डिग्री नीचे रहा । मौसम विभाग का पूर्वानुमान है कि शुक्रवार को लखनऊ में बादलों की आवाजाही रहेगी । गरज-चमक के साथ तेज झोंकेदार हवाएं चलेंगी । बूंदाबांदी की भी संभावना है ।

संक्षिप्त समाचार

23 मई को राम मंदिर के प्रथम तल पर होगी राम दरबार की स्थापना, दर्शन के लिए जारी होंगे 50 पास

लखनऊ , एजेंसी। भवन निर्माण समिति की तीन दिवसीय बैठक शुरु हो गई है। भवन निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्रा ने बैठक से पहले पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि मुख्य मंदिर के प्रथम तल में राम दरबार की प्रतिमा और शेषा अवतार मंदिर की प्रतिमाएं आनी शेष है।

23 मई को राम दरबार की प्रतिमा राम मंदिर गर्भगृह में स्थापित की जाएगी। 30 मई से पहले शेषा अवतार मंदिर में भी लक्ष्मण जी की प्रतिमा को स्थापित कर दिया जाएगा। 3 जून से राम मंदिर में राम दरबार की प्राण प्रतिष्ठा शुरु होगी। तीन से पांच जून तक प्राण प्रतिष्ठा का उत्सव होगा। राम दरबार में श्रद्धालुओं के दर्शन की तिथि ट्रस्ट तय करेगा। पास के जरिए एक दिन में 750 श्रद्धालु राम मंदिर के प्रथम तल पर राम दरबार का दर्शन कर सकेंगे। प्रति घंटे 50 पास जारी किए जाएंगे। पहले आओ पहले पाओ की तर्ज पर पास जारी होगा।

उन्होंने कहा कि शुरुआती 3 महीने में मंदिर का लोड फैक्टर चेक किया जाएगा। रुड़की के वैज्ञानिकों के द्वारा मंदिर के मापदंड को देखते हुए प्रति घंटे 50 श्रद्धालुओं को ऊपर जाने की अनुमति दी गई है। बताया कि राम मंदिर में 10 सेंसर लगाए गए हैं। सेंसर पत्थरों के मूवमेंट की जानकारी देते हैं। भूकंप में भी सेंसर पहले ही संकेत करते हैं। सेंसर के जरिए तीन माह में मंदिर पर पड़ने वाले लोड का अध्ययन किया जाएगा। राम मंदिर की बाउंड्री और ऑडिटोरियम को छोड़कर मंदिर परिसर में सभी निर्माण कार्य दिसंबर 2025 तक पूरे हो जाएंगे।

आगरा में दिनदहाड़े स्वर्णकार की गोली मारकर हत्या, एक्टिवा से आए हमलावर

आगरा , एजेंसी। आगरा के थाना सिकंदरा क्षेत्र के कारगिल चौराहे पर बालाजी ज्वेलर्स की दुकान में बदमाशों ने धावा बोल दिया। यहां से सोने-चांदी के आभूषण लूट लिए। इस दौरान सराफ भी बदमाशों से भिड़ गए। बदमाशों ने तमंचे से सराफ को गोली मार दी। इसके बाद बदमाश मौके से फरार हो गए। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई। सराफ को निजी अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सक ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

सिकंदरा थाना क्षेत्र के रामा एंक्लेव निवासी योगेश चौधरी की कारगिल चौराहे के पास बालाजी ज्वेलर्स के नाम से दुकान है। सुबह 10-00 बजे उनके कर्मचारी रेनू ने दुकान खोली थी। इसके 15 मिनट बाद ही दो नकाबपोश बदमाश मौके पर आ गए। कर्मचारी रेनू को तमंचा दिखाकर बैग में सोने चांदी के जेवरात रखकर भागने लगे। इस दौरान दुकान मालिक योगेश चौधरी आ गए। उन्होंने बदमाशों को टोक दिया। इस पर एक बदमाश ने तमंचा निकालकर गोली मार दी। इसके बाद एक्टिवा पर सवार होकर फरार हो गए। पुलिस ने उन्हें इलाज के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां डॉक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मौके पर पहुंची पुलिस जांच पड़ताल में जुटी है।

मुठभेड़ में लुटेरा घायल, पुलिस पर फायरिंग का किया प्रयास, बिजली कर्मचारियों से कई थी लूटपाट

मेरठ , एजेंसी। मेरठ के परीक्षितगढ़ पुलिस ने मुठभेड़ में एक आरोपी पैर में पुलिस की गोली लगने से घायल हुआ है। बताया गया कि पुलिस द्वारा बिजली के तार की लूट के मुकदमे में माल की बरामदगी कराने के लिए जाते समय अभियुक्त द्वारा छिपाए हुए तमंचे से पुलिस पार्टी पर फायर कर दिया। शातिर अपराधी बिलाल को पुलिस मुठभेड़ में गिरफ्तार किया है। उसके पैर में गोली लगी है। कब्जे से तार काटने की आरी, तमंचा, कारतूस व घटना में प्रयुक्त पिक-अप वाहन व हाईटेंशन तार बरामद किए है। एसपी देहात राकेश कुमार मिश्रा ने बताया कि 24 अप्रैल को रात्रि में अहमदपुरी में बिजली की साइट से दो मजदूरों से मारपीट कर कुछ बदमाश बिजली का हाईटेंशन वायर लूट ले गए थे ।

खुद को बताता था पूर्व केंद्रीय मंत्री के पीए का करीबी, नौकरी के नाम पर करोड़ों की ठगी

कानपुर , एजेंसी। सरकारी विभाग में नौकरियां निकली हैं। केंद्रीय मंत्री राम विलास पासवान का पीए हमारा करीबी है। उससे एक बार कह देंगे तो, जितनी चाहोगे नौकरी लग जाएगी। हर नौकरी का आठ लाख रुपये लगेगा। कुछ इसी अंदाज में लोगों को अपनी बातों में फंसा करोड़ों की ठगी करने वाले शातिर रितेश सिंह को साइबर क्राइम पुलिस ने झारखंड के बोकारो से गिरफ्तार किया है। वह वहां के अपार्टमेंट में रह रहा था।

उस पर चकेरी थाने में 50 लाख ठगी के तीन मामले दर्ज हैं। उसकी चार साल से तलाश थी। देहली सुजानपुर के भवानीनगर क्षेत्र के चन्द्रमा प्रसाद सिंह के अनुसार अगस्त 2018 में उनके दामाद का दोस्त रितेश सिंह और उसका साथी न्यू आजाद नगर निवासी विनोद कुमार सिंह उनके घर आए। दोनों ने बातचीत के दौरान कहा कि मंत्री कोटे से कुछ नौकरियां निकलीं हैं।

आठ लाख के हिसाब से 24 लाख का खर्च बताया: मंत्री राम विलास पासवान के पीए से उनके काफी अच्छे संबंध हैं। उनसे कहकर आसानी से नौकरियां लगवाई जा सकती है। उन्होंने दो बेटियों आकांक्षा व पारुल और भांजे अमित कुमार चौधरी की नौकरी की बात की तो आरोपियों ने आठ लाख के हिसाब से 24 लाख रुपये का खर्च बताया। उनकी बात पर भरोसा कर अलग-अलग तारीखों में 20 लाख रुपये बताए हुए खातों में ट्रांसफर कर दिए, जबकि शेष चार लाख रुपये नियुक्ति पत्र मिलने के समय देना तय हुआ।

साक्षात्कार को बुलाया दिल्ली, फर्जी निकला नियुक्ति पत्र: चन्द्रमा प्रसाद के अनुसार रितेश और विनोद ने 15 अक्तूबर 2018 को दोनों बेटियों और भांजे को दस्तावेजों के साथ साक्षात्कार के लिए दिल्ली बुलाया। वहां तीस हजारी एफसीआई कैंपस के कार्यालय में दस्तावेज जमा करवाए। कुछ दिन बाद डाक से तीन पत्र आए। उनके दिए दिल्ली के पते पर नियुक्ति के लिए जब तीनों पहुंचे, तो वहां ऐसा कोई कार्यालय मिला ही नहीं। ठगी का अहसास होने पर उनसे रुपये वापस मांगे तो उन्होंने जान से मारने की धमकी दी। उन्होंने आरोपियों के खिलाफ चकेरी थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई।

सेना में भी नौकरी का झांसा देकर की थी ठगी : केडीए कॉलोनी निवासी प्रदीप कुमार के अनुसार अगस्त 2018 में दोस्त प्रवीन कुमार ने बताया कि उसके कुछ रिश्तेदारों की सरकारी नौकरी लगने की बात चल रही है। उनके परिचित विनोद कुमार सिंह व रितेश कुमार केंद्रीय मंत्री के पीए के करीबी हैं और नौकरी लगवा रहे हैं। उनसे मुलाकात हुई तो उन लोगों ने आठ लाख रुपये मांगे । उनके बताए खातों में रुपये ट्रांसफर करने के बाद उन्हें साक्षात्कार के बाद जो ज्वॉइनिंग लेटर मिला वह फर्जी निकला । बाद में पता चला आरोपियों ने इसी तरह कई लोगों से लाखों की ठगी की है ।

अपार्टमेंट के सामने बैठकर की रेकी तब पकड़ा : साइबर क्राइम टीम के अनुसार आरोपी रितेश सिंह के खिलाफ 2021 में चकेरी थाने में कई रिपोर्ट दर्ज हुईं थीं । इसकी विवेचना टीम को मिली थी । पीड़ितों ने आरोपियों के फोटोग्राफ, मोबाइल नंबर उपलब्ध कराए थे । मोबाइल नंबर पहले स्विच ऑफ रहे । बाद में पहुंच से बाहर बताने लगे । कॉल डिटेल निकाली गई, तो उनमें से कुछ नंबर संदिग्ध पाए गए । ट्रेस होने से पहले ही शातिरों ने उनका इस्तेमाल बंद कर दिया था ।

बोकारो स्थित अपार्टमेंट में रहने की जानकारी हुई : उन नंबरों के बंद होने से पहले उनकी लोकेशन झारखंड के जामताड़ा और उसके आसपास की निकली । 15 अप्रैल को टीम वहां पहुंची, लेकिन उनकी सटीक लोकेशन नहीं मिल सकी । एक इंस्पेक्टर के वहां के परिचित दरोगा ने वहां के मुखबिरों को इस काम में लगाया, जिस पर आरोपी के बोकारो स्थित अपार्टमेंट में रहने की जानकारी हुई । वह आठवीं मंजिल पर रह रहा था ।

आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा : पुलिस ने अपार्टमेंट के सामने चोखा-बाटी की दुकान पर डेरा जमाया । वहां के लोगों से पता चला कि वह बाहर गया है, जबकि परिवार अपार्टमेंट में हैं । उसके आने का इंतजार किया गया । सात दिन बाद सुबह जब वह दूध लेने नीचे आया तो उसे दबोच लिया । एडीसीपी क्राइम अंजली विश्वकर्मा ने बताया कि आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है । इंस्पेक्टर अनिल के नेतृत्व में टीम ने उसे पकड़ा है । वह चार साल से वांछित था ।

मायावती बोलीं- बसपा ही ओबीसी की हितैषी, बहुजन कल्याण के लिए भाजपा-कांग्रेस पर भरोसा करना घातक

लखनऊ, एजेंसी। बसपा सुप्रीमो मायावती ने कहा है कि ओबीसी समाज का हित बसपा में ही सुरक्षित है और बसपा ही ओबीसी समाज की सच्ची हितैषी है। बहुजनों को अपने हित व कल्याण के लिए भाजपा व कांग्रेस पर भरोसा करना घातक है। उन्होंने कहा कि काफी लम्बे समय तक ना-ना करने के बाद अब केन्द्र द्वारा राष्ट्रीय जनगणना के साथ जातीय जनगणना भी कराने के निर्णय का भाजपा व कांग्रेस आदि द्वारा इसका श्रेय लेकर खुद को ओबीसी हितैषी सिद्ध करने की होड़ लगी है जबकि इनके बहुजन-विरोधी चरित्र के कारण ये समाज अभी भी पिछड़ा, शोषित व वंचित है।

वैसे भी कांग्रेस एवं भाजपा आदि की अगर नीयत व नीति बहुजन समाज के प्रति पाक-साफ होती तो ओबीसी समाज देश के विकास में उचित भागीदार बन गया होता, जिससे इनके मसीहा परमपूज्य बाबा साहेब डा. भीमराव आंबेडकर का आत्म-सम्मान व स्वाभिमान का मिशन सफल होता हुआ जरूर दिखता।

लेकिन बाबा साहेब एवं बसपा के अनवरत संघर्ष के कारण ओबीसी समाज आज जब काफी हद तक जागरुक है तो दलितों की तरह ओबीसी वोटों के लिए ललायित इन पार्टियों में इनका हितैषी दिखने की स्वार्थ व मजबूरी है, अर्थात् स्पष्ट है कि ओबीसी का हित बसपा में ही निहित है, अन्यत्र नहीं।

अतः वोट हमारा राज तुम्हारा-नहीं चलेगा के मानवतावादी संघर्ष को सही व सार्थक बनाकर अपने पैरों पर खड़े होने का समय करीब है जिसके लिए कोताही व लापरवाही घातक तथा भाजपा व कांग्रेस आदि पार्टियों पर दलित, ओबीसी समेत बहुजन-हित, कल्याण व उत्थान हेतु भरोसा करना ठीक नहीं है। बता दें कि केंद्र की मोदी सरकार ने जाति जनगणना कराने की घोषणा कर दी है। इस मुद्दे का कांग्रेस सहित सभी दलों ने स्वागत किया है।

गोरखपुर में भाई-बहन की मौत के बाद...मां ने भी तोड़ा दम- 10 वर्ष पहले पिता का भी उठ चुका है साया

गोरखपुर , एजेंसी। हरपुर-बुदहट थाना क्षेत्र के कूचडेहरि गांव में मां के डांटने से नाराज मोहित कन्नौजिया (18) ने बुधवार को फंदा लगाकर खुदकुशी कर ली थी। बेटे को फंदे से लटका देख उसकी मां और फिर 14 वर्षीय बहन ने भी जहर (सल्फास) खा लिया था।

सूचना पर पहुंची पुलिस ने मां-बेटी को मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया। वहां इलाज के दौरान युवक की बहन सुप्रिया (14) की शाम को मौत गई। जबकि, मां कौशिल्या की मौत बृहस्पतिवार की सुबह मेडिकल कॉलेज में हो गई। इस घटना के बाद अब परिवार में सिर्फ बुजूर्ग बाबा बचे हैं।

मोहित के बाबा हरिलाल (72) ने बताया कि वो बुधवार को पशु चराने गए थे। लौटे तो दरवाजे पर भीड़ देखकर सहम गए। घटना सुनते ही जमीन पर बैठ गए। वह रोते हुए कह रहे थे कि पता होता तो मैं कभी नहीं जाता। सुप्रिया और मोहित ही मेरे लिए सहारा थे। दिन भर सुप्रिया मेरी सेवा करती थी।

बेटे की मौत 10 साल पहले हो चुकी है। पहले बेटे को कंधा दिया, अब पोते-पोती कंधा देना पड़ेगा। यह पता होता तो पहले ही अपना गला घोंट लेता। मेरी तो समझ में ही नहीं आ रहा है कि अचानक एक ही दिन में क्या हो गया। 10 दिन पहले ही अहमदाबाद से मोहित घर आया था।

अधिवक्ता के घर पर तोड़फोड़ व पथराव, दो नामजद समेत 20 से 25 लोगों पर केस दर्ज

वाराणसी , एजेंसी । वाराणसी जिले में अधिवक्ता के घर पर तोड़फोड़ व पथराव के मामले में दो नामजद सहित 20 से 25 लोगों के खिलाफ संगीन धाराओं में कैंट में मुकदमा दर्ज किया गया है । पीड़ित अधिवक्ता ने मामले को लेकर परिवार के लिए सुरक्षा की गुहार लगाई है । उधर, अधिवक्ताओं में घर पर हुई तोड़फोड़ और महिलाओं से दुर्व्यवहार को लेकर आक्रोश का माहौल है ।

महादेव नगर कलोनी अनौला निवासी अधिवक्ता अशोक कुमार सिंह ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि गुरुवार की दोपहर में वह कोर्ट में थे । इसी दौरान उन्हें जानकारी मिली कि राधेश्याम चौबे उनके साले व 20-25 अज्ञात व्यक्तियों के साथ घर पर चढ़ कर आए और बाउंड्री को तोड़ने की कोशिश करने लगे । कुछ लोग पत्थर से गेट पर मारने लगे । आरोप लगाया कि कुछ लोग घर के बाउंड्री पर चढ़कर मौजूद महिलाओं को गाली देते हुए अश्लील इशारा करने लगे । साथ ही जान से मारने की धमकी दे रहे थे । पेशे से अधिवक्ता होने के कारण उस समय वह कोर्ट में मौजूद थे और घर में सिर्फ महिलाएं व बच्चे मौजूद थे । घटना से घर में बृद्ध मां व पत्नी और बच्चे डरे सहमे हुए हैं । घटना से संबंधित सीसीटीवी फुटेज व तमाम साक्ष्य पुलिस को देते हुए ऐसे लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर कठोर कार्रवाई करने की मांग की । मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने दो नामजद सहित 20-25 अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है और विधिक कार्यवाही में जुट गई है ।

मुठभेड़ में 25 हजार का इनामी लईक कालिया गिरफ्तार, पैर में लगी गोली

बरेली , एजेंसी । बरेली के भोजीपुरा थाना क्षेत्र में पुलिस ने शुक्रवार सुबह गांव फरीदापुर जागीर के खेत में पशु तस्करों को घेर लिया । पशु तस्करों ने फायरिंग की तो जवाब में पुलिस ने भी गोली चलाई । पुलिस के मुताबिक मुठभेड़ में 25 हजार रुपये का इनामी पशु तस्कर लईक उर्फ कालिया दाहिने पैर में गोली लगने से घायल हो गया । कालिया भोजीपुरा के ही अलीनगर गांव का निवासी है और काफी समय से गोकशी के मामलों में वांछित था । पुलिस ने घायल अवस्था में उसे गिरफ्तार किया तो उसके कब्जे से एक तमंचा, एक खोखा व चार कारतूस बरामद हुए । साथ ही पशु कटान के औजार, रस्सी व एक बाइक भी मिली जिस पर कोई नंबर नहीं था । दूसरा आरोपी सलीम उर्फ कालिया पुत्र बड़े लल्ला निवासी गांव भूडा थाना भोजीपुरा मौके से भाग गया । एसपी उत्तरी मुकेश चंद्र मिश्रा ने आरोपी लईक की गिरफ्तारी के बाद वीडियो बयान जारी कर बताया कि लईक पर पहले से आठ मुकदमे दर्ज हैं, जिनमें से सात गोकशी व एक मुकदमा गैंगस्टर अधिनियम का पंजीकृत है ।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मिले पूर्व कप्तान कपिल देव, शिष्टाचार भेंट की

लखनऊ , एजेंसी। भारत के महान ऑलराउंडर कपिल देव ने शुक्रवार को प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से उनके सरकारी आवास पर मुलाकात की। इसे एक शिष्टाचार भेंट बताया जा रहा है। मुलाकात के बारे में जानकारी देते हुए सीएम योगी के एक्स अकाउंट पर बताया गया है कि प्रख्यात क्रिकेट खिलाड़ी एवं 1983 की विश्व कप विजेता भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान कपिल देव जी ने आज लखनऊ स्थित सरकारी आवास पर शिष्टाचार भेंट की। कपिल देव ने भारत की तरफ से 131 टेस्ट मैच और 225 वनडे मैचों में प्रतिनिधित्व किया। उनकी गिनती भारत के महानतम खिलाड़ियों में होती है।

मां को लाऊंगा हिंदुस्तान... उनके बिना सब अधूरा...

पाकिस्तान जाने वाली इरम के बेटे और बेटी का ऐसा है हाल

बरेली , एजेंसी। बरेली की बहू इरम की पाकिस्तान वापसी से बिहारीपुर निवासी उनका 15 साल का बेटा शाहनूर बेचैन है। उसकी सात साल की बेटी आयजा का भी यही हाल है। दोनों बच्चे पिता और परिजनों के पास हैं। खाने-पीने की कोई कमी नहीं है, पर मां के बिना सब अधूरा लगता है।

बात करने पर शाहनूर ने कहा कि बड़े होकर मां को हिंदुस्तान लाएंगे। मां के जाने से मन नहीं लग रहा है। जब भी मौका मिलेगा, वह मां से मिलने पाकिस्तान जाएगा। सात साल की बेटी आयजा भी पल-पल मां को याद कर रही है। वह बहुत देर बाद बोलने के लिए शब्द जुटा सकी।

कहा कि जब उसने साथ जाने की बात कही तो मां ने समझाया था कि मेरी बच्ची, कुछ मजबूरी है। तुम लोग मेरे साथ नहीं चल सकते। तब हम दोनों रो पड़े थे। फिर मां ने कहा कि खुदा कभी न कभी उन्हें जरूर मिलाएगा।

इरम ने कहा था हिंदुस्तान के लिए धड़केगा दिल: इरम के परिजनों के मुताबिक, वह हिंदुस्तान की सरहद पार करके अटारी के रास्ते पाकिस्तान जा चुकी हैं। फिलहाल, उनसे संपर्क नहीं हो पा रहा है। परिजनों के मुताबिक, बरेली छोड़ते वक्त भी इरम बहुत भावुक थीं। उसने कहा था कि वह भले ही पाकिस्तान में रहेंगी, पर उनका दिल हमेशा हिंदुस्तान के लिए धड़कता रहेगा। बच्चे हमेशा याद आएंगे। उसने भारत की सरजमीं को चूमकर सरहद पार किया था। कहा था कि यह सरजमीं मेरे बच्चों को पनाह देगी।

जानते हैं इरम की कहानी : लाहौर की निस्तार कॉलोनी में पैदा हुई इरम के पिता मजाहिल हुसैन लाहौर के मशहूर डॉक्टर हैं। मजाहिल हुसैन की बहन का निकाह बरेली में हुआ था। इस लिहाज से बुआ ने ही भतीजी इरम के लिए बिहारीपुर निवासी अथर से रिश्ते की बात चलाई। आठ अप्रैल 2008 को इरम का निकाह मोहम्मद अथर से किया गया। इरम की शादी के करीब 15 साल तक सब ठीक चला।

इरम के मुताबिक 11 जून 2024 को शौहर ने उसे रातभर पीटा और तलाक देकर घर से बाहर निकाल दिया। चूंकि भारत में तब तीन तलाक पर नया कानून आ गया था तो इरम ने 18 जून 2024 को कोतवाली में पति मोहम्मद अथर के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस के प्रयास से उसी मकान में इरम को एक कमरा मिल गया।

सितंबर में कर लिया था भारत छोड़ने का फैसला: इरम के मुताबिक ससुरालवालों के रवैये को देखकर उसने सितंबर 2024 में ही भारत छोड़ने का फैसला कर लिया। चूंकि वह मुकदमा चलने के दौरान देश नहीं छोड़ सकती थी तो उसने पुलिस को मुकदमा वापस लेने का पत्र दिया।

महिलाओं और बच्चियों के आत्मनिर्भरता के लिए अतुल्य वेल्फेयर ट्रस्ट द्वारा एक महीने की निशुल्क ब्यूटी पार्लर प्रशिक्षण कार्यशाला का शुभारंभ

तरुणमित्र

जौनपुरः महिलाओं और युवतियों को आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से अतुल्य वेल्फेयर ट्रस्ट ने पुनः एक माह की निशुल्क ब्यूटी पार्लर प्रशिक्षण कार्यशाला का उद्घाटन किया। यह कार्यशाला निखार ब्यूटी पार्लर, खुझी मोड़, हिसामपुर रोड, डोभी में आयोजित की गई है।

मुख्य अतिथि का संदेश : इस कार्यक्रम का उद्घाटन करते हुए समाजसेविका और मुख्य अतिथि पायल किन्नर ने कहा कि अतुल्य वेल्फेयर ट्रस्ट का यह प्रयास नारी उत्थान और उनकी आत्मनिर्भरता के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने इस पहल को प्रशिक्षणार्थियों के लिए बेहद उपयोगी बताया और कहा कि इस तरह के प्रशिक्षण शिविर उनके आत्मविश्वास को बढ़ाने के साथ-साथ उनके भविष्य को नई दिशा देंगे।

संस्थाध्यक्ष और प्रशिक्षिका का योगदान : कार्यक्रम में संस्थाध्यक्ष उर्वशी सिंह ने प्रशिक्षिका श्रीमती सरोज गुप्ता के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस प्रशिक्षण शिविर के माध्यम से महिलाएं और बच्चियां अपने पैरों पर खड़ी हो सकेंगी। उन्होंने यह भी बताया कि ट्रस्ट परिवार पहले भी ऐसे प्रशिक्षण शिविरों का आयोजन करता रहा है, जिससे कई महिलाओं और युवतियों ने लाभ उठाया है। प्रशिक्षिका सरोज गुप्ता ने इस अवसर पर बताया कि प्रशिक्षण के दौरान हर सप्ताह एक प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। इन प्रतियोगिताओं में बेहतर प्रदर्शन करने वाली प्रतिभागियों को समापन समारोह में सम्मानित किया जाएगा। इससे बच्चियों के अंदर सीखने और आगे बढ़ने की चाहत बनी रहेगी।

संस्थापक और अन्य सदस्यों की भूमिका : ट्रस्ट की संस्थापक दीक्षा सिंह ने कहा कि इस कार्यक्रम में बच्चियों की सक्रिय भागीदारी देखकर खुशी हो रही है। बड़ी संख्या में बच्चियों ने इस कार्यशाला में शामिल होकर अपने भविष्य को बेहतर बनाने की दिशा में कदम बढ़ाया है। कार्यक्रम में ट्रस्ट परिवार के सदस्यों ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। प्रमुख रूप से किरण किन्नर, बबली किन्नर, वंदना यादव, धरमू गुप्ता, शहजादी गुप्ता, दिनेश, उपेंद्र, ट्रेनर डिम्पल, खुशी और ज्योति जैसे कई अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

कार्यक्रम संचालन और समापन : इस कार्यक्रम का संचालन और आभार महासचिव राधिका सिंह ने किया। उन्होंने बताया कि यह कार्यशाला केवल तकनीकी कौशल प्रदान करने तक सीमित नहीं है, बल्कि इसका उद्देश्य महिलाओं और युवतियों को मानसिक और सामाजिक रूप से मजबूत बनाना भी है। अतुल्य वेल्फेयर ट्रस्ट का यह प्रयास समाज के कमजोर वर्गों के सशक्तिकरण की दिशा में एक सराहनीय कदम है। इस तरह की पहल न केवल महिलाओं और बच्चियों को आत्मनिर्भर बनाएगी, बल्कि उन्हें समाज में अपनी अलग पहचान बनाने का अवसर भी देगी।

आतंकी हमले के विरोध में शोकसभा आयोजित, देशविरोधी ताकतों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग

तरुणमित्र

जौनपुर, चंदवक। स्थानीय डोभी क्षेत्र के पत्रही रेहारी स्थित आदर्श इंटर कॉलेज के परिसर में एक शोक सभा का आयोजन किया गया। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हाल ही में हुए आतंकी हमले में मारे गए निर्दोष नागरिकों को श्रद्धांजलि देने के उद्देश्य से यह सभा आयोजित की गई। इसमें छात्र-छात्राओं के साथ विद्यालय के अध्यापकों ने हिस्सा लिया और दो मिनट का मौन रखकर शहीदों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

वक्ताओं ने की हमले की घोर निंदा : शोक सभा में विद्यालय के वरिष्ठ अध्यापक विनोद कुमार सिंह ने आतंकवाद की कड़ी निंदा करते हुए छात्रों को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि ऐसी जघन्य घटनाएं न केवल मानवता के खिलाफ हैं, बल्कि हमारे देश की अखंडता को चुनौती देती हैं। श्री सिंह ने छात्रों को जागरूक रहने और अपने आसपास किसी भी देशविरोधी गतिविधियों की पहचान कर उनके खिलाफ आवाज उठाने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा, "आतंकवादियों को न केवल दंडित किया जाना चाहिए, बल्कि उन देशों के खिलाफ भी सख्त कार्रवाई होनी चाहिए जो उन्हें समर्थन और आश्रय देते हैं। पाकिस्तान जैसे देश आतंकवादियों की मदद कर रहे हैं, और उनके खिलाफ अंतरराष्ट्रीय मंच पर कठोर कदम उठाना चाहिए।"

छात्र-छात्राओं ने लगाए नारे : सभा के दौरान छात्रों ने "पाकिस्तान मुर्दाबाद" और "हिंदुस्तान जिंदाबाद" के नारे लगाए, जिससे पूरा वातावरण देशभक्ति की भावना से गूंज उठा।

प्रधानाचार्य का संबोधन : विद्यालय के प्रधानाचार्य गजराज सिंह ने छात्रों को 22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि इस घटना में 28 निर्दोष भारतीयों की हत्या कर दी गई, जो आतंकवाद की घिनौनी हरकत का प्रमाण है। उन्होंने इस नरसंहार की कड़ी निंदा करते हुए छात्रों को सतर्क रहने और देश सेवा के प्रति समर्पित रहने का संदेश दिया। प्रधानाचार्य ने यह भी कहा कि ऐसी घटनाओं से हमें सीख लेनी चाहिए और एकजुट होकर देशविरोधी ताकतों का सामना करना चाहिए।

समाज और देश के प्रति जिम्मेदारी का आह्वान : सभा के अंत में उपस्थित सभी शिक्षकों और छात्रों ने आतंकवाद के खिलाफ एकजुट होकर खड़े होने की शपथ ली। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षकों नित्यानंद दीक्षित, विजेंद्र प्रताप, अरुण सिंह, राम प्रवेश सिंह, अभय सिंह, सुधीर कुमार सिंह और चंदन सिंह ने भी अपने विचार साझा किए।

इस कार्यक्रम के माध्यम से छात्रों और उपस्थित लोगों में देशभक्ति और जागरूकता का संचार हुआ। सभा का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ।

सामुदायिक शौचालय पर ताला लगने से ग्रामीण परेशान!

तरुणमित्र

सुइथा कला, जौनपुर। क्षेत्र के जहुरूद्दीनपुर में स्थित सामुदायिक शौचालय में हमेशा लटकता रहता है ताला, ताला लटकने से जहुरूद्दीनपुर के ग्रामीण सहित महिलाएं बेहद परेशान होकर इस मामले की सूचना पत्रकारों को देकर सरकार तक आवाज उठाने को कहा मौके पर पहुंचे पत्रकारों ने देखा की शौचालय पर ताला लगा हुआ है। महिलाओं का आरोप है कि शौचालय समय से खुलता नहीं है और शौचालय में साफ सफाई नहीं रहता है जबकि नियम है सुबह और शाम शौचालय को खोला जाए लेकिन ऐसा कुछ नहीं होता है महिलाओं ने बताया हम अपने ग्राम सभा के प्रधान मनबोध को इसकी सूचना भी देते है तब पर भी शौचालय में साफ सफाई नहीं होती है शौचालय की जो टंकी बनी है उसमें कभी पानी नहीं रहता है शौचालय के अंदर इतना गंदगी है कि अंदर जाने पर दम घुटता है महिलाओं का कहना है कि अगर शौचालय के ऊपर लगे टंकी में पानी की व्यवस्था हो जाए और साफ सफाई हो जाए तो बढ़िया रहेगा। महिलाएं शौच को लेकर काफी परेशान हो चुकी हैं कहती है कि प्रधान को बार बार सूचना देने पर भी कोई कार्य नहीं हो रहा है जिससे तंग आकर महिलाओं ने पत्रकार को फोन करके अवगत कराया महिलाओं ने कहा सबसे पहले टंकी में पानी भरा जाए और जितनी सप्लाई है सब चालू किये जाए शौचालय की स्वच्छता और सफाई पर प्रधान और सचिव दोनों विशेष रूप से ध्यान दे और साफ सफाई बराबर होती रहे।जहां एक तरफ सरकार द्वारा खुले में शौच न जाना पड़े उस उद्देश्य से हर ग्राम सभा में सामुदायिक शौचालय बनाया गया है लेकिन ग्राम प्रधान के द्वारा सरकार के मनसा पर पानी फेरने में कोई भी कसर नहीं छोड़ा जा रहा है । यह एक जांच का विषय है इस पर जांच होनी चाहिए और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई होनी चाहिए ऐसी मांग ग्रामीणों द्वारा की जा रही है।

रेलवे ट्रैक पर ड्रम रखने वाले गिरफ्तार: पुलिस की मुस्तैदी से बड़ा हादसा टला

तरुणमित्र

जौनपुर। अपराध की रोकथाम और अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत, पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में बक्शा थाना प्रभारी की कुशल नेतृत्व वाली टीम ने रेलवे ट्रैक पर ड्रम रखकर संभावित हादसे की साजिश को नाकाम करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।

घटना का विवरण : 30 अप्रैल 2025 की रात को, श्री कृष्णा नगर और सराय हरखु रेलवे स्टेशन के बीच औंका गांव के पास रेलवे ट्रैक पर एक टीन का ड्रम रखा पाया गया। यह घटना संभावित रूप से किसी बड़ी दुर्घटना का कारण बन सकती थी। पुलिस ने तुरंत इस मामले को गंभीरता से लेते हुए अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ भारतीय रेलवे अधिनियम की धारा 151 और 153 के तहत मामला दर्ज किया। विवेचना उपनिरीक्षक राकेश कुमार राय को सौंपी गई।

मुखबिर की सूचना से गिरफ्तारी : घटना की गहन जांच के बाद, पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर 2 मई 2025 की सुबह 6:25 बजे औंका गांव के ही दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार किए गए अभियुक्तों के नाम हैं:

1.अफजल अली उर्फ सोनू (पुत्र अफसर अली, उम्र 20 वर्ष)

2.अफजल अली (पुत्र रियाज अली)

दोनों आरोपी औंका गांव, थाना बक्शा, जौनपुर के निवासी हैं। पुलिस ने इनके पास से मोबाइल फोन बरामद किए, जिनमें इस तरह की घटनाओं के वीडियो मिले।

रील बनाने के चक्कर में की गई हरकत : थानाध्यक्ष अटल बिहारी मिश्रा के अनुसार, गिरफ्तार आरोपी बार-बार यह दावा कर रहे थे कि उनसे गलती हो गई। पुलिस की जांच में यह बात सामने आई कि ये दोनों रील बनाने के शौक के चलते रेलवे ट्रैक पर खतरनाक हरकतें करते थे और वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर डालते थे।

पुलिस की कार्यवाही : गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने आरोपियों को आवश्यक कानूनी प्रक्रिया के तहत न्यायालय भेज दिया। मामले की गंभीरता को देखते हुए आगे की जांच जारी है।

पुलिस टीम की सराहनीय भूमिका : गिरफ्तारी में निम्नलिखित पुलिसकर्मियों की सराहनीय भूमिका रही: उपनिरीक्षकः राकेश कुमार राय (थाना बक्शा), हेड कांस्टेबलः आदर्श कुमार सिंह, कांस्टेबलः सतेन्द्र कुमार, राधेश्याम मीना (जौनपुर सिटी), हेड कांस्टेबलः फूलचंद्र यादव (आरपीएफ सीआईबी)

पुलिस की अपील : पुलिस ने जनता से अपील की है कि वे इस तरह की घटनाओं को रोकने में सहयोग करें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें। रेलवे ट्रैक पर ऐसी हरकतें न केवल कानूनन अपराध हैं, बल्कि लोगों की जान के लिए गंभीर खतरा भी पैदा करती हैं। इस घटना ने एक बार फिर पुलिस की सतर्कता और जिम्मेदारी को साबित किया है। इस मुस्तैदी से न केवल एक संभावित हादसा टला, बल्कि दो युवकों को उनके गलत रास्ते पर जाने से भी रोका गया।

आधी रात में किसकी सह पर बिक रही अवैध रुप से शराब, वीडियो वायरल

तरुणमित्र

जौनपुरः शाहगंज पुलिस और आबकारी विभाग के जिम्मेदार कानून व्यवस्था की जो भी गारंटी दें, कायदे कानून की धज्जियां उड़ाने वाले उनकी गारंटी को आइना दिखाने से बाज नहीं आ रहे हैं। पूरे दिन क्षेत्र में रहकर पूरी इमानदारी से ड्यूटी निभाने का दावा करने वाले आबकारी विभाग के जिम्मेदारों की पोल समय समय पर खुलती रहती है। फिलहाल देर रात बिक रही शराब और उस के वीडियो ने जिम्मेदारों के दावों की हवा निकाल दी है। नगर के अयोध्या मार्ग पर संचालित देशी शराब और बीयर की कम्पोजिट दुकान पर देर रात स्ढ़े ग्यारह बजे दुकान के बगले गेट से शराब की बिक्री निर्बाध रूप से होती रही। खरीदार मदिरा प्रेमीयों की मानें तो रात दस बजे के बाद शराब खरीदने के लिए निर्धारित मूल्य से अधिक पैसे देने होते हैं। रात के समय दुकान का शटर तो गिर जाता है, लेकिन दुकान के अंदर सेल्समैन बिक्री करता है। वायरल वीडियो में दुकान के भीतर की लाइट जल रही है, कांप्यूटर फैन चल रहा है, बगल के गेट पर आधा दर्जन मदिरा प्रेमी क्रम शराब खरीदते दिख रहे हैं। इस दौरान पुलिस की वाहन भी गश्त में चक्कर गुजरी जरूर, लेकिन देर रात में दुकान के बाहर खड़े लोगों पर शायद दरोगा जी या साथ चल रहे हमराहियों की निगाह नहीं पड़ी। मामले में आबकारी अधिकारी भीम तिवारी ने कहा कि रात में अवैध बिक्री की समय समय पर जांच की जाती है, यदि इस तरह से किया जा रहा है तो उसकी जांच करके विधिक और विभागीय कार्यवाई की जायेगी।

संदिग्ध परिस्थितियों में तीन किशोरियों के गायब होने का मामला बना चर्चा का विषय

तरुणमित्र, जौनपुर

नगर के कोतवाली थाना क्षेत्र में बुधवार की शाम तीन किशोरियों के संदिग्ध परिस्थितियों में गायब होने का मामला सामने आया है। यह घटना क्षेत्र में चर्चा का विषय बनी हुई है और स्थानीय लोगों के बीच चिंता का माहौल है। तीनों किशोरियों की उम्र क्रमशः 14, 17 और 19 वर्ष बताई जा रही है।

मेला देखने गई थीं तीनों किशोरियां : बुधवार शाम करीब 5 बजे ये तीनों किशोरियां अपने घर से भूदरा शाह बाबा के क्षेत्र में आयोजित उर्स मेले को देखने निकली थीं। जब वे देर रात तक घर नहीं लौटीं, तो परिवारजनों ने उनकी खोजबीन शुरू की। परिजनों ने आस-पास के इलाकों, रेलवे स्टेशन, बस अड्डों और रिश्तेदारों के घरों में तलाश की, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला।

परिवारों ने दर्ज कराई गुमशुदगी की रिपोर्ट : गुरुवार सुबह, परिवारों ने पुलिस को इस घटना की जानकारी दी और कोतवाली थाने में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई। मामले की गंभीरता को देखते हुए शहर कोतवाल मिथिलेश कुमार मिश्रा ने तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए। चौकी प्रभारी पुरानी बाजार को जल्द से जल्द किशोरियों की खोजबीन शुरू करने का आदेश दिया गया।

पुलिस ने शुरू की जांच : पुलिस ने मामले की जांच के लिए विशेष टीम गठित की है। किशोरियों की तलाश के लिए आसपास के क्षेत्रों में खोजबीन की जा रही है। पुलिस ने इलाके के सीसीटीवी फुटेज खंगालने और संदिग्ध व्यक्तियों से पूछताछ शुरू कर दी है।

क्षेत्र में दहशत का माहौल : तीनों किशोरियों के अचानक गायब होने से क्षेत्र के लोग दहशत में हैं। स्थानीय लोग इस घटना को सामान्य नहीं मान रहे हैं और इसे एक गंभीर मुद्दा समझ रहे हैं। किशोरियों के परिवारों में मातम पसरा हुआ है और वे बेसब्री से उनकी सुरक्षित वापसी की प्रतीक्षा कर रहे हैं।

प्रशासन की कार्रवाई पर नजर : इस घटना ने क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं। स्थानीय लोग प्रशासन से जल्द से जल्द कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। वहीं, पुलिस अधिकारियों का कहना है कि वे हर संभव प्रयास कर रहे हैं और जल्द ही मामले का खुलासा करेंगे।

इस घटना ने पूरे इलाके को झकझोर दिया है और प्रशासन के लिए यह एक बड़ी चुनौती बन गई है। लोगों को उम्मीद है कि पुलिस जल्द से जल्द इन किशोरियों को सुरक्षित खोज निकालेगी और मामले की सच्चाई सामने लाएगी।

नाविक को 100 रुपये, लेटर देकर गंगा में कूदी युवती, लिखा था- 'मैं भगवान की अमृत संतान हूं'

गंगा में कूदने की सूचना मिलने ही मौके पर पहुंची पुलिस

तरुणमित्र

भदोही। मेरा माता-पिता कोई नहीं है। परमपिता परमेश्वर मेरे सबकुछ हैं। मै वैराग्य धारण कर चूकी हूं। मेरा इस जिंदगी में कोई काम नहीं है। जिंदगी और मौत सब निश्चित है।' एक कागज पर लिखकर शुक्रवार की दोपहर गोपीगंज के इब्राहिमपुर गंगा घाट पर नाव से एक युवती ने गंगा में छलांग लगा दी। इससे क्षेत्र में खलबली मच गई। घटना के बाद मौके पर भीड़ जुट गई। पुलिस गोताखोरों की मदद से तलाश में जुट गई। खबर लिखे जाने तक तक उसका पता नहीं चल सका था। मिर्जापुर के विंध्याचल थानाक्षेत्र के नवगांव घाट से शुक्रवार को 20 वर्षीय एक युवती इब्राहिमपुर घाट पर आने के लिए नाव पर बैठी। वह साइकिल और एक बैग भी लिए थी। नाविक धनंजय निषाद के मुताबिक, मध्य गंगा में नाव पहुंचने के बाद वह एक सौ का नोट दिया। उसके बाद शब्द लिखे एक कागज को नाव पर छोड़ने के बाद गंगा में छलांग लगा दी।

मौके पर मची चीख-पुकार : इसको लेकर नाव में बैठे लोग सन्न रह गए। नाव में बैठे अन्य लोगों ने शोर भी मचाया, लेकिन मध्य गंगा में किसी की कूदने की हिम्मत नहीं हुई। इब्राहिमपुर घाट पर पहुंचने के बाद लोगों ने पीआरवी और पुलिस को सूचना दी। खबर मिलने पर विंध्याचल थाने के साथ ही गोपीगंज पुलिस मौके पर पहुंची। स्थानीय गोताखोरों की मदद से उसकी तलाश कराई, लेकिन पता नहीं चल सका। युवती की साइकिल नाव पर ही मौजूद है। वह कहां से आ रही थी और कहां जाना था, यह स्पष्ट नहीं हो सका। उसका नाम और पता भी किसी को नहीं मालूम है।

थाना क्षेत्र में नहीं थम रही चोरी की वारदातें

पंचायत भवन से सोलर बैटरी, पंखे और कुर्सियां तक चोरी, पुलिस की कार्यशैली पर उठे सवाल

तरुणमित्र

जौनपुर। जफराबाद थाना क्षेत्र के मोहिउद्दीनपुर गांव में पंचायत भवन को चोरों ने निशाना बनाते हुए बीती रात एक बड़ी चोरी की घटना को अंजाम दिया। पंचायत भवन से सोलर इन्वर्टर की बैटरियां, पंखे और कुर्सियों समेत कई सामान चोरी हो गए। इस घटना ने न केवल गांव के निवासियों को चिंता में डाल दिया है, बल्कि पुलिस की कार्यशैली पर भी सवाल खड़े कर दिए हैं।

कैसे हुआ चोरी का खुलासा? : गुरुवार सुबह लगभग सात बजे गांव के प्राथमिक विद्यालय के शिक्षक जब स्कूल पहुंचे, तो उन्होंने देखा कि पंचायत भवन के कमरे का ताला टूटा हुआ है। अंदर जाकर निरीक्षण करने पर यह पता चला कि वहां से कई कीमती सामान गायब हैं।

कौन-कौन से सामान हुए चोरी? : चोरी हुए सामानों में पंचायत भवन में लगे सोलर इन्वर्टर की दो बैटरियां, छत पर लगे दो पंखे, एक राउंडिंग चेयर और 12 फाइबर की कुर्सियां शामिल हैं। पंचायत भवन का यह सामान गांव की विभिन्न गतिविधियों और पंचायत कार्यों के लिए उपयोग होता था।

ग्राम प्रधान ने की पुलिस को सूचित : चोरी की जानकारी मिलते ही विद्यालय के प्रधानाध्यापक कृष्ण कांत मधुकर ने ग्राम प्रधान अनिल यादव फौजी को सूचना दी। ग्राम प्रधान ने मौके पर पहुंचकर तुरंत डायल 112 और जफराबाद थाने को घटना की जानकारी दी। सूचना मिलने पर उप निरीक्षक संजय कुमार पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और छानबीन शुरू की।

पुलिस जांच में जुटी, लेकिन अब तक कोई सुराग नहीं : पुलिस ने घटनास्थल पर निरीक्षण किया और गांव के आस-पास के लोगों से पूछताछ शुरू की। हालांकि, अब तक किसी भी चोर का पता नहीं चल सका है। पुलिस ने बताया कि घटना की गंभीरता को देखते हुए जांच तेज कर दी गई है।

ग्रामीणों में रोष, पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल : गांव में चोरी की यह घटना चर्चा का विषय बनी हुई है। ग्रामीणों का कहना है कि यह पहली बार नहीं है जब थाना क्षेत्र में चोरी की घटना हुई है। इससे पहले भी कई वारदातें हुई हैं, लेकिन अब तक किसी भी मामले का खुलासा नहीं हुआ है।

सुरक्षा व्यवस्था पर उठ रहे सवाल : गांव के लोगों का कहना है कि पुलिस की गश्त और सुरक्षा व्यवस्था में कमी के कारण चोरों का हौसला बढ़ रहा है। पंचायत भवन जैसी सार्वजनिक जगह पर चोरी की घटना ने सुरक्षा प्रबंधों की पोल खोल दी है।

प्रशासन से उठी सख्त कार्रवाई की मांग : ग्राम प्रधान अनिल यादव ने इस घटना को लेकर प्रशासन से मांग की है कि जल्द से जल्द चोरों को पकड़कर उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए। इसके साथ ही पंचायत भवन और विद्यालय जैसी जगहों पर सुरक्षा बढ़ाने की भी मांग की गई है।

निष्कर्ष : इस तरह की घटनाएं न केवल गांव के लोगों के लिए चिंता का विषय हैं, बल्कि स्थानीय प्रशासन और पुलिस के लिए भी चुनौती हैं। अब देखना यह है कि पुलिस कब तक इस चोरी का खुलासा करती है और अपराधियों को सलाखों के पीछे पहुंचाती है।

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में घटिया निर्माणः भदोही डीएम ने ईंटों का सैंपल लैब भेजा,ठेकेदार को दी चेतावनी

तरुणमित्र

भदोही के अभोली ब्लॉक के भवानीपुर स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र दुर्गागंज का जिलाधिकारी शैलेश कुमार ने निरीक्षण किया, उन्होंने अस्पताल में डॉक्टर स्टाफ और सफाई व्यवस्था की जांच की साफ-सफाई की स्थिति संतोषजनक पाई गई। अस्पताल परिसर में नई बिल्डिंग के निर्माण कार्य की गुणवत्ता को लेकर जिलाधिकारी ने नाराजगी जताई। उन्होंने पाया कि निर्माण में प्रयोग की जा रही ईंट भूसे से पाई गई है। जिलाधिकारी ने तत्काल ईंटों का सैंपल सैंपल लैब टेस्टिंग के लिए भेजा। उन्होंने ठेकेदार को चेतावनी दी कि गुणवत्ता में कमी पाए जाने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।।

महानगर पालिका ने अवैध स्कूलों में नए प्रवेश रोकने के लिए उठाए कदम

तरुणमित्र/सारा पुरी



ठाणेः ठाणे महानगर पालिका क्षेत्र में 81 अनधिकृत स्कूलों के 19 हजार,708 छात्रों को अन्य अधिकृत निजी स्कूलों में समायोजित करने के लिए प्रशासन जहां प्रयास कर रहा है, वहीं महानगर पालिका ने इस शैक्षणिक वर्ष में अभिभावकों को इन स्कूलों में नए प्रवेश लेने से रोकने के लिए कदम उठाए हैं। महानगर पालिका प्रशासन ने इन स्कूलों की सूची फिर से जारी की है और विद्यार्थियों से अपील की है कि वे शैक्षणिक नुकसान से बचने के लिए इन स्कूलों में प्रवेश न लें। साथ ही महानगर पालिका ने यह भी सलाह दी है कि इन अनाधिकृत स्कूलों को तुरंत बंद कर दिया जाना चाहिए। ठाणे महानगर पालिका क्षेत्र में अनधिकृत स्कूलों के संचालन का मुद्दा कुछ वर्ष पहले प्रकाश में आया था। महानगर पालिका की ओर से इन स्कूलों को लगातार नोटिस जारी किए जा रहे हैं। फिर भी, स्कूल का संचालन जारी रखने के लिए महानगर पालिका प्रशासन की आलोचना की जा रही थी। ठाणे महानगर आयुक्त सौरभ राव ने हाल ही में शहर में अनधिकृत स्कूलों की स्थिति की समीक्षा की थी और अनधिकृत स्कूलों के खिलाफ कार्रवाई का आदेश दिया था। इसके बाद प्रशासन ने अनाधिकृत स्कूलों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की है। 81 अनाधिकृत स्कूलों में से 68 स्कूलों के विरुद्ध मामले दर्ज किये गये हैं। इसलिए, 13 स्कूलों के खिलाफ मामला दर्ज करने की प्रक्रिया चल रही है। अतिक्रमण विभाग अनधिकृत स्कूलों के निर्माण के खिलाफ भी कार्रवाई का प्रस्ताव कर रहा है। जल आपूर्ति विभाग ऐसे स्कूलों के पानी के कनेक्शन काट रहा है और अब तक महानगर पालिका ने 32 अनाधिकृत स्कूलों के पानी के कनेक्शन काट दिए हैं। इसके अलावा इन स्कूलों पर 52 करोड़ रुपये का जुर्माना भी लगाया गया है। हालाँकि, स्कूल इमारतों के खिलाफ कार्रवाई नहीं की गई है। इससे स्कूलों को पुनः खोलने की नौबत आ सकती है और बच्चों के साथ शैक्षणिक स्तर पर धोखाधड़ी हो सकती है। इसे ध्यान में रखते हुए महानगर पालिका प्रशासन ने यह सुनिश्चित करने के लिए कदम उठाए हैं कि अभिभावक इस शैक्षणिक वर्ष में इन स्कूलों में नया प्रवेश न लें। इस कारण महानगर पालिका प्रशासन ने इन स्कूलों की सूची फिर से जारी कर इनमें प्रवेश न लेने की अपील की है। इस खबर की पुष्टि ठाणे महानगर पालिका शिक्षा विभाग के उपायुक्त सचिन सांगले ने की है। उन्होंने यह भी कहा कि वह बच्चों को पढ़ाई में नकल करने से रोकने के लिए अभिभावकों की बैठक आयोजित करने की योजना बना रहे हैं।

प्रभाग	स्कूलों की संख्या	छात्रों की संख्या
दिवा	65	16 437
मुंब्रा	8	1826
माजीवाड़ा-मनपाड़ा	3	562
कलवा	3	415
उथलसर	2	468
कुल	81	19708

ठाणे में दो पेड़ गिरे; पेड़ हटाते समय दमकलकर्मी घायल

तरुणमित्र / ब्यूरो

ठाणेः ठाणे महानगर पालिका क्षेत्र में खतरनाक पेड़ों की शाखाओं को काटने का काम चल रहा है, वहीं पिछले 24 घंटों में शहर में पेड़ गिरने की 2 घटनाएं सामने आई हैं। इनमें से एक घटना में पेड़ गिरने से एक कार क्षतिग्रस्त हो गई, जबकि दूसरी घटना में गिरे हुए पेड़ को हटाते समय एक अग्निशमनकर्मी घायल हो गया। मानसून के मौसम में ठाणे महानगर पालिका क्षेत्र में पेड़ गिर रहे हैं, जिससे जान-माल की हानि हो रही है और आर्थिक नुकसान हो रहा है। इस प्रकार की घटना को रोकने के लिए महानगर पालिका ने शहर में हर जगह पेड़ों की खतरनाक शाखाओं की छंटाई शुरू कर दी है। यह सुनिश्चित करने का ध्यान रखा जा रहा है कि शाखाओं की छंटाई से पेड़ों का संतुलन बिगड़ न जाए। इसके अलावा, यदि कोई खतरनाक पेड़ पाया जाता है तो उसे हटाने की कार्रवाई भी की जा रही है। शहर में दो स्थानों पर पेड़ गिर गए। बुधवार, 30 अप्रैल को रात करीब 9:15 से 9:30 बजे लुइसवाड़ी इलाके में राजहंस सोसायटी के परिसर में एक सूखा पेड़ गिर गया। यह पेड़ यहां खड़ी एक कार पर गिर गया, जिससे कार क्षतिग्रस्त हो गई। इसमें कार को भारी नुकसान पहुंचा है। दूसरी घटना गुरुवार सुबह करीब 11 बजे हुई। वागले एस्टेट क्षेत्र में कशिश पार्क परिसर में खुले स्थान पर एक पेड़ गिर गया। इन दोनों घटनाओं की सूचना मिलने पर दमकल विभाग और आपदा प्रबंधन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और गिरे हुए पेड़ों को काटकर एक तरफ किया। इस बीच, ठाणे महानगर पालिका की दमकल कर्मी किरण चौरे कशिश पार्क में गिरे पेड़ को काटते समय घायल हो गईं। ठाणे आपदा प्रबंधन अधिकारी यासीन तड़वी ने बताया कि उनके दाहिने पैर के अंगूठे में चोट आई है। ठाणे मनपा आयुक्त सौरभ राव के निर्देशानुसार मनपा क्षेत्र के प्रमुख मार्गों, फुटपाथों, सार्वजनिक स्थानों, स्कूलों, अस्पतालों, पार्कों, चौराहों, बस स्टॉप और आवासीय क्षेत्रों से खतरनाक शाखाओं की छंटाई की जा रही है। यह छंटाई तकनीकी दृष्टिकोण से की जा रही है, तथा बरसात के मौसम में बिजली के तारों और पेड़ की शाखाओं के संपर्क से होने वाली दुर्घटनाओं की संभावना को ध्यान में रखा जा रहा है। इस वर्ष, खतरनाक शाखाओं को हटाने का अभियान निर्धारित समय से 2 महीने पहले ही शुरू हो गया है। इस अभियान में अब तक 6 हजार 367 पेड़ों में से 2 हजार 753 पेड़ों से खतरनाक शाखाएं हटाई जा चुकी हैं। यह दर औसतन 45 प्रतिशत है।

शिक्षक और मुख्याध्यापक रिश्वत लेते रंगे हाथ पकड़े गए

तरुणमित्र / युसुफ पुरी

ठाणेः ठाणे भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो ने एक शिकायत पर कार्रवाई करते हुए जाल बिछाया और एक शिक्षक और मुख्य अध्यापक को 60 हजार रुपये की रिश्वत लेते रंगे हाथों पकड़ लिया। शिकायतकर्ता ने ठाणे भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो को बताया था कि शिक्षक शाहजान मोहम्मद अली मौलाना और मुख्याध्यापक जियाउर रहमान मजहरुलहक अंसारी ने फर्जी सेवा पुस्तिका तैयार करने और उस पर वेतन आयोग के अनुसार प्रविष्टियां और स्टाम्प लगाने के लिए 50 हजार रुपये की रिश्वत मांगी थी। इस शिकायत के आधार पर जब भ्रष्टाचार निरोधक विभाग ने इसका सत्यापन किया तो पाया गया कि शाहजान मौलाना ने रिश्वत की मांग की थी तथा मुख्याध्यापक अंसारी ने उस मांग की पुष्टि की तथा शिकायतकर्ता को रिश्वत देने के लिए उकसाया था। इसके बाद 30 अप्रैल को शिक्षक मौलाना ने शिकायतकर्ता से दोबारा संपर्क किया और मूल रिश्वत राशि के अतिरिक्त निजी टाइपिस्ट और स्टाम्प के लिए 10 हजार रुपये की अतिरिक्त मांग की। इस प्रकार रिश्वत की कुल राशि 60 हजार रुपए हुई। 1 मई को ठाणे एसीबी ने कार्रवाई करते हुए शाहजान मौलाना को रिश्वत लेते रंगे हाथों पकड़ा, जबकि मुख्याध्यापक अंसारी को भी गिरफ्तार किया गया। दोनों के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत मामला दर्ज करने की प्रक्रिया शुरू की।

रेलवे प्रशासन फिर सो रहा है क्या? "छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस" के बजाय "CST" का उल्लेख... मराठी अस्मिता का अपमान

तरुणमित्र / ब्यूरो

ठाणेः पनवेल से मुंबई की ओर आने वाली लोकल ट्रेनों में फिर से एक गंभीर और अस्वीकार्य बात सामने आई है। ट्रेन के डिजिटल इंडिकेटर पर "छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस (CSMT)" के आधिकारिक नाम के बजाय पुराना और अधूरा उल्लेख "CST" दिखाया जा रहा है जिससे लोगों में नाराजगी है।आरोप है कि यह केवल एक तकनीकी गलती नहीं है,बल्कि जानबूझकर मराठी लोगों की भावनाओं को ठेस पहुंचाने का प्रयास लगता है। मराठी अस्मिता की माला जपने वालों का आरोप है कि छत्रपति शिवाजी महाराज केवल एक नाम नहीं है, बल्कि महाराष्ट्र की अस्मिता का प्रतीक हैं। उनके नाम में "महाराज" शब्द को जानबूझकर छोड़ना - यह लापरवाही नहीं, बल्कि अपमान है। रेलवे प्रशासन अभी भी इस ओर ध्यान नहीं दे रहा है। कई शिकायतों के बावजूद ट्रेनों के डिजिटल बोर्ड, वेबसाइट और टिकटों पर गलत उल्लेख जारी है। यह लापरवाही निश्चित रूप से माफ नहीं की जा सकती। स्थानीय लोगों ने मांग की है कि राज्य सरकार और रेलवे मंत्रालय को तुरंत संज्ञान लेना चाहिए और सभी जगहों पर उचित और पूर्ण नाम - छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस (CSMT) का उपयोग करने के निर्देश देने चाहिए।

ठाणे महानगर पालिका मुख्यालय में मनाया गया महाराष्ट्र दिवस

तरुणमित्र / ब्यूरो

ठाणे :महाराष्ट्र राज्य के गठन की 66वीं वर्षगांठ ठाणे महानगर पालिका द्वारा बड़े उत्साह के साथ मनाई गई। महानगर पालिका आयुक्त सौरभ राव ने सुबह 7.15 बजे पाचपाखाड़ी स्थित महानगर पालिका मुख्यालय परिसर में ध्वजारोहण किया। राष्ट्रगान और राज्यगान की पृष्ठभूमि में, अतिरिक्त आयुक्त (1) संदीप मालवी और अतिरिक्त आयुक्त (2) प्रशांत रोडे ने सभी अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ राष्ट्रीय ध्वज को सलामी दी।ध्वजारोहण के बाद महा पालिका आयुक्त सौरभ राव ने अंतरराष्ट्रीय कामगार दिवस के अवसर पर मेधावी सफाई कर्मचारियों को सम्मानित किया। प्रकाश बालकृष्ण पोतदार, किशोरी बुधाजी दलवी, विशाल सखाराम मोहिते, सुरेश कालू चौधरी, सरूबाई धनराज शेवलकर, नागेश श्याम कांबले, प्रतिभा गजानन गायकर, लता रमेश कांबले, मेघा लक्ष्मण दुधावड़े, मयूरी महेश मोहिते, गणेश शिवाजी शिदारडी, नागनाथ गणपत वांचेवाड जैसे 12 सफाई कर्मचारियों को शॉल सम्मान चिन्ह और तुलसी के पौधे देकर सम्मानित किया गया। ध्वजारोहण समारोह के बाद आयुक्त सौरभ राव ने नरेन्द्र बल्लाल हॉल में देश के महान पुरुषों के चित्रों पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित की। उस समय अतिरिक्त आयुक्त (1) संदीप मालवी और अतिरिक्त आयुक्त (2) प्रशांत रोडे, उपायुक्त जी.जी गोदपुरे, मनीष जोशी, उमेश बिरारी, शंकर पाटोले, भालचंद्र बेहरे, मधुकर बोकडे, सचिन सांगले,सहायक आयुक्त सोपान भाईक, सुभागी केसवानी, गुणवंत झां बरे आदि उपस्थित थे। उसके बाद मांसुंदा तालाब पर छत्रपति शिवाजी महाराज और कोर्ट नाका और ठाणे स्टेशन पर भारत रत्न डॉ. बाबासाहेब अंबेडकर की प्रतिमा पर अतिरिक्त आयुक्त प्रशांत रोडे ने बाबासाहेब अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस समय जी.जी.गोडेपुरे, शंकर पटोले सहायक आयुक्त भाईक सोपान उपस्थित थे।

विधायक जितेंद्र आव्हाड को मिली जान से मारने की धमकी!

तरुणमित्र / युसुफ पुरी

ठाणेः राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरद पवार गुट) के विधायक जितेंद्र आव्हाड को अपशब्द और जान से मारने की धमकी मिलने के बाद हड़कंप मच गया है। आव्हाड ने खुद सोशल मीडिया पर यह जानकारी दी। उन्होंने धमकी देने वाले का मोबाइल नंबर पोस्ट कर यह भी कहा कि पुलिस को इस पर संज्ञान लेना चाहिए। एनसीपी (शरद पवार गुट) के नेता विधायक जितेंद्र आव्हाड को पहले भी धमकियां मिल चुकी हैं। शुक्रवार दोपहर को उन्हें सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म व्हाट्सएप पर एक और संदेश मिला। इस मैसेज में उन्हें अभद्र भाषा में गालियां दी गई हैं। आव्हाड ने यह भी दावा किया कि उन्हें जान से मारने की धमकी भी मिली है। उन्होंने इस मामले की जानकारी ठाणे पुलिस और डीजीपी महाराष्ट्र को सोशल मीडिया एक्स पर ट्वीट कर दी है। उन्होंने अपने पोस्ट में स्क्रीनशॉट के जरिए धमकी देने वाले का मोबाइल नंबर भी भेजा है। पहले भी मिली थी धमकियां आव्हाड को पहले भी कई धमकियां मिल चुकी हैं। पिछले साल भी उन्हें धमकियां दी गई थीं। पिछले वर्ष शिकायत दर्ज कराई गई थी कि जब वह ठाणे स्थित अपने आवास नाद बंगले में थे, तब एक अज्ञात मोबाइल नंबर से उनसे संपर्क किया गया। उसने खुद को रोहित गोदारा और बिश्नोई जनजाति का सदस्य बताया। इसके बाद उसने अव्हाड से 2 करोड़ रुपये की फिरौती मांगी। उसने धमकी दी कि अगर तुमने फिरौती नहीं दी तो वह तुम्हारे साथ वही करेगा जो अभिनेता सलमान खान के साथ हुआ था। उस समय, आव्हाड के एक पदाधिकारी द्वारा शिकायत दर्ज कराए जाने के बाद वर्तकनगर पुलिस स्टेशन में इस संबंध में मामला दर्ज किया गया था। अब चूंकि एक बार फिर धमकी मिली है तो इस बात पर ध्यान दिया जा रहा है कि क्या कार्रवाई की जाएगी।

महाराष्ट्र दिवस पर ठाणे पुलिस क्रीड़ा संकुल में उपमुख्यमंत्री ने किया ध्वजारोहण, जाति गत जनगणना का किया पुरजोर समर्थन

तरुणमित्र / ब्यूरो

मुंबई, उपमुख्यमंत्री एवं पालकमंत्री एकनाथ शिंदे ने महाराष्ट्र दिवस के अवसर पर ठाणे जिले में मुख्य सरकारी ध्वजारोहण कार्यक्रम में बोलते हुए कहा कि ठाणे जिले की सर्वांगीण प्रगति और सामाजिक विकास के लिए हमारी सरकार प्रतिबद्ध है। उन्होंने जातिगत जनगणना करने के केंद्र सरकार के निर्णय का स्वागत किया और इसका श्रेय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को दिया। शिंदे ने कहा कि ठाणे जिले के विकास के लिए पिछले ढाई वर्षों में 80 हजार करोड़ से अधिक की परियोजनाएं मंजूर की गई हैं। इससे अगले दस वर्षों में ठाणे जिला देश का एक आदर्श जिला बनेगा, ऐसा विश्वास उन्होंने व्यक्त किया। इस अवसर पर, उन्होंने विभिन्न सरकारी विभागों के उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों और कर्मचारियों को सम्मानित किया और शीघ्र प्रतिक्रिया एंबुलेंस का उद्घाटन भी किया।

पाकिस्तान के विरुद्ध जैन समाज की बोरीवली में मौन रैली

तरुणमित्र / हंसराज कनौजिया

मुंबई : पहलगाम आतंकी हमला के विरोध में बोरीवली मे गुरुवार को जैन संघ द्वारा सर्वधर्म मौन रैली का आयोजन किया गया। जिसमें भारी संख्या में जैन समाज के साथ ही सभी धर्म के लोगों ने हिस्सा लिया और आतंकी हमले में मारे गये नागरिकों को भावपूर्ण मौन होकर श्रद्धांजलि अर्पित किया।यह मौन रैली बोरीवली पश्चिम जामनी गल्ली जैन देरासर से शुरू हुई एस वी रोड से होकर रेलवे स्टेशन से एल टी रोड, टीपीएस रोड के पास वीर सावरकर गार्डेन के पास मैदान में मौन रैली का समापन हुआ।इस मौन रैली का आयोजन श्री बोरीवली 27 जैन संघ के अध्यक्ष स्नेहल शाह के नेतृत्व में किया गया था, जिसमे प्रवीण शाह,अमर मेहता, अशोक शाह,नैनेश शाह सहित भारी संख्या में महिला एवं पुरूष उपस्थित थे।।पाकिस्तान के नेता और प्रवक्ता जो टीवी पर बैठकर झूठी बयान बाजी करते है कि जैन समाज के लोग भी भारत मे परेशान है, तो यह सरासर गलत और बेबुनियाद बातें हैं।भारत मे जैन समाज के लोग अपने आप को कभी अल्पसंख्यक नही मानते हैं। देश की सेवा में हमेशा अपनी मेहनत और लगन से जुटे रहते है।भारत की जीडीपी में जैन समाज के लोगों का भी बहुत बड़ा योगदान रहता है।पाकिस्तान आतंकवाद के मुद्दे पर अब बेनकाब हो चुका है, झूठी बयान करके बच नही सकता।

खारघर-तुर्भे टनल लिंक रोड से नवी मुंबई में कनेक्टिविटी को मिलेगा नया आयाम

तरुणमित्र/ब्यूरो

नवी मुंबई। सिटी एंड इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन (सिडको) ने नवी मुंबई की यातायात व्यवस्था को सुधारने के लिए एक महत्वाकांक्षी परियोजना — खारघर-तुर्भे टनल लिंक रोड (KTLR) — की शुरुआत की है. करीब 2,099 करोड़ की लागत से बनने वाली इस सड़क का उद्देश्य उत्तर और दक्षिण नवी मुंबई के बीच कनेक्टिविटी को मजबूत करना और सायन-पनवेल महामार्ग पर भीड़भाड़ को कम करना है। इस परियोजना के तहत 5.49 किलोमीटर लंबी चार लेन की सड़क बनाई जा रही है, जो जुई नगर रेलवे स्टेशन के पास सायन-पनवेल महामार्ग से शुरू होकर खारघर के सेंट्रल पार्क तक जाएगी. इसका सबसे खास पहलू 1.76 किलोमीटर लंबी जुड़वां सुरंग (तुर्भे टनल) है, जो खारघर की पहाड़ियों के भीतर से निकलेगी. साथ ही, इसमें 3.4 किलोमीटर का एलिवेटेड वायाडक्ट भी शामिल है। यात्रा में होगा बड़ा अंतर यह सड़क यात्रा के समय को 40 मिनट से घटाकर सिर्फ 10 मिनट कर देगी, जिससे न केवल स्थानीय नागरिकों को राहत मिलेगी, बल्कि एटल सेतु और आगामी नवी मुंबई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे तक पहुंच भी आसान होगी।सिडको इस परियोजना को ट्रांजिट-ओरिएंटेड डेवलपमेंट से जोड़ रहा है. खारघर रेलवे स्टेशन के पास किफायती और समावेशी आवास योजना को भी इससे जोड़ा गया है, ताकि हर वर्ग के नागरिकों को फायदा मिल सके

और शहर का विकास संतुलित ढंग से हो. हालांकि,इस परियोजना पर कुछ पर्यावरणविदों ने आपत्ति जताई है. उनका कहना है कि खारघर की जैवविविधता से भरपूर पहाड़ियों के भीतर सुरंग बनाने से पहले समग्र पर्यावरणीय प्रभाव मूल्यांकन (EIA) की जरूरत है. इस क्षेत्र में कई दुर्लभ वनस्पति और जीव-जंतु पाए जाते हैं, जिन्हें खतरा हो सकता है. इन आरोपों के जवाब में सिडको ने स्पष्ट किया है कि परियोजना के लिए सभी जरूरी पर्यावरणीय मंजूरियां ली जा रही हैं और सभी नियमों का पालन किया जा रहा है. उन्होंने कहा कि विकास के साथ पर्यावरण का भी पूरा ख्याल रखा जाएगा. खारघर-तुर्भे टनल लिंक रोड परियोजना नवी मुंबई के भविष्य की दिशा तय करने वाली एक मील का पत्थर साबित हो सकती है. यह न केवल शहर को बेहतर ढंग से जोड़ेगी, बल्कि विकास और पर्यावरण संरक्षण के बीच संतुलन का आदर्श उदाहरण भी बनेगी।

ए. आर. रहमान के कॉन्सर्ट को लेकर नवी मुंबई में 3 मई को भारी वाहनों की आवाजाही पर रोक, ट्रैफिक पुलिस का निर्णय

तरुणमित्र/ब्यूरो

नवी मुंबई। नेरुल स्थित डॉ. डी. वाय. पाटिल स्टेडियम में शनिवार, 3 मई को होने वाले ए. आर. रहमान के लाइव कॉन्सर्ट के चलते नवी मुंबई ट्रैफिक पुलिस ने शहर में दोपहर 2 बजे से रात 12 बजे तक सभी प्रकार के भारी वाहनों की आवाजाही और पार्किंग पर प्रतिबंध लगा दिया है. यह फैसला तुर्भे ट्रैफिक डिवीजन के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक की रिपोर्ट के आधार पर लिया गया है, जिसमें कॉन्सर्ट के चलते भारी भीड़ और ट्रैफिक जाम की आशंका जताई गई थी। इस आदेश को ट्रैफिक विभाग के उपायुक्त तिरुपति काकड़े ने मोटर वाहन अधिनियम के तहत लागू किया है।

किन वाहनों को दी गई छूट

आवश्यक सेवाएं जैसे कि पुलिस, फायर ब्रिगेड, एंबुलेंस, सरकारी वाहन, कॉन्सर्ट आयोजकों द्वारा जारी पासधारी वाहन को इस प्रतिबंध से बाहर रखा गया है। प्रशासन ने परिवहनकर्ताओं और आम नागरिकों से सहयोग की अपील की है और अनुरोध किया है कि 3 मई को यात्रा की योजना बनाते समय इन प्रतिबंधों को ध्यान में रखें ताकि किसी को कोई असुविधा न हो।

स्वामी-स्व. कैलाशनाथ प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक स्वतंत्र कुमार द्वारा नवभारत प्रेस लिमिटेड, नवभारत भवन प्लाट नंबर-13 सेक्टर 8 सानपाडा (पूर्व) नवी मुंबई : 470709 से मुद्रित एवं पत्रकार सदन लोकमान्य नगर नं. 4 ठाणे- 400606 महाराष्ट्र से प्रकाशित। RNI No. MAHHIN/2008/27046 संपादक- स्वतंत्र कुमार सिटी कार्यालय- गाला नं. 61 दादोजी कोंडदेव स्टेडियम खारटन रोड, ठाणे(वेस्ट) महाराष्ट्र, मोबाः 09415287970, 7400223777, 9892789606, कार्यकारी संपादक - शेष नारायण त्रिपाठी ईमेल tarun.thana@gmail.com, www.tarunmitra.in * इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं उत्पन्न समस्त विवाद ठाणे न्यायालय के अधीन होंगे।